नई दिल्ली
सोमवार, 3 जून 2024
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी वर्ष : 28, अंक : 53
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 44
न्यून. 31

# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**दक्षिण-पश्चिम मानसून आगे बढ़ा**

### तमिलनाडु, कर्नाटक, रायलसीमा और आंध्र प्रदेश के हिस्से कवर



नई दिल्ली। मौसम विभाग ने रविवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अब मध्य अरब सागर, लक्षद्वीप, केरल, तमिलनाडु, ▸▸ शेष पेज 5 पर ▸▸ पढ़ें पेज 09 भी

प्रधानमंत्री ने लिखा आध्यात्मिक पुनर्जागरण के अग्रदूत स्वामी विवेकानंद मेरी प्रेरणा, मेरी ऊर्जा का स्रोत और मेरी साधना का आधार रहे हैं। पूरे देश की यात्रा करने के बाद स्वामी विवेकानंद ने इसी स्थान पर ध्यान किया था, जहां से उन्हें भारत के पुनरुद्धार के लिए एक नई दिशा मिली थी।

# कन्याकुमारी में साधना पूरी करने के बाद पीएम मोदी का संदेश कहा- 'मेरे जीवन का हर पल राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित होगा'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल में अपना 45 घंटे लंबा ध्यान समाप्त किया और तमिल संत कवि तिरुवल्लुवर को पुष्पांजलि अर्पित की। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने विजिटर बुक में एक मैसेज लिखा, 'मेरे जीवन का हर पल राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित होगा।' पीएम मोदी ने संदेश में लिखा, 'भारत के सबसे दक्षिणी छोर कन्याकुमारी में स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर जाकर मैं एक दिव्य और असाधारण ऊर्जा का अनुभव किया है। इस स्मारक पर देवी पार्वती और स्वामी विवेकानंद ने तपस्या की थी। बाद में एकनाथ रानाडे ने इस स्थान को स्मारक के रूप में स्थापित करके स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवंत किया।

**मेरी ऊर्जा का स्रोत और मेरी साधना का आधार**





प्रधानमंत्री ने लिखा, आध्यात्मिक पुनर्जागरण के अग्रदूत स्वामी विवेकानंद मेरी प्रेरणा, मेरी ऊर्जा का स्रोत और मेरी साधना का आधार रहे हैं। पूरे देश की यात्रा करने के बाद स्वामी विवेकानंद ने इसी स्थान पर ध्यान किया था, जहां से उन्हें भारत के पुनरुद्धार के लिए एक नई दिशा मिली थी। यह मेरा सौभाग्य है कि आज इतने वर्षों के बाद जब स्वामी विवेकानंद के मूल्य और आदर्श उनके सपनों के भारत को आकार दे रहे हैं, मुझे भी इस पवित्र स्थान पर साधना करने का अवसर मिला है।

### राष्ट्र की प्रगति और कल्याण की कामना

*उन्होंने कहा, शिला स्मारक पर यह साधना मेरे जीवन के सबसे अविश्वसनीय क्षणों में से एक है। मां भारती के चरणों में बैठकर, मैं आज एक बार फिर अपना संकल्प दोहराता हूं कि मेरे जीवन का हर पल और मेरे शरीर का हर कण हमेशा राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित रहेगा। राष्ट्र की प्रगति और उसके लोगों के कल्याण की प्रार्थना के साथ, मैं भारत माता को अनगिनत बार नमन करता हूं। ध्यान सत्र समाप्त करने के बाद सफेद वस्त्र पहने प्रधानमंत्री मोदी ने रॉक मेमोरियल के बगल में स्थित तिरुवल्लुवर की 133 फीट ऊंची प्रतिमा का दौरा किया और वहां अपनी श्रद्धांजलि के रूप में एक विशाल माला चढ़ाई। स्मारक में अपने प्रवास के दौरान, प्रधानमंत्री ने ध्यान किया और सूर्योदय के समय सूर्य अर्घ्य भी दिया, जो सूर्य देवता से जुड़ा एक अनुष्ठान है। विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान करते समय प्रधानमंत्री भगवा वस्त्र पहने हुए थे।*

Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### प्रज्वल की मां भी फरार तलाश में जुटी एसआईटी



**बेंगलुरू।** महिला अपहरण मामले में निलंबित जद(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना की तलाश की जा रही है। दरअसल, वह हासन जिले के होलेनरसीपुरा स्थित अपने आवास पर मौजूद नहीं थीं। इसी को देखते हुए कर्नाटक एसआईटी की टीम ने रविवार को भवानी की तलाश में पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की है।

### एक घंटे में 1800 श्रद्धालु करेंगे बाबा केदार के दर्शन



**देहरादून।** केदारनाथ यात्रा में जून में आस्था का सैलाब फिर से उमड़ने की उम्मीद है, जिसे देखते हुए बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने तैयारी कर ली है। भीड़ के हिसाब से धाम में समिति द्वारा एक घंटे में 1800 से अधिक श्रद्धालुओं को दर्शन कराए जाएंगे। बाबा केदार के भक्त अपने अराध्य के शृंगार दर्शन रात्रि 12 बजे तक कर सकेंगे।

### विश्व के ऊंचे मतदान केंद्र पर पहुंचे जसप्रीत



**देहरादून।** आम तौर पर आपने देखा होगा कि किसी विशेष मुहिम के लिए किसी चर्चित चेहरे को आइकन बना दिया जाता है। उसके बाद यह कभी नहीं देखा जाता कि उस चर्चित चेहरे ने बतौर आइकन क्या किया, लेकिन मंडी जिले के जाने-माने साइकिलिस्ट जसप्रीत पॉल ने यह साबित करके दिखा दिया कि आइकन का असली मतलब क्या होता है।

**अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनाव के परिणाम आए**

### लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले भाजपा ने किया जीत के साथ श्रीगणेश

# अरुणाचल में भाजपा 'अचल'...सिक्किम में एसकेएम ने विपक्ष के लिए एक सीट ही छोड़ी

अरुणाचल में भाजपा ने कुल 60 में से 46 सीटें जीतीं

सिक्किम में एसकेएम ने 32 में से 31 सीटें जीती

### अरुणाचल में फिर लहराया भगवा, दो तिहाई से ज्यादा सीटों पर भाजपा का कब्जा, पीएम मोदी ने दी बधाई

सिक्किम में सीएम प्रेम सिंह तमांग का जलवा बरकरार

ये एसकेएम की अब तक की सबसे प्रचंड जीत





एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में नतीजों से पहले भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव से जीत का श्रीगणेश कर दिया। भाजपा ने 60 सीटों में से 46 सीटें जीत ली हैं। यहां 10 सीटों पर भाजपा से प्रत्याशी पहले ही निर्विरोध जीत चुके हैं। वहीं सिक्किम में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) एकतरफा जीत दर्ज कर इतिहास रचने जा रहा है।



सिक्किम की कुल 32 सीटों में से 31 सीटों पर एसकेएम के उम्मीदवार जीत गए। एक सीट ही एसडीएफ को मिली है। सीएम पेमा खांडू ने कहा कि यह अरुणाचल प्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन है, खासकर भाजपा के लिए। पार्टी ने ▸▸ शेष पेज 5 पर

### पीएम ने अरुणाचल में कार्यकर्ताओं की मेहनत को सराहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं चुनाव अभियान के दौरान भाजपा अरुणाचल प्रदेश के असाधारण कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की सराहना करना चाहूंगा। जिस तरह से उन्होंने पूरे राज्य में जाकर लोगों से संपर्क साधा, वह सराहनीय है।

**तमांग ने भाजपा से तोड़ा था गठबंधन**

प्रेम सिंह तमांग ने भाजपा के साथ गठबंधन भी किया था लेकिन इस वर्ष चुनाव से पहले उन्होंने भाजपा के साथ गठबंधन तोड़ने का फैसला लिया। इसके बाद भाजपा ने भी अकेले चुनाव लड़ा और उसे किसी भी सीट पर जीत हासिल नहीं हुई। 2019 के विधानसभा चुनाव में भी सिक्किम में भाजपा को एक भी सीट हासिल नहीं हुई थी लेकिन बाद में एसडीएफ के आठ विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके बाद भाजपा के विधायकों की संख्या 8 हो गई थी। भाजपा सिक्किम सरकार में भी थी।



### तमांग रिकॉर्ड जीत के साथ दूसरी बार बनने जा रहे सिक्किम के सीएम

*सिक्किम में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) की सरकार बन रही है। ये एसकेएम की अब तक की सबसे प्रचंड जीत है। प्रेम सिंह तमांग सिक्किम के वर्तमान मुख्यमंत्री हैं। वह 2019 में राज्य के छठे मुख्यमंत्री* ▸▸ शेष पेज 5 पर

### पेमा खांडू का सीएम पद से इस्तीफा, नई सरकार के लिए जल्द ठोकेंगे दावा

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राजभवन, इटानगर में अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केटी परनायक (सेवानिवृत्त) से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंप दिया। राज्यपाल ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है सीएम पेमा खांडू जल्द नई सरकार के लिए ▸▸ शेष पेज 5 पर

**21 दिन की अंतरिम जमानत खत्म, किया सरेंडर**

## केजरीवाल फिर पहुंचे तिहाड़, जाने से पहले बोले-नहीं पता अब कब आऊंगा?

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



दिल्ली के सीएम और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल रविवार को तिहाड़ जेल में पहुंच गए। उनको 2 जून को शीर्ष कोर्ट के आदेश पर सरेंडर करना था। इससे पहले सीएम केजरीवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मुझे चुनाव प्रचार के लिए 21 दिनों की जमानत दी है। मैं इसके लिए सुप्रीम कोर्ट का ▸▸ शेष पेज 5 पर

- मेरे शरीर का एक एक कतरा देश के लिए

### मान लीजिए कि मैं एक अनुभवी चोर

*मैं फिर जेल जा रहा हूं, इसलिए नहीं कि मैंने कोई घोटाला किया है बल्कि इसलिए कि मैंने तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाई है। पीएम मोदी ने देश के सामने यह स्वीकार किया है कि उनके* ▸▸ शेष पेज 5 पर

**चुनाव आयुक्त से मिला भाजपा प्रतिनिधिमंडल**



## परिणामों की घोषणा के दौरान चुनावी प्रक्रिया की 'सुरक्षा' सुनिश्चित हो

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों से रविवार को मुलाकात की। इस दौरान उनकी ओर से 4 प्रमुख मांगें उठाई गईं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पत्रकारों से बातचीत में इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों से मुलाकात की और 4 अहम कदम उठाने की मांगें उठाई।

पहला यह कि हमने चुनाव आयोग से अपील की है कि मतगणना प्रक्रिया में लगे प्रत्येक अधिकारी निर्धारित प्रक्रिया की छोटी से छोटी जानकारी से पूरी तरह परिचित हों। साथ ही सभी ईसी प्रोटोकॉल के साथ लगन से लगे रहें। पीयूष गोयल ने बताया, 'हमारी दूसरी मांग यह थी कि मतगणना और परिणामों की घोषणा के दौरान चुनावी प्रक्रिया की ▸▸ शेष पेज 5 पर

### पहले गिनती पोस्टल बैलेट की फिर हो ईवीएम की गिनती

नई दिल्ली (ब्यूरो)। इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग द्वारा पोस्टल बैलेट के वोटों की गिनती के नियम बदलने पर कड़ी आपत्ति जताई है। इसे लेकर इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को चुनाव आयोग से मिला। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस से डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी, सलमान खुर्शीद, नासिर हुसैन, विनीत पुनिया, डीएमके नेता टी आर बालू, समाजवादी पार्टी नेता रामगोपाल यादव, सीपीआई (एम) नेता सीताराम येचुरी, सीपीआई नेता डी राजा, आरजेडी नेता संजय यादव, एनसीपी (एससीपी) नेता राजीव झा, सीपीआई (एमएल) नेता राजीव डिमरी, आप नेता पंकज गुप्ता शामिल थे। बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए डॉ. सिंघवी ने कहा कि पोस्टल बैलेट चुनाव के मामले में निर्णायक साबित होते हैं। ये प्रक्रिया चुनाव के परिणाम को पूरी तरह से बदल सकती है। नियम के अनुसार पोस्टल बैलेट की गिनती पहले की जाती है, ▸▸ शेष पेज 5 पर

**चुनाव खत्म होते ही बंगाल में हिंसा शुरू**

## भाजपा नेता की अज्ञात लोगों ने की हत्या, नजदीक से मारी गोली

एजेंसी ▸▸ कोलकाता



मतदान खत्म होते ही बंगाल के विभिन्न स्थानों पर हिंसा शुरू हो गई है। राज्य के नदिया जिले के देवग्राम इलाके में शनिवार रात एक भाजपा कार्यकर्ता की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी गई। मृतक का नाम हाफिजुल शेख है। वे चांदपुर ग्राम के रहने वाले थे। शनिवार रात हाफिजुल चाय की दुकान पर बैठे थे। उसी समय मोटरसाइकिलों पर सवार होकर कुछ लोग वहां पहुंचे और हाफिजुल पर काफी नजदीक से गोलियां चलाईं। मौत निश्चित करने के लिए चाकू से भी वार किया और उसके ▸▸ शेष पेज 5 पर

- भाजपा नेता के घर के सामने रात को हुई बमबाजी

## पंजाब में दो मालगाड़ियां आपस में टकराईं



**इंजन उछलकर पैसेंजर ट्रेन में घुसा**

*चंडीगढ़। पंजाब में रविवार सुबह बड़ा रेल हादसा हो गया। फतेहगढ़ साहिब में सरहिंद के माधोपुर के पास सुबह दो मालगाड़ी आपस में टकरा गईं। इसके बाद मालगाड़ी का इंजन खुलकर दूसरी से टकराया और पलटकर अंबाला से जम्मू तवी की तरफ जा रही पैसेंजर ट्रेन समर स्पेशल में फंस गया। हादसे में मालगाड़ी की बोगियां एक-दूसरे पर चढ़ गईं। हादसे से ट्रेन में सवार सैकड़ों* ▸▸ शेष पेज 5 पर

**सिगरेट, गुटखा और तंबाकू के भंडारण, बिक्री पर प्रतिबंध**

## श्री माता वैष्णो देवी के कटरा आधार शिविर यात्रा मार्ग सहित पूरा क्षेत्र अब तंबाकू मुक्त

एजेंसी ▸▸ जम्मू

जम्मू प्रशासन ने कटरा में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री, उन्हें रखने तथा उनके सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया है। कटरा में माता वैष्णो देवी का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है। रियासी के जिलाधिकारी विशेष महाजन ने बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य उस धार्मिक स्थान की पवित्रता बनाए रखना है, जहां हर साल लाखों तीर्थयात्री आते हैं। जम्मू प्रशासन ने कटरा और आसपास के इलाकों में मांस और शराब की बिक्री करने, उन्हें रखने और उनका सेवन करने पर पहले ही प्रतिबंध लगा रखा है।

*जम्मू प्रशासन ने कटरा और आसपास के इलाकों में मांस और शराब की बिक्री करने, उन्हें रखने और उनका सेवन करने पर पहले ही प्रतिबंध लगा रखा है*

**कटरा में रोजना आते हैं करीब 40 हजार तीर्थयात्री**



कटरा में प्रतिदिन लगभग 30,000 से 40,000 तीर्थयात्री आते हैं। नवरात्र के समय तो यह संख्या लाखों में पहुंच जाती है। डीएम महाजन ने बताया कि धारा 144 के तहत हमने नुमाई और पंथाल चेक पोस्ट से लेकर तारा कोर्ट से होते हुए भवन तक के क्षेत्र में सिगरेट, गुटखा और अन्य प्रकार के तंबाकू के भंडारण, बिक्री और उनका सेवन करने ▸▸ शेष पेज 5 पर

**सांसदों को पंजीकरण कराने के लिए मिलेगी डिजिटल डेस्क**

## 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसदों के स्वागत को तैयार संसद

ओ.पी. पाल ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले ही लोकसभा सचिवालय ने नवनिर्वाचित सांसदों के स्वागत और उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में हर संभव सुविधाएं देने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली थी। सांसदों के स्वागत और उनके निर्बाध पंजीकरण, अस्थायी आवासीय, चिकित्सा व्यवस्थाओं के अलावा उनके लिए एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर गाइड पोस्ट स्थापित की गई हैं।

लोकसभा सचिवालय के प्रवक्ता के अनुसार अठारहवीं लोकसभा के लिए नवनिर्वाचित सांसदों के पंजीकरण के साथ उन्हें सभी संभव सहायता और सुविधाएं देने के लिए तैयार किये गये आउटरीच प्लान के तहत संसदीय क्षेत्रों के अनुसार नियुक्त किये गये नोडल अधिकारी संसद भवन पहुंचने ▸▸ शेष पेज 5 पर



### चुनाव नतीजों पर नजर रखेगी एक टीम

चुनाव परिणामों की घोषणा के दिन चुनाव आयोग की वेबसाइट पर नजर रखने और सफल उम्मीदवारों के संपर्क विवरण तुरंत दर्ज करने के लिए एक टीम गठित की गई है ताकि यह पता लगाया जा सके कि निर्वाचित उम्मीदवार नया सांसद है या फिर पुनःनिर्वाचित सांसद है। इसी आधार पर संपर्क अधिकाकारी विशेष रुप से नवनिर्वाचित सदस्यों से शीघ्र संपर्क करंगे, ताकि उन्हें आवश्यक दस्तावेजों लाने के बारे में जानकारी उपलब्ध करा सके।

### इस तरह होगी अस्थाई आवास की व्यवस्था

लोकसभा चुनाव में 18वीं लोकसभा के लिए ऐसे नवनिर्वाचित सदस्यों जिनके पास दिल्ली या नई दिल्ली में पहले से सरकारी आवास नहीं है, को वेस्टर्न कोर्ट एनेक्सी, हॉस्टल या विभिन्न राजयों भवनों और अतिथि गृहों में तब तक अस्थायी आवास आवंटित किया जाएगा, जब तक उन्हें लोक सभा की आवासीय समिति द्वारा नियमित आवास प्रदान नहीं किया जाता। इस बार सदस्यों को अस्थायी आवास के आवंटन के लिए सॉफ्टवेयर आधारित कम्प्यूटरीकृत ▸▸ शेष पेज 5 पर

### एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशनों पर गाइड पोस्ट

लोकसभा सचिवालय के अनुसार 4 जून से 9 जून 2024 तक देशभर से अपने अपने निर्वाचन क्षेत्रों से नई दिल्ली आने वाले नव-निर्वाचित सांसदों के स्वागत के लिए जहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर व्यवस्था की गई है। वहीं नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन और आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर भी स्वागत केंद्र के रूप में 'गाइड पोस्ट' स्थापित किये गये हैं, जहां लोकसभा सचिवालय के अधिकारियों व ▸▸ शेष पेज 5 पर

# मुंगेशपुर में 52.3 डिग्री सेल्सियस तापमान पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

## वनों की कटाई के प्रति वर्तमान पीढ़ी का रुख उदासीन बना रहा, तो राष्ट्रीय राजधानी एक बंजर रेगिस्तान बन जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में हाल ही में तापमान बढ़कर 52.3 डिग्री सेल्सियस हो जाने पर संज्ञान लेते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि यदि वनों की कटाई के प्रति वर्तमान पीढ़ी रुख उदासीन बना रहा, तो राष्ट्रीय राजधानी एक बंजर रेगिस्तान बन जाएगी।

दिल्ली के मुंगेशपुर क्षेत्र में बुधवार को अधिकतम तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शहर में अब तक का सबसे अधिक तापमान है। न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने कहा कि इस तथ्य पर न्यायिक संज्ञान लिया गया है कि हाल ही में 30 मई को दिल्ली में आधिकारिक तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगर वर्तमान पीढ़ी वनों की कटाई के प्रति उदासीन दृष्टिकोण अपनाती रही, तो वह दिन दूर नहीं, जब यह शहर केवल एक बंजर रेगिस्तान बनकर रह जाएगा।





### आंतरिक विभागीय समिति बनाई थी

हाईकोर्ट ने इससे पहले अपने पूर्व न्यायाधीश नजमी वजीरी को दिल्ली में वनों के संरक्षण से संबंधित शहर के अधिकारियों की एक आंतरिक विभागीय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया था। हाईकोर्ट को सूचित किया गया कि वजीरी बुनियादी ढांचे की कमी के कारण अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हैं। अदालत ने कहा कि यह अदालत ऐसी स्थिति को बर्दाश्त नहीं कर सकती, जहां अध्यक्ष (न्यायमूर्ति वजीरी) कार्यालय स्थान या लिपिकीय और सहायक कर्मचारियों या यहां तक कि परिवहन साधनों की कमी के कारण जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में असमर्थ हों। उन्होंने कहा कि हालांकि, विभाग (वन एवं वन्यजीव) को अलग-अलग क्षमता में कर्मचारी उपलब्ध कराने का निर्देश देने के बजाय, विभाग को मामले को पूरी गंभीरता से आगे बढ़ाने का निर्देश देना उचित समझा गया है कि किसी भी स्थिति में मंजूरी में 15 जून से अधिक देरी नहीं की जाए। अधिवक्ता आर. अरुणाद्रि अय्यर के माध्यम से दायर समिति के अध्यक्ष की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली सरकार को बुनियादी ढांचे, लिपिकीय कर्मियों, सहायक कर्मियों और परिवहन की आवश्यकता के बारे में सूचित किया गया था, जो अध्यक्ष के अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए आवश्यक होगा। हाईकोर्ट ने कहा कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन दिए जाने के बाद, बुनियादी ढांचे का विकास अगले 15 दिनों के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। अदालत ने निर्देश दिया कि सुनवाई की अगली तारीख 29 जुलाई पहले ही तय हो चुकी है, इसलिए उम्मीद है कि अध्यक्ष और समिति की जरूरत की सभी चीजें और आवश्यकताएं उससे पहले ही पूरी तरह से काम करने की स्थिति में होंगी।

---

वाहनों के मालिकों का पता लगा स्टंटबाजों की पहचान का प्रयास कर रही पुलिस

# सीपी में बाइकर्स ने स्टंट कर मचाया हुडदंग, सात बाइक-स्कूटी की जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कनॉट प्लेस इलाके में शनिवार रात कुछ बाइकर्स द्वारा स्टंटबाजी करने की घटना सामने आई है। देर रात हुई इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आई और कई युवकों को रोक लिया गया। इस बीच कई युवक अपनी बाइक और स्कूटी छोड़कर वहां से भाग निकले। पुलिस ने घटना को लेकर मुकदमा दर्ज कर पांच बाइक और दो स्कूटी जब्त की है।

पुलिस वाहनों के मालिकों का पता लगा स्टंटबाजों की पहचान का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार इनके खिलाफ मुकदमा एक हेड कांस्टेबल के बयान पर दर्ज हुआ है। उसने कहा कि वह कनॉट प्लेस थाने में तैनात है। देर रात बाइक पेट्रोलिंग ड्यूटी पर था। करीब ढाई बजे सूचना मिली कि कुछ बाइकर्स बीकेएस मार्ग पर हंगामा व शोर शराबा कर रहे हैं। यह पता चलते ही वह अन्य स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और वाहन चालकों का पीछा कर उन्हें रोका। इन सभी से वाहन संबंधी कागजात मांगे गए जिन्हें वे दिखा नहीं सके। इसी पूछताछ के बीच सभी लड़के मौका देख वहां से भाग निकले। जिसके बाद पुलिस ने उनकी बाइक स्कूटी डीपी एक्ट के तहत थाने में जब्त कर ली। बाद में सीसीटीवी कैमरे की जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि ये स्टंट कर हुडदंग मचा रहे थे। जिस कारण अन्य वाहन चालकों की जान को भी खतरा पैदा हो सकता था। अगर उन्हें समय रहते रोका नहीं जाता तो कोई हादसा भी हो सकता था। बहरहाल पुलिस ने घटना को लेकर रविवार को कनॉ प्लेस थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## यातायात पुलिस ने इस साल 101 नाबालिग ड्राइवर पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नाबालिग उम्र में वाहन चलाना कानून में मान्य नहीं है। कई बार नाबालिग ड्राइवर कई बड़े हादसों का कारण बनते हैं। ऐसे में यातायात पुलिस नाबालिग ड्राइवरों के खिलाफ अभियान चला रही है। इस साल एक जनवरी से 15 मई तक दिल्ली में 101 नाबालिग ड्राइवर पकड़े गए हैं। पिछले साल इसी समयावधि में महज 15 नाबालिग ही पकड़े गये थे। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक इस वर्ष राजधानी में नाबालिगों द्वारा ड्राइविंग की घटनाओं में काफी बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। नाबालिग वाहन न चलाएं इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस की ओर से सड़कों पर निगरानी बढ़ायी गई है। प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती के साथ पैट्रोलिंग की जा रही है। नाबालिगों की ड्राइविंग पर कार्रवाई सड़क सुरक्षा बढ़ाने और युवा और अनुभवहीन ड्राइवरों से होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने की एक व्यापक पहल का हिस्सा है। ट्रैफिक पुलिस स्कूलों और बाजारों में पहुंचकर जागरूकता अभियान चला रही है, जहां शिक्षक, नाबालिगों के माता पिता को बताया जा रहा है कि वे अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति ना दें। वाहन की चॉबी उनसे छिपाकर रखें।

### चालानों की संख्या में 573 फीसदी की बढ़ोतरी

पिछले साल के मुकाबले नाबालिगों के खिलाफ होने वाले चालान की संख्या में 573 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। ट्रैफिक पुलिस ने सभी नाबालिगों के माता पिता से आग्रह किया है कि वे अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं और नाबालिगों को वाहन चलाने से रोकें। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि अगर वे कहीं किसी नाबालिग को ड्राइविंग करते देखें तो मामले की जानकारी लोकल थाने या ट्रैफिक पुलिस को दें।

---

# मैदानगढ़ीः शख्स की घर के अंदर मिली सड़ी गली

## मल्टी नेशनल कंपनी में था कार्यरत, पीएम रिपोर्ट से होगी मौत की वजह साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




दक्षिण दिल्ली के मैदानगढ़ी इलाके में एक शख्स की घर के अंदर सड़ी गली हालत में लाश मिली। मृतक की पहचान रतन (42) के तौर पर हुई है। वह मूलरुप से महाराष्ट्र का रहने वाला था। शनिवार रात पुलिस को मामले की सूचना मिली, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेजा गया। किन परिस्थितियों में और कैसे मौत हुई इसका खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगा। पुलिस के मुताबिक शनिवार रात करीब नौ बजे कॉलर ने बताया कि उनका किराएदार फोन नहीं उठा रहा है। उसके बंद कमरे के अंदर से दुर्गंध भी आ रही है। यह पता चलते ही पुलिस ओल्ड पोस्ट ऑफिस, छतरपुर एंक्लेव फेस 1 पहुंची। पुलिस दरवाजा खोल अंदर गई, जहां किरायेदार रतन की लाश सड़ी गली हालत में बिस्तर पर पड़ी थी। मृतक एक साल से ज्यादा समय से इस घर में किराए पर रह रहा था। वह एक मल्टी नेशनल कंपनी में जॉब करता था। घटनास्थल पर क्राइम टीम को बुलाकर जांच करवायी गई और फिर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एम्स भेजा गया। शुरुआती छानबीन में पुलिस को जानकारी मिली कि मृतक को दिल से जुड़ी समस्याएं भी थी। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

# प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर दो बार फायरिंग

## मोहन गार्डन : पुलिस ने शूटआउट के बाद पकड़े बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

द्वारका जिले के मोहन गार्डन इलाके में दो दिन तक लगातार एक ही प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस के बाहर फायरिंग करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ के बाद हत्थे चढ़े हैं। रंगदारी की मंशा से बदमाशों ने फायरिंग करने के बाद पर्ची भी फेंकी थी। मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल भी हुआ। इनके नाम रोहतक निवासी वीरपाल और अंकित बताये गये हैं। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार 31



मई की शाम करीब चार बजे मोहन गार्डन थाने को फायरिंग के संबंध कॉल मिली थी। पुलिस जैन रोड, मोहन गार्डन टॉनी प्रॉपर्टीज के ऑफिस पर पहुंची। पता चला कि यहां बाइक सवार दो युवक आए और फायरिंग कर चले गए। घटना को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया था। अगले ही दिन यानि एक जून को फिर ऑफिस पर फायरिंग की गई। इस बार रंगदारी की पर्ची भी फेंकी गई। पुलिस टीम ऑफिस के आसपास पहले से तैनात थी। बदमाशों का पीछा किया गया। पीछे पुलिस को आता देख बदमाशों द्वारा टीम की तरफ फायरिंग की गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई जिससे वीरपाल घायल हो गया। उसे मौके पर ही दबोचा गया। बाद में उसके दूसरे साथी अंकित को कुछ दूर पीछा करने के बाद पकड़ा।

---

## बुझी प्यास...



दिल्ली देहात के सिंघोला गांव मोड़ के पास आवारा गायों को पानी पिलाते लोग। फोटो : हरिभूमि

---

# आप कार्यालय के बाहर रखे जेनरेटर में लगी आग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यालय के बाहर रखे जनरेटर में रविवार को आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के मुताबिक, शाम को 4:31 बजे जनरेटर में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। यह घटना दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण करने के तुरंत बाद हुई।



केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में 10 मई को अंतरिम जमानत दी थी। यह अवधि एक जून को समाप्त हो गई। पुलिस के अनुसार, कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के मकसद से आप कार्यालय के बाहर पानी की बौछारें छोड़ने के लिए तैनात वाहन ने आग लगने के तुरंत बाद पानी की बौछार शुरू कर दी।

### नोएडाः बंद पड़े फैक्ट्री परिसर में आग लगने से 35 कारें राख

नोएडा। गौतमबुद्धनगर जिले के सेक्टर आठ में एक बंद पड़े फैक्ट्री परिसर में रविवार को भीषण आग लगने से 35 कारें राख बन गईं। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर आठ में बंद पड़े एक परिसर में आग लगने से वहां खड़ी स्कोडा कंपनी की स्क्रैप की गई पुरानी कारें राख में बन गईं। उन्होंने बताया कि दमकल की छह गाड़ियों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। चौबे ने बताया कि करीब 35 कारें जल गई हैं, लेकिन कोई जन हानि नहीं हुई है।

---

# मानसून पूर्व खतरनाक संपत्तियों का किया जाए सर्वेक्षण : भाजपा

## निगमायुक्त का पत्र लिख की मांग

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने एक पत्र में दिल्ली नगर निगम के आयुक्त का ध्यान नगर निगम के सिटी सदर, सिविल लाइंस, करोल बाग, नरेला और शाहदरा उत्तर जोनों के संबंधित जोनल अधिकारियों के द्वारा कमजोर खतरनाक भवनों का वार्षिक मानसून पूर्व सर्वेक्षण कार्य शुरू ना करने की ओर आकृष्ट किया है, जो मॉनसून की शुरुआत के साथ ही गंभीर घातक दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है।

प्रवक्ता कपूर ने निगमायुक्त से एक पत्र में कहा है कि इस साल हमारे सामने अत्यधिक गर्मी का मौसम है और इसके परिणामस्वरूप संरचनात्मक कमजोर संपत्तियों में दरारें तेजी से उत्पन्न हो रही हैं और मॉनसून की शुरुआत के साथ ऐसी इमारतें मौसम की विवादितताओं का सामना नहीं कर पाएंगी। उन्होंने कहा कि हर साल हम देखते हैं कि मॉनसून के दौरान अनेक संरचनात्मक कमजोर इमारतें गिर जाती हैं, जिनमें अक्सर मानव जीवन पर भी घातक प्रभाव पड़ता है। पत्र में निगमायुक्त से मांग की है कि वह खतरनाक इमारतों का सर्वेक्षण करने के लिए सभी जोनों के साथ उन ज़ोनल उप आयुक्तों को विशेष रूप कहें जिनके क्षेत्र में कमजोर इमारतों की अधिक संख्या है। खतरनाक भवनों के मालिकों को भवन खाली करने, मरम्मत और पुनर्विकास की चेतावनी जारी की जाये।

---

मां की बीमारी के बहाने जमानत लेकर हो गया था फरार

# शादी का झांसा देकर तलाकशुदा महिला से हड़पे थे छह लाख रुपये, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रेप और चीटिंग केस के आरोपी को पुलिस ने एक बार फिर गिरफ्तार किया है। राहुल भारद्वाज नामक आरोपी को केस में 10 साल की सजा हो चुकी है। 2022 के नवंबर माह में जमानत पर बाहर आकर वह फरार हो गया था। डीसीपी क्राइम ब्रांच राकेश पावरिया के अनुसार 8 मई 2017 को नेबसराय थाने में रेप और चीटिंग का केस दर्ज हुआ था।

शिकायतकर्ता महिला ने आरोप लगाया था कि वह सरकारी कर्मचारी और तलाकशुदा महिला है। उसने दूसरी शादी करने के लिए जीवन साथी डॉट कॉम पर अपना प्रोफाइल डाला था। यही पर वह राहुल के संपर्क में आई। उसने खुद को इंडियन रेलवे का कर्मचारी बताया। वह सोशल मीडिया के जरिए एक दूसरे के नजदीक



आ गए। शादी का वादा कर दोनों के बीच संबंध भी बनें। राहुल ने उसे रेलवे में ही जॉब का ऑफर देकर उससे छह लाख रुपए ले लिये थे। मामले में पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया था। 31 अगस्त 2020 को इसे मामले में 10 साल की सजा सुनायी गई। कुछ महीने बाद ही वह मां की बीमारी के बहाने जमानत लेकर जेल से बाहर आया और फिर सरेंडर नहीं किया।

### नोएडा में छिपा हुआ था

हाल ही में इसके बारे में क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि वह बिसरख, नोएडा में छिपा है। इसके बाद पुलिस ने पैरामाउंड सोसायटी में दबिश डाल एक फ्लैट से उसे पकड़ लिया। राहुल भारद्वाज ने पूछताछ में बताया कि वह आगरा का रहने वाला है। नोएडा की एक बीपीओ कंपनी में जॉब करता था। कम समय में ज्यादा रुपए कमाने की चाहत में उसके दिमाग में तलाकशुदा महिला को प्यार के जाल में फंसाकर रकम ऐंठने का आइडिया आया था। फरारी के दौरान इसने उतराखंड में कॉल सेंटर में नौकरी भी की थी। छह महीने पहले ही वह नोएडा लौटा था।

---

# तीन राज्यों के लिए सिरदर्द बना बदमाश दिल्ली से धरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/देहरादून

उत्तराखंड विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने तीन राज्यों की पुलिस के लिए सिरदर्द बने 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आयुष अग्रवाल ने यहां रविवार को बताया कि उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली में तीन दर्जन से अधिक चोरी, लूट और हत्या के प्रयास की घटनाओं में शामिल सगीर को शनिवार को दिल्ली के बाबूनगर, मुस्तफाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के टांडा क्षेत्र के इस हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने के लिए पिछले एक सप्ताह से



एसटीएफ की टीम दिल्ली में डेरा डाले हुई थी। अग्रवाल ने बताया कि कुल 38 घटनाओं में शामिल सगीर की गिरफ्तारी के लिए पिछले एक साल से तीनों राज्यों की पुलिस जगह-जगह छापेमारी कर रही थी। अपराधी की गिरफ्तारी के लिए उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले और उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले की पुलिस ने उस पर 25-25 हजार रुपये के इनाम की घोषणा भी की थी। उन्होंने बताया कि सगीर के खिलाफ उत्तराखंड में एक, उत्तर प्रदेश में 30 एवं दिल्ली में सात मामले दर्ज हैं।

## खबर संक्षेप

### संत निरंकारी मिशन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

नई दिल्ली। संत निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में करीब 132 श्रद्धालुओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का आयोजन मिशन की प्रमुख सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं राज पिता रमित के पावन आशीर्वाद में हुआ। अर्जुन नगर में आयोजित शिविर का उद्घाटन संत निरंकारी मंडल के चेयरमैन सुखदेव सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक एस के बग्गा, निगम पार्षद संदीप कपूर और मीनाक्षी शर्मा, पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी, आशा गुजराल व स्थानीय मुखी महेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद थे। इस बारे में मिशन ने बताया कि शिविर में पहुंचे गणमान्य लोगों ने मिशन द्वारा आयोजित कैंप में रक्तदान करने वाले लोगों का हौसला बढ़ाया और सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक एस के बग्गा ने कहा कि मिशन अपनी स्थापना से लेकर आज तक जनहित में जुटा हुआ है। आपातकाल से लेकर किसी भी प्रकार की त्रासदी का समय रहा हो, मिशन ने रक्तदान से लेकर अन्नदान तक अपनी अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मिशन के एक एक सदस्य में अनुशासन, समर्पण, सेवा कूट कूटकर भरा है।

### छात्रों से अंडरटेकिंग फॉर्म भरवाकर दिया जाए दाखिला : फोरम

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए अपनी अंडरग्रेजुएट (यूजी) एडमिशन पॉलिसी लॉन्च कर दी है और इसे लेकर फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस ने डीयू कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह को पत्र लिखकर एससी/एसटी व ओबीसी छात्रों के जाति प्रमाण पत्र न होने पर उससे अंडरटेकिंग लेकर प्रोविजनल दाखिला दिए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया है कि अन्य विश्वविद्यालयों में अंडरटेकिंग के माध्यम से प्रोविजनल दाखिला दिया जाता है। फोरम के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने डीयू कुलपति से मांग की है कि जिनके पास ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) जाति प्रमाण पत्र 31 मार्च 2024 के बाद का नहीं है, उन छात्रों से अंडरटेकिंग लेकर प्रोविजनल दाखिला दे दिया जाए। उन्होंने बताया है कि जिन छात्रों के पास सीयूईटी फॉर्म भरने से पूर्व पुराना जाति प्रमाण पत्र था, अभी उन्होंने अपना जाति प्रमाण पत्र नवीनीकरण कराने के लिए दिया है। सरकारी ऑफिस समय पर जाति प्रमाण पत्र बनाकर नहीं दे पाता है। इसलिए दाखिले के समय उन छात्रों को जाति प्रमाण पत्र के न होने पर रोका न जाए बल्कि उन छात्रों से अंडरटेकिंग फॉर्म भरवाकर एडमिशन दे दिया जाए ताकि उसका साल खराब न होने पाए।

### मां-बाप का आशीर्वाद लेकर घर से निकले सीएम, राजघाट जाकर गांधी जी की समाधि पर पुष्प किए अर्पित

# तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाई इसलिए जा रहा हूं जेल : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मैं जेल वापस जा रहा हूं, इसलिए नहीं कि मैं भ्रष्टाचार में शामिल था, बल्कि इसलिए कि मैंने तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाई। यह बात रविवार को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण करने से पहले अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कही। सीएम केजरीवाल ने 21 दिन की मिली अंतरिम जमानत खत्म होते हुए ही रविवार को खुद को सरेंडर कर दिया। रविवार को वो दोपहर तीन बजे अपने मां-बाप का आशीर्वाद लेकर और बच्चों को गले लगाकर घर से राजघाट जाकर महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किए, फिर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर पार्टी मुख्यालय पहुंचे। केजरीवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे नहीं पता कि अब मैं कब वापस आऊंगा और ये जेल में मेरे साथ क्या करेंगे, लेकिन मेरे शरीर का एक-एक कतरा देश के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि मुझे बिना सबूत के ही जेल में डाल दिया गया। यही तानाशाही है और मैं इसी के खिलाफ लड़ रहा हूं। आप सब अपना ख्याल रखना। जेल में मुझे आपकी चिंता रहेगी। आप खुश रहेंगे तो आपका केजरीवाल भी खुश रहेगा।

पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद केजरीवाल सीधे तिहाड़ जेल के लिए रवाना हो गए। इस दौरान आप के सांसद, मंत्री, विधायक समेत वरिष्ठ नेता भी उनके साथ रहे। इसमें प्रमुख रूप से डॉ. संदीप पाठक, सांसद संजय सिंह, राघव चड्ढा, दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष रामनिवास गोयल, एनडी गुप्ता, पंकज गुप्ता, कैबिनेट मंत्री आतिशी, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, इमरान हुसैन, विधायक राखी बिड़ला व दुर्गेश पाठक के अलावा, पंजाब सरकार में मंत्री अमन अरोड़ा, डॉ. बलबीर सिंह, कुलतार सिंह संधवां, हरजोत बैंस, हरपाल सिंह चीमा समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

अरविंद केजरीवाल ने पार्टी मुख्यालय में अपने सांसदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मुझे 21 दिन की मोहलत दी थी। मैं तहे दिल से सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने चुनाव प्रचार करने के लिए मुझे ये मोहलत दी। ये 21 दिन मेरे लिए बहुत अविस्मरणीय हैं। मैंने एक भी मिनट खराब नहीं किया। रात-दिन 24 घंटे देश को बचाने के लिए प्रचार किया। केवल आम आदमी पार्टी के लिए ही नहीं, बल्कि इंडिया गठबंधन की सारी पार्टियों के लिए प्रचार किया।

केजरीवाल ने इंडिया गठबंधन की सारी पार्टियों को कहा कि अपने-अपने काउंटिंग एजेंट को बोल दीजिए कि पूरी तरह से सतर्क रहें। अगर हम हार भी रहे हैं तब भी आखिरी तक उठ कर न आएं। कई बार ऐसा होता है कि पहले, दूसरे, तीसरे राउंड में हार गए तो उठ कर चले जाते हैं। उठ कर नहीं जाना है। सबसे आखिर में रैंडम बूथों के ईवीएम मशीनों की पर्चियां पड़ती हैं, फिर उनमें से 5 फीसद पर्चियां उठाई जाती हैं।

जिसके बाद उन 5 फीसद पर्चियों की मैचिंग वीवीपैट से कराई जाती है। वीवीपैट स्लिप की गिनती होगी है और उसे ईवीएम मशीन से मिलान किया जाता है। अगर एक भी मशीन मैच न करे तो वहां चुनाव रद्द कर दिया जाता है। अगर आपने वहां ये मैकिंग कर ली तो हम ईवीएम का घोटाला बचा सकते हैं। अगर इन्होंने ईवीएम का घोटाला कर रखा है तो हम उसका खुलासा कर सकते हैं। इसलिए अगर आपका उम्मीदवार अगर हार भी रहा है तो सब लोगों को आखिरी तक रुक कर आपको ये ईवीएम और वीवीपैट की मैचिंग करवाकर आनी है।

सीएम अरविंद केजरीवाल रविवार को दोपहर तीन बजे जब वो घर से तिहाड़ के लिए निकले तो उनका पूरा परिवार पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ा था। मां-बाप समेत पत्नी और बच्चों के चेहरे पर आत्म विश्वास साफ दिख रहा था कि अरविंद केजरीवाल जिस तानाशाही के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं, उसमें वो विजयी जरूर होंगे। घर से निकलने से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने दोनों बच्चों को गले लगाया और मां-बाप के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। पिता ने उनकी पीठ थपथपा कर जीत का आशीर्वाद दिया।



### 'सारे एग्जिट पोल फर्जी हैं, चार जून को देश में नहीं बन रही है भाजपा की सरकार'

अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के सदस्यों से कहा कि अभी शनिवार को एग्जिट पोल आए हैं। मेरे से लिखवा लो, सारे एग्जिट पोल फर्जी हैं। ये बिल्कुल फर्जी हैं। मेरा अपना मानना है कि 4 जून को देश में भाजपा की सरकार नहीं बन रही है। ये एग्जिट पोल से घबराने की जरूरत नहीं है। ये इनका माइंड गेम है। ये आपका मनोबल तोड़ने के लिए, आपको डिप्रेशन में डालने के लिए माइंड गेम खेल रहे हैं। आपको इस आत्मविश्वास से जाना है कि आप जीत रहे हो और आखिरी तक आपको किसी भी हालत में बैठे रहना है। हमें एक होकर लड़ना पड़ेगा। ये चुनाव किसी पार्टी या किसी नेता विशेष का नहीं है। ये चुनाव इस देश और इसके जनतंत्र को बचाने के लिए लिए है।

### भाजपा चाहती हैं आप को खत्म करना : संजय सिंह

सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा को अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से खौफ है। इसलिए वो चाहते हैं कि किसी भी तरह से केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की सरकार को खत्म करें। मैं भाजपा से कहना चाहता हूं कि एक नहीं, एक हजार कोशिश लेंगे, फिर भी आम आदमी पार्टी दिन दुनी-रात चौगुनी आगे बढ़ती रहेगी। आपके इन तानाशाही से आम आदमी पार्टी रुकनी वाली नहीं है।

### केजरीवाल ने जेल जाने से पहले की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के साथ बैठक

तिहाड़ जाने से पहले अरविंद केजरीवाल ने पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के साथ बैठक की। इस बैठक में पंजाब के सीएम भगवंत मान, सांसद संजय सिंह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक समेत अन्य सदस्य शामिल हुए। बैठक में अरविंद केजरीवाल ने विभिन्न नेताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी और सभी को इस लड़ाई को लड़ने के लिए एकजुट रहने की अपील की।

### गांधी की समाधि स्थल जा रहे केजरीवाल को भाजपा ने दिखाए काले झंडे, किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** जेल जाने से पहले महात्मा गांधी की समाधि पर जा रहे सीएम अरविंद केजरीवाल को भाजपा कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए और उनके खिलाफ राजघाट के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली भाजपा से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बड़ी संख्या में मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सीएम अरविंद केजरीवाल के जेल जाने से पहले महात्मा गांधी की समाधि पर जाने के खिलाफ राजघाट के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के एक हिस्से के रूप में अध्यक्ष सचदेवा ने बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ रिंग रोड पर राजघाट ट्रैफिक चौराहे पर बैठकर सीएम अरविंद केजरीवाल के काफिले के मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। 50 से अधिक महिला कार्यकर्ताओं के एक अन्य समूह ने राजघाट के वीआईपी निकास द्वार पर दिल्ली सचिवालय की ओर नारे लगाए, जिससे काफिले को राजघाट चौराहे की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा, जहां उन्हें रोका गया और पार्टी कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए। दिल्ली पुलिस प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर बसों में भरकर कमला मार्केट और आई.पी. एस्टेट पुलिस स्टेशन ले गई जहां से उन्हें एक घंटे बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इस दौरान सचदेवा के साथ प्रदर्शन में उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से पार्टी पदाधिकारी प्रवीण शंकर कपूर, संजय गोयल, विजेंद्र धामा, पूजा शर्मा आदि शामिल थे।

### आईपी यूनिवर्सिटी ने की तीन प्रोग्राम में प्रवेश की घोषणा

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी ने एमएससी ( मडिसिनल केमिस्ट्री एंड ड्रग डिज़ाइन, एमएससी ( बायोइन्फ़र्मैटिक्स) और एमबीए (आपदा प्रबंधन) प्रोग्राम ने दाखिले के लिए आयोजित होने वाली काउन्सलिंग की घोषणा कर दी है। इन तीनों प्रोग्राम के लिए काउन्सलिंग ऑफ़लाइन मोड में द्वारका कैम्पस में आयोजित की जाएगी। एमएससी (बायोइन्फ़र्मैटिक्स) की काउन्सलिंग 7 जून को और एमएससी ( मडिसिनल केमिस्ट्री एवं ड्रग डिज़ाइन) और एमबीए (आपदा प्रबंधन) की काउन्सलिंग 12 जून को आयोजित की जाएगी। उसी दिन दस्तावेज सत्यापन के बाद सीटों का आवंटन भी कर दिया जाएगा। एमएससी के दोनों प्रोग्राम की काउन्सलिंग में इस प्रोग्राम के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के सफल उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। एमबीए (आपदा प्रबंधन) प्रोग्राम की काउन्सलिंग में ऐसे उम्मीदवार भाग ले सकते हैं जिन्होंने इस प्रोग्राम के लिए आवेदन किया है। यह प्रोग्राम वीकेंड में उपलब्ध है। एमएससी के दोनों प्रोग्राम द्वारका कैम्पस स्थित सेंटर ऑफ एक्सलन्स इन फार्मसूटिकल साइयन्स और एमबीए (आपदा प्रबंधन) द्वारका कैम्पस स्थित सेंटर ऑफ एक्सलेन्स इन डिजास्टर मैनेजमेंट में उपलब्ध है।

## नरेला जोन में नाले-नालियां जाम, निगम के दावे कागजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ शिकायतों के बाद भी नहीं हो रही सफाई

दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने हाल ही में आगामी बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए एक व्यापक मानसून कार्य योजना तैयार करने के दावे किए हैं लेकिन यह दावें सिर्फ कागजी साबित हो रहे हैं। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय भी कई बार प्रेसवार्ताओं में दावें कर चुकी हैं कि दिल्ली में डबल इंजन की सरकार है और दोनों (दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के विभाग) ही अब मिलकर शिकायतों को हल करने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। शिकायतों के बाद भी कई विभाग एक दूसरे विभाग की जिम्मेदारी बता देते हैं।

दिल्ली के केशव पुरम जोन और दिल्ली देहात के नरेला जोन इलाके में नालों की सफाई नहीं होने से आसपास के लोग काफी परेशान हैं। केशवपुर जोन में रानी बाग अंडर पास के निकट नालों की सफाई नहीं हो पाई है। वहीं, नरेला जोन के बख्तावरपुर वार्ड के पार्षद के निवास के पास और इसी वार्ड के अन्य कई गांवों में नालियों और नालों की शिकायतों के बाद भी गहराई से सफाई नहीं हो पाई है और हल्की सी बारिश में ही नाले ओवरफ्लो हो जाते है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि एमसीडी 311 ऐप पर भी शिकायतें दर्ज की गई हैं लेकिन प्रशासन कुछ कार्य नहीं कर रहा है।

### दिल्ली की जल मंत्री ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और नायब सिंह सैनी को लिखा पत्र

# आतिशी ने हरियाणा और यूपी के सीएम से किया एक महीने अतिरिक्त पानी देने का अनुरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में भीषण गमी के बीच पीने का पानी संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी को देखते हुए जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर एक महीने के यमुना नदी में अतिरिक्त पानी छोड़ने का अनुरोध किया है। गौरतलब है कि यमुना नदी में जलस्तर नीचे जाने से वजीराबाद बैराज से दिल्ली के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इससे दिल्ली में लोगों को सिर्फ एक बार पानी मिल रहा है। कई इलाकों में पेयजल का संकट बना हुआ है। दिल्ली में जल संकट पर जल मंत्री आतिशी ने कहा गर्मी की वजह से पानी की मांग बढ़ गई है और दूसरी तरफ यमुना में जलस्तर कम हो गया है, जिसके कारण पानी का उत्पादन कम हो गया है। पिछले साल, वजीराबाद तालाब में 674.5 फीट पानी था। इतने अनुरोधों के बावजूद, केवल 671 फीट पानी छोड़ा गया है। वजीराबाद बैराज में पानी के कम स्तर के कारण सभी जल उपचार संयंत्र प्रभावित हो रहे हैं। हमने हरियाणा और यूपी सरकार से अधिक पानी छोड़ने का अनुरोध किया है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में लिखा है कि दिल्ली इस समय जल संकट का सामना कर रही है। तापमान 50 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ने के साथ दिल्ली में पानी की मांग अब तक की उच्चतम स्तर पर है। यह दिल्ली में अब तक देखी गई सबसे खराब गर्मियों में से एक है। दिल्ली सरकार अपने जल उपचार संयंत्रों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। हालांकि, लू की तीव्रता इतनी है कि हमें दिल्ली के लोगों की मदद के लिए हर तरफ से मदद की आवश्यकता है। एक पड़ोसी राज्य के रूप में हम उत्तर प्रदेश से अनुरोध करते हैं कि संकट के इस समय में दिल्ली की मदद करें और मानसून आने तक एक महीने की अवधि के लिए दिल्ली को अतिरिक्त पानी दें। ताकि दिल्ली में रहने वाले लोग इस चरम गर्मी को आराम से पार कर सकें। वहीं जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री को पत्र में लिखा है कि दिल्ली जल संकट से जूझ रही है। पिछले वर्षों के विपरीत इस वर्ष पानी की मांग कई गुना बढ़ गई है।

मौजूदा संकटों से निपटने के लिए तत्काल आवश्यकता है कि हरियाणा जल्द से जल्द यमुना नदी में अतिरिक्त पानी छोड़े। शनिवार को वजीराबाद बैराज के दौरे पर मैंने पाया कि तालाब में जल स्तर सामान्य 674.50 फीट के मुकाबले 670.3 फीट था। जल स्तर में इस कमी से हमारे जल उपचार संयंत्रों की जल उत्पादन क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इससे राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में पानी की गंभीर कमी हो गई है। दिल्ली में रहने वाले लोगों की मांगों को पूरा करने के लिए हमें अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए यमुना में पानी की तत्काल आवश्यकता है।




### नहीं मिल रही पेयजल संकट से राहत

नई दिल्ली। दिल्ली में लगातार पीने के पानी की आपूर्ति बिगड़ती जा रही है। जहां एक तरफ दिल्ली सरकार के मुखिया व सीएम अरविंद केजरीवाल, जल मंत्री आतिशी व दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) दावे कर रहा है कि आपूर्ति सुचारू हो रही है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के कई क्षेत्रों के उपभोक्ता नी नहीं आने से दिल्ली सरकार को जमकर कोस रहे है, भर्त्सना कर रहे है। हालात यह है कि कई क्षेत्रों में लोगों को एक एक बूंद के लिए टैंकरों के पीछे भागना पड़ रहा है, लेकिन पानी नहीं मिल रहा है। पाइप लाइन के अलावा टैंकरों द्वारा आपूर्ति के भरोसे में लाखों उपभोक्ता पानी नहीं मिलने से नाराज होकर सरकार को कोस रहे है। इनमें दिल्ली की बड़ी कालोनी कही जाने वाली किराड़ी, संगम विहार जैसे अन्य क्षेत्र शामिल है। किराड़ी के लोगों ने आरोप लगाए कि हमारे क्षेत्र में गत एक महीने से पाइप लाइन द्वारा जलापूर्ति नहीं हुई है। यदाकदा पानी आता भी है तो बेहद गंदा व बदबूदार। किराड़ी अंतर्गत आदर्श लक्ष्मी विहार के लोग दिल्ली सरकार को जमकर कोस रहे है। क्योंकि इनका आरोप है कि यहां के हजारों घरों में साफ सुथरे पीने के पानी की बूंद-बूंद के लिए नल की तरफ टकटकी लगाए देख रहे है।

### हरियाणा और यूपी के सीएम को राजनीतिक उद्देश्यों से भरे पत्र लिखना बंद करें आतिशी : भाजपा

नई दिल्ली। हरियाणा और यूपी के मुख्यमंत्रियों को राजनीतिक उद्देश्यों से भरे पत्र लिखना बंद करें और वजीराबाद बैराज एवं सोनिया विहार जल प्लांट में भरी कीचड़ को साफ करने के लिए काम करें और पेय जल की चोरी और लीकेज बर्बादी को रोकने के लिए काम करें जिससे दिल्ली में जल संकट समाप्त हो सके। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने दिल्ली की जल मंत्री आतिशी को रविवार को यह बातें कही हैं। सचदेवा ने जल मंत्री आतिशी की जल संकट के नाम पर राजनीति करने की निंदा की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कच्चे पानी की कमी नहीं है क्योंकि हरियाणा और उत्तराखंड दोनों दिन प्रतिदिन अत्यधिक पानी प्रदान कर रहे हैं जो दिल्ली जल बोर्ड के रिकॉर्ड से सत्यापित किया जा सकता है।

### राजधानी में अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

**नई दिल्ली।** शनिवार की तुलना में वीकेंड रविवार पर सूरज के तेवर मामूली ढिले पडे जिसके चलते अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस मौसम के सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। हालांकि शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली वालों को रविवार को मामूली राहत जरूर मिली है , लेकिन सोमवार को यह राहत गायब होने जा रही है। आईएमडी का अनुमान है कि अगले दो दिन राजधानी में अधिकतम तापमान एक बार फिर 45 डिग्री या इससे भी ज्यादा दर्ज हो सकता है। हालांकि इस बीच कई जगह बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। आईएमडी की मानें तो अगले दस से पंद्रह दिनों तक मोसम अलग अलग रंग दिखाने वाला होगा।

### डीजेबी का दावा : बंद नहीं हुआ एक भी जल शोधन संयंत्र

**नई दिल्ली।** जहां एक तरफ जेल जाने से पूर्व, सीएम अरविंद केजरीवाल, जल मंत्री आतिशी कह रहे है कि दिल्ली में यमुना में पानी की मात्रा कम होने से पीने के पानी की कमी हो रही है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) दावा कर रहा है कि सभी जल शोधन संयंत्र पूरी तरह से चालू है और अपनी तय क्षमता से कहीं ज्यादा शोधन कर रहे है। डीजेबी की माने तो तय क्षमता से ज्यादा जल शोधन हो रहा है। इस बारे में डीजेबी के एक आला अधिकारी ने बताया कि गत कई दिनों से भीषण गर्मी और लू चल रही है। जिसके चलते दिल्ली में पानी की मांग बढ़ रही है। वहीं अधिकारी ने आंकड़ों के साथ बताया कि गत एक दो दिन छोड़ दे तो शायद ही कोई दिन ऐसा हो जब डीजेबी का एक भी संयंत्र पानी की कमी से बंद हुआ हो। बेशक यमुना में जलस्तर में कमी आई होगी, लेकिन जल शोधन संयंत्र सुचारू रूप से चलते रहे। अधिकारी ने दावा किया कि ताजा स्थित रविवार दो जून को 998.91 एमजीडी पानी का शोधन हुआ जो अपनी तय क्षमता 956 एमजीडी से 42.91 एमजीडी अतिरिक्त है। वहीं एक जून को डीजेबी ने 994.96 एमजीडी जल शोधन किया, जो 956 एमजीडी से ज्यादा है।

## खबर संक्षेप

### दिगम्बर जैन मंदिर में नैतिक शिक्षा शिविर



**फरीदाबाद।** दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर-16 में दिगंबर जैन नैतिक शिक्षा समिति नई दिल्ली के सहयोग से बच्चों के लिए नैतिक शिक्षा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी नरेंद्र जैन ने दीप प्रज्वलन करके किया। मंदिर के प्रधान मनीष जैन ने बताया कि 9 जून को शिविर का समापन होगा। शिविर में 50 बच्चे शिक्षा ग्रहण करेंगे।

### देसी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-65 प्रभारी तरुण चौहान की टीम ने देसी कट्टे सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहित वासी चांदपुर छायंसा का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त के दौरान चांदपुर शाहुपुरा रोड से काबू किया है। आरोपी की तलाश लेने पर आरोपी से देसी कट्टा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना छायंसा में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

### पड़ोसियों ने तहसील कर्मी से की मारपीट



**गुरुग्राम।** पटौदी एरिया में तहसील कर्मी से पड़ोसियों द्वारा मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपियों पर तहसीलकर्मी के बचाव में आए परिजनों पर भी हमला करने का आरोप है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। लाल सिंह ने कहा कि पटौदी तहसील में चतुर्थ श्रेणी कर्मी है। पड़ोसी हुकमसिंह व दयाराम घर के बाहर उसे गालियां देने लगे। जब वह घर से बाहर निकला तो उन्होंने उसके साथ मारपीट और आवाज देकर विक्रम, बलराम व कृष्ण को बुला लिया। जिन्होंने लाठी डंडे से लाल सिंह पर हमला कर दिया।

### कार की टक्कर से टहल रहे मजदूर की मौत



**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर एरिया में तेज रफ्तार कार की टक्कर से वॉक कर रहे मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कार चालक पर केस दर्ज कर लिया। शिकायत में फर्रुखनगर के खंडेवला निवासी प्रवीन ने कहा कि उनके पिता सतबीर मजदूरी करते थे। शनिवार को उसके पिता वॉक के लिए निकले थे। वह भी उनके पीछे चल रहा था। अचानक हेलीमंडी की तरफ से आई तेज रफ्तार कार ने उनके पिता को सीधी टक्कर मारकर निकल गई। उसने अपने पिता को फर्रुखनगर के सिविल अस्पताल पहुंचाया।

### देसी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 48 प्रभारी हिमांशु की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बादल शाहू वासी गांव छुटका लोहर जिला आरा बिहार हाल सेक्टर-21-डी एनआईटी का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने एनआईटी से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना एनआईटी में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

---

मोबाइल, वारदात में प्रयोग की गई स्कॉर्पियो बरामद

# दूधिया से मारपीट व लूटपाट कर बाइक जलाने के मामले में पुलिस ने किए 3 आरोपी गिरफ्तार

बादशाहपुर थाना पुलिस को दूध बेचने वाले व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि कुछ व्यक्तियों ने उसे रोककर वारदात की थी। लूटपाट करके बाइक जला दी थी, मोबाइल फोन छीन ले गए थे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बादशाहपुर एरिया में दूधिया के साथ मारपीट कर, लूटपाट करने, बाइक जलाने व जान से मारने की धमकी देने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से छीना गया मोबाइल फोन, वारदात में प्रयोग की गई स्कॉर्पियो बरामद की है।

दरअसल, बादशाहपुर थाना पुलिस को एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि वह दूध बेचने का काम करता है। गांव अकलीमपुर के पास उसे गांव के ही कुछ व्यक्तियों ने रोक लिया। उन्होंने लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट की। वहीं उससे मोबाइल फोन व नकदी लूटने के बाद उसकी बाइक में आग लगा दी। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**खास बातें**

- आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी
- आरोपी के खिलाफ 10 मुकदमे पहले से दर्ज हैं



**ओल्ड गुरुग्राम रूट पर मेट्रो ट्रेन चलेगी**

ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो परियोजना में 6 डिब्बों वाली ट्रेन चलाने की योजना है। जबकि, मेट्रो परियोजना का डिजाइन 90 किमी प्रति घंटे के अनुसार निर्माण किया जाएगा। हालांकि रूट पर मेट्रो 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी। जीएमआरएल के प्रबंध निदेशक डॉ. चंद्रशेखर खरे ने परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. चंद्रशेखर खरे ने मेट्रो परियोजना के रूट का निरीक्षण किया और अभी तक हुए कार्य के बारे में जानकारी ली।

**रंजिश की वजह से वारदात को अंजाम दिया**

*आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि शिकायतकर्ता और आरोपी पारस का पुराना झगड़ा है। जिसकी रंजिश रखते हुए इन्होंने वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी नरेश पर हत्या, चोरी, लूट, मारपीट करने के तहत 10 केस गुरुग्राम में, आरोपी रमेश पर हत्या, मारपीट, एक्साइज एक्ट, शस्त्र अधिनियम के तहत 6 केस गुरुग्राम में व आरोपी पारस पर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने के संबंध में 1 केस गुरुग्राम में दर्ज है।*

---

लोकसभा चुनाव 2024 के मतगणना के लिए प्रशासन की व्यवस्थाएं

# फरीदाबाद में सुरक्षा चाक चौबंद: मतगणना केंद्रों के चारों ओर लगेंगे पुलिस के बैरिकेड्स

फरीदाबाद में 6 मतगणना केंन्द्र बनाए हुए है। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के द्वारा संयुक्त पुलिस आयुक्त ओपी नरवाल को मतगणना केंद्रों की सुरक्षा का प्रभारी नियुक्त किया गया। प्रत्येक मतगणना केंन्द्र पर पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारी को समीक्षा अधिकारी लगाया गया है।

## मतगणना स्थल पर 2 प्रबंधक अधिकारी 2 प्लाटून सहित सुरक्षा बल तैनात

## आंतरिक व थर्ड लेयर में अर्ध सैनिक बल को किया गया चारों तरफ तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पूरे भारत में 18वीं लोकसभा चुनाव सात चरणों में पूर्ण किए गए हैं। मतदान के उपरांत 4 जून को परिणाम आना है। जिसके लिए भारतवर्ष में प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र के मतों की गिनती होनी है। गिनती के इसी क्रम में फरीदाबाद में 6 मतगणना केन्द्र बनाए हुए है। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के द्वारा संयुक्त पुलिस आयुक्त ओपी नरवाल को मतगणना केंद्रों की सुरक्षा का प्रभारी नियुक्त किया गया।

प्रत्येक मतगणना केंन्द्र पर पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारी को समीक्षा अधिकारी लगाया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद लोकसभा की पृथला 85 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के मतों की गिनती पंजाबी धर्मशाला सेक्टर-16 फरीदाबाद, एनआईटी-86 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के मतों की गिनती लखानी धर्मशाला टाउन नंबर-2, बडख़ल-87 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के मतों की गिनती खान दौलत राम धर्मशाला एनआईटी टाउन नंबर-2, बल्लबगढ़-88 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के मतों की गिनती शसुषमा स्वराज राजकीय कॉलेज बल्लभगढ़, फरीदाबाद-89 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के मतों की गिनती महात्मा हंसराज ऑडिटोरियम डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-14 तथा तिगांव-90 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के मतों की गिनती गुर्जर भवन सेक्टर-16 में होना सुनिश्चित किया गया है। प्रत्येक मतगणना केंद्र पर प्रातः 8 बजे से मतगणना शुरू कर संपन्न की जाएगी।

प्रत्येक मतगणना केंद्र पर एक सहायक पुलिस आयुक्त को पर्यवेक्षण अधिकारी व निरीक्षक को सह पर्यवेक्षण अधिकरी नियुक्त किया गया है जिनके सहयोग के लिए 2 प्रबंधक ऑफिसर, 2 प्लाटून सहित सुरक्षा में तैनात किए गए है। मतगणना केंन्द्र डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-14 फरीदाबाद परिणाम घोषणा केन्द्र होगा।

जहां पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। मतगणना केंद्रों पर तीन लेयर में सुरक्षा सुनिश्चित की गई है जिसमें बाहय लेयर में जिला पुलिस बल, मध्य में सशस्त्र पुलिस बल तथा आंतरिक व थर्ड लेयर में अर्ध सैनिक बल तैनात किए हुए है।




**मोबाइल, पैजर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक यंत्र प्रतिबंधित**

चुनाव मतगणना के दौरान कानून व्यवस्था के लिए 4 कम्पनी अतिरिक्त बल के रुप में रिजर्व रखी गई है। सभी थाना व चौकी टीम भी अपने-अपने एरिया में गस्त करती रहेगी। पुलिस सुरक्षा के बीच मतगणना को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाया जाएगा। मतगणना केंद्रों पर प्रत्येक स्तर पर सुरक्षा कर्मियों द्वारा आगंतुकों की फ्रिस्किंग, चेकिंग की जाएगी। मतगणाना केंन्द्र के अंदर मोबाइल फोन, पैजर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक यंत्र जैसे कैमरा, स्मार्ट वॉच, रिकॉर्डर इत्यादिए धूम्रपान की वस्तुएं, माचिस, लाइटर, ब्लेड, चाकू, ज्वलनशील पदार्थ या किसी भी प्रकार का हथियार लाना पूर्णतयाः वर्जित है।

---

रिहर्सल डीएवी स्कूल के ऑडिटोरियम में

# लोकसभा चुनाव मतगणना की फाइनल रिहर्सल आज की होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सभी सम्बंधित विधान सभा क्षेत्रों के मतगणना केन्द्रों पर सोमवार को फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी, ताकि प्रशासनिक अधिकारियों को आगामी 4 जून को मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की परेशानी ना आए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला के सभी मतगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों को पूरी निष्ठा से निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत मतों की गिनती सम्पन्न करानी है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने मतगणना कार्य की अलग-अलग जिम्मेदारियां संभाल रहे अधिकारियों से तैयारियों के संबंध में जानकारी लेने उपरान्त कहा कि मतगणना निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार निर्बाध रूप सम्पन्न करवाने के लिए 3 जून सोमवार को सभी सम्बंधित अधिकरियो को फाइनल प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने मतगणना कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की सुषमा स्वराज राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-2 में, फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की लखानी धर्मशाला में बडख़ल विधानसभा क्षेत्र की एनआईटी 2 की खान दौलतराम धर्मशाला में, पृथला विधानसभा क्षेत्र की लिए सेक्टर-16 के पंजाबी भवन में, तिगांव विधानसभा क्षेत्र की गुर्जर भवन सेक्टर-16 में और फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की सेक्टर-14 के डीएवी स्कूल के ऑडिटोरियम में फाइनल प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। वहीं पर बैलेट पेपर की मतगणना की अंतिम रिहर्सल आयोजित की जाएगी।

**मतगणना स्थल के आसपास ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी**

**गाजियाबाद।** चार जून को हापुड़ रोड स्थित गोविंदपुरम अनाज मंडी में मतगणना के दिन कविनगर थानाक्षेत्र में ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगा दी गई है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार ने मतगणना के चलते धारा 144 लगाने का आदेश जारी किया है। इसके तहत मतगणना स्थल के 100 मीटर के दायरे में लाउडस्पीकर का प्रयोग भी प्रतिबंधित किया गया है। धारा 144 का आदेश पांच जून की आधी रात तक लागू रहेगा। चार जून के लिए पुलिस ने 17 बिंदुओं पर यह गाइडलाइन जारी की है। पुलिस की गाइडलाइन के प्रमुख बिंदु यह हैं। मतगणना के चलते थाना कविनगर क्षेत्र को नो ड्रोन जोन/अस्थायी रेड जोन घोषित किया गया है।

---

परिजनों को जान से मारने की धमकी

# छेड़छाड़ की शिकायत करने पर युवती को पकड़कर धुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



बिलासपुर थाना एरिया में युवक द्वारा रास्ते में युवती से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर युवती से मारपीट करने के साथ उसकी मां को धक्का देकर जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में युवती ने कहा कि उनके प्लॉट पर चिनाई का काम चल रहा है। जिसके चलते वह स्कूटी से प्लॉट पर काम कर रहे मिस्त्री व मजदूरों को शरबत देने जा रही थी। घर के सामने ही राहुल ने उस पर भद्दा तंज कसा। वह रोजमर्रा इस तरह की हरकत करता है। जिससे परेशान होकर युवती अपनी मां को लेकर बाहर आई तो उनकी आपस में कहासुनी हुई। जिस पर राहुल व उसके पिता ने युवती से मारपीट कर रोड पर गिरा दिया।

---

25 हजार का इनामी गिरफ्तार

# युवती का जबरन धर्म परिवर्तन कराने के बाद करा दिया निकाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



थाना अंकुर विहार पुलिस ने दूसरे धर्म की युवती का धर्म परिवर्तन कराने वाले एक शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। 16 मई को थाना अंकुर विहार पर एक युवती ने तहरीर दी कि अमान नामक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और एक मौलाना के साथ मिलकर जबरन धर्मपरिवर्तन कराकर निकाह कर लिया। थाना अंकुर विहार पर तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग (दुष्कर्म व उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम) पंजीकृत किया गया। एसीपी अंकुर विहार सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि थाना अंकुर पुलिस टीम ने 17 मई को अमान निवासी एफ 15 वेद विहार 1 फ्लोर, डीएलएफ अंकुर विहार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

---

पुलिस टीम ने महिलाओं को देहव्यापार से मुक्त कराया

# ओयो होटल में छापेमारी, देह व्यापार में चार युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम व थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम ने रविवार को ओयो होटल क्यूबि इन मे छापा मारकर देह व्यापार के अनैतिक कार्य में लिप्त चार लोगों को आपत्तिजनक सामान सहित गिरफ्तार किया। मौके से 3 महिलाओं को मुक्त कराया गया।

एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि 112 हेल्पलाइन के जरिए सूचना प्राप्त हुई कि ओयो होटल में महिलाओं को बहला फुसलाकर देह व्यापार कराया जा रहा है। सूचना पर वह थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम के साथ पहुंचे और छापामार करवाई की। मौके से लक्ष्य, अविनाश, अशोक व राहुल नामक युवकों को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ के दौरान पता चला कि होटल मालिक संचालक आनन्द कुमार द्वारा बहला फुसलाकर 03 महिलाओं से जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। जिनको रेस्क्यू किया गया है। होटल मालिक / संचालक कार्रवाई के दौरान छत के रास्ते से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। पकड़े गए पुरुष व पीड़ित महिलाओं से पूछताछ की गई तो यह तथ्य प्रकाश मे आए की ओयो होटल के मालिक / संचालक द्वारा ज्यादा कमाई के लालच मे महिलाओं से देह व्यापार कराकर ग्राहको से रुपए लिये जाते है। होटल मालिक / संचालक द्वारा ओयो होटल मे नौकरी के लालच मे आयी महिलाओं को बहला फुसलाकर उनकी आपत्तिजनक फोटो पूर्व मे खींच ली गयी थी तथा उसे वायरल करने की धमकी देकर बुलाकर देह व्यापार कराया जा रहा था।

---

ननि के टैंकर के पानी को लेकर मारमारी

# पैर धोते समय पानी की छींटे पड़ने पर चले डंडे कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



पैर धोते समय पड़ोसी पर छींटे पड़ने के बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। उसके बाद पत्थरबाजी हुई। इस झगड़े में एक महिला सहित तीन लोगों को अधिक चोट लगी है। सेक्टर-31 थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिमलेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सेक्टर-12 स्थित जिला अदालत में एक वकील के पास मुंशी है। रात करीब 11 बजे नगर निगम की ओर से आए टैंकर से पानी भर रहा था। इस दौरान वह अपने पैर धोने लगा। इसकी छींटे पड़ोसी बृजेश पर पड़ गई। इसे लेकर कहासुनी हो गई। बृजेश ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया और उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर उसके परिजन भी आ गए। बीच-बचाव करते समय उन पर भी हमला किया गया।

---

तीन महीने से इनके पास रहता था घरेलू सहायक श्याम

पहले सहायक पर किसी ने शक जाहिर नहीं किया था

# घरेलू सहायक ने मालिक की हत्या करते हुए बनाया वीडियो, सूरजकुंड पुलिस ने किया आरोपी को काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

थाना सूरजकुंड क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली ग्रीनफील्ड कॉलोनी में बीमार बुजुर्ग की देखभाल के लिए रखे गए घरेलू सहायक ने ही उनकी गला दबाकर हत्या कर दी।

हत्या करते समय घरेलू सहायक ने अपने मोबाइल फोन से वीडियो बना ली थी। केवल इसी वजह से वह पकड़ा गया। इससे पहले उस पर किसी ने शक जाहिर नहीं किया था। सूरजकुंड थाना पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के शव का रविवार दोपहर को पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है। आशंका है कि उसने पूर्व में भी वारदात की हुई हैं। मकान मालिक ने घरेलू सहायक रखने से पहले उसका पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया था।

सूरजकुंड थाने में सरबजीत सिंह ने दी शिकायत में बताया कि उनका 57 वर्षीय छोटा भाई गुरप्रीत सिंह अविवाहित था। वह ग्रीनफील्ड कॉलोनी में एक फ्लैट में रहता था। पहले एक्सपोर्ट का काम करता था, लेकिन 10 साल से कुछ नहीं कर रहे थे। हृदय रोग, मधुमेह और अनिंद्रा से परेशान थे। बीमार होने की वजह से घर का काम भी नहीं कर पाता था। इसलिए करीब तीन महीने पहले उसकी देखभाल के लिए केयर टेकर के रूप में श्याम रखा था।

गुरप्रीत सिंह अविवाहित था और अकेले रहता था



**कार बेचकर मिले पैसों पर थी नजर**

बीमार होने के कारण गुरप्रीत अपनी कार नहीं चला पाते थे। इसलिए उन्होंने कुछ दिन पहले कार बेची थी। उसके डेढ़ लाख रुपये मिले थे जो घर में रखे हुए थे। श्याम की नजर इन पैसों पर थी। उसे लालच आ गया। इसलिए उसने गुरप्रीत की हत्या की योजना तैयार की। रात को सो रहे गुरप्रीत का गला दबा दिया। इस दौरान वीडियो भी बना ली। जब गुरप्रीत ने दम तोड़ दिया तो वह अपने कमरे में जाकर सो गया। सुबह 11 बजे उसने पड़ोसी राजीव को बताया कि साहब उठ नहीं रहे हैं। राजीव ने इसकी सूचना गुरप्रीत के भाई सरबजीत को दी।

### रविवार को 81 हजार भक्तों ने किए रामलला के दर्शन

# गर्मी में मामूली कमी होते ही बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या, अयोध्या में पर्यटन का माहौल

एजेंसी ⏭ अयोध्या

नौतपा में भीषण गर्मी के चलते अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या घट गई थी। जैसे ही नौतपा का ताप कम हुआ, श्रद्धालुओं की संख्या फिर बढ़ने लगी है।

जिले का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिससे धूप व गर्मी का असर कम रहा। इसके चलते अयोध्या में पर्यटन का माहौल नजर आया। छुट्टी का आनंद उठाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु व पर्यटक अयोध्या पहुंचे। रामलला के दरबार में 81 हजार भक्तों ने



दर्शन-पूजन किए। नौतपा में श्रद्धालुओं की संख्या दो गुना घट गई थी। रामलला के दरबार में जहां रोजाना डेढ़ लाख श्रद्धालु दर्शन-पूजन को आ रहे थे, नौतपा में यह संख्या घटकर 50 से 60 हजार पहुंच गई थी। नौतपा का समापन हुआ तो मौसम में भी परिवर्तन दिखा। तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। रामलला के दरबार में सुबह से शाम तक भक्तों की कतार लगी रही। शाम पांच बजे तक 81 हजार श्रद्धालुओं ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई थी।

वहीं सरयू तट पर भी पर्यटन का माहौल नजर आया। राम की पैड़ी पिकनिट स्पॉट की तरह दिखी। गर्मी दूर भगाने के लिए लोग पैड़ी में स्नान करते नजर आए। शाम को सरयू तट पर होने वाली सरयू आरती में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

### यूपी में फिर हिली धरती, घरों में पंखे हिलने लगे

# भूकंप के झटकों के बाद घरों से बाहर निकल आए लोग, सोनभद्र जिले में दिखा असर

यूपी में एक बार फिर धरती हिली है। सोनभद्र में दोपहर अचानक से घरों में पंखे हिलने लगे तो लोगों में दहशत फैल गई। सभी घरों से बाहर निकल आए। पहले तो किसी को कुछ समझ ही नहीं आया।

एजेंसी ⏭ मिर्जापुर

यूपी में एक बार फिर धरती हिली है। सोनभद्र में दोपहर अचानक से घरों में पंखे हिलने लगे तो लोगों में दहशत फैल गई। सभी घरों से बाहर निकल आए। पहले तो किसी को कुछ समझ ही नहीं आया। सभी ने मोबाइल निकालकर चेक किया तो भूकंप की जानकारी हुई।

इसके बाद सभी एक-दूसरे से भूकंप के झटकों की जानकारी लेने लगे। जानकारी के अनुसार सोनभद्र में लोगों को दोपहर करीब तीन बजकर 50 मिनट बाद अचानक से एक जोरदार झटका महसूस हुआ। छतों पर लगे पंखे हिलने लगी। लोगों को धरती हिलने का भी कुछ एहसास हुआ। इसके बाद सभी घरों से बाहर निकल आए।

**खास बातें**

- मोबाइल देखने के बाद लोगों को भूकंप का पता चला




**3.9 तीव्रता मापी गई**

*रिक्टर पैमाने पर आए भूकंप की तीव्रता मापी गई तो वह 3.9 निकली। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले तिब्बत में भी भूकंप आया था। तिब्बत के जिजांग में रिक्टर स्केल पर 4.3 तीव्रता का भूकंप मापा गया था। जानकारी के अनुसार एक जून की शाम करीब 4.29 पर तिब्बत में भूकंप आया था। हालांकि दोनों ही जगहों पर आए भूकंप से किसी को कोई जनहानि नहीं हुई है।*

## खबर संक्षेप

### मांझी का तंज सपने में पीएम पद की शपथ

**पटना।** बिहार में एनडीए के साथी जीतन राम मांझी ने इंडिया गठबंधन पर तीखा तंज कसा है।



मांझी ने अपने एक्स अकाउंट पर शनिवार हुई इंडिया अलायंस की बैठक पर निशाना साधा है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा है कि चार जून की दोपहर तक इंडिया गठबंधन यह तय नहीं कर पाया कि हार का ठीकरा किसके सिर पर फोड़ना है। इसके आगे जीतन राम मांझी ने बधाई देते हुए यह भी लिख दिया कि आ रहे हैं मोदी जी ही। गौरतलब है कि शनिवार को आए एग्जिट पोल्स में एनडीए की सरकार बनती दिखाई दे रही है।

### मशाल जुलूस और चक्रधरपुर बंद का आह्वान

चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम। ग्रामीण मुंडा दीपक बोदरा गोलीकांड मामले में उलीडीह गांव



के ग्रामीण एवं विभिन्न आदिवासी सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बैठक हुई । सर्वसम्मति से अंतिम चेतावनी देते हुए पुलिस प्रशासन को दो दिन के अंदर दोषियों को गिरफ्तार करके न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग की है। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस प्रशासन ने मामले के उद्भेदन के लिए तीन दिनों का समय लिया था परंतु एक सप्ताह बाद भी दिन दहाड़े घटित गोलीकांड के घटना में संलिप्त दोषियों को पकड़ा नहीं जा सका है।

### प्रधानमंत्री मोदी और राहुल की जीत के अंतर पर लगी बाजियां

# यूपी में मतगणना की तैयारी पूरी, 80 लोस, 4 विस सीट के आएंगे नतीजे

यूपी में 80 लोकसभा सीटों के मत गिनने के लिए 81 मतगणना केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इन सब की निगरानी के लिए सीसी कैमरे और द्रोण कैमरों की भी व्यवस्था की गई है।

***यूपी में मतगणना पर सबकी नजर इसलिए भी है क्योंकि यहां पीएम मोदी वाराणसी से और कांग्रेस के राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ रहे हैं।***


अनिल के अंकुर/ अनूप कुमार सिंह ⏭ लखनऊ

यूपी में मतगणना की तैयारी चुनाव आयोग ने पूरी कर ली है। 80 लोकसभा सीटों के मत गिनने के लिए 81 मतगणना केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

इन सब की निगरानी के लिए सीसी कैमरे और द्रोण कैमरों की भी व्यवस्था की गई है। उत्तर प्रदेश में मतगणना पर सब की नजर इसलिए भी है क्योंकि यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से और कांग्रेस के राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ रहे हैं। इन नेताओं की जीत के अंतर को लेकर सट्टा बाजार भी गर्म है। लोग जमकर बाजियां लगा रहे हैं।

**खास बातें**

- 75 जिलों में 81 मतगणना केन्द्र बनाए गए
- मतगणना केन्द्रों की निगरानी द्रोण और सीसी कैमरों से



**बिना गलती वाला मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गई**



शांतिपूर्ण निष्पक्ष और बिना गलती वाला मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गई है। चप्पे चप्पे की निगरानी अत्याधुनिक तरीकों से की जा रही है।

**नवदीप रिणव,** मुख्य निर्वाचन अधिकारी

## मतगणना स्थलों की सुरक्षा और मीडिया के बंदोबस्त

मतगणना स्थल की सुरक्षा हेतु त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है। प्रथम स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल से 100 मीटर की परिधि पर होगी, जहां क्षेत्रीय पुलिस बल तैनात रहेगा। द्वितीय स्तर की सुरक्षा मतगणना स्थल के गेट पर होगी, जहां राज्य पुलिस बल तैनात रहेगी। तृतीय स्तर की सुरक्षा मतगणना हॉल के लिए होगी जो कि सीएपीएफ की निगरानी में होगी। यहां पर मीडिया सेंटर स्थापित किया गया है। सूचना विभाग का एक अधिकारी मीडिया सेंटर का प्रभारी रहेगा।

**ऐसी होगी मतगणना हाल की व्यवस्था**

प्रत्येक मतगणना हॉल में 01 ब्लैक बोर्ड/व्हाइट बोर्ड की व्यवस्था की जायेगी। जिसमें प्रत्याशियों के नाम व राउण्डवार परिणाम लिखा जाएगा ताकि सभी मतगणना एजेण्ट उसे देख सकें। मीडिया कर्मी एवं आमजन चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर मतगणना के रूझान एवं परिणाम जान सकते हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र एवं लोकसभा क्षेत्र में माइक के जरिए सार्वजनिक उदबोधन प्रणाली की भी व्यवस्था की गई।

**गर्मी से निपटने की व्यवस्था**

राज्य निर्वाचन अधिकारी ने यूपी में बढ़ रहे तापमान के मद्देनजर सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि हीटवेव व भीषण गर्मी से बचाव के लिए "क्या करें/क्या न करें" । यहां तक यह भी सलाह दी गई है कि सभी मतगणना कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। तेज धूप से बचाव हेतु टोपी, छाता एवं सर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा अपने साथ रखें। मौके पर मेडिकल किट एवं मेडिकल टीमें भी मौजूद रहेंगी।

### दहशत के चलते मतदान संभव नहीं था

# नक्सलियों के साए से मुक्त रहा चुनाव, 20 से 30 साल बाद वोटिंग



एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड में 14 लोकसभा सीटों के लिए शांतिपूर्ण तरीके से चार चरणों के चुनाव संपन्न हो गए। घोर नक्सल प्रभाव वाले इलाकों में भी जहां वोट बहिष्कार की गूंज के बीच लोकतंत्र की स्याही सूखी रह जाती थी, जहां बंदूकों के साये में लोकतंत्र सिसकता था, नक्सल उन्मूलन के बाद वहां लोकतंत्र गुलजार हुआ। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली बार बूढ़ापहाड़ जैसे माओवादियों के गढ़ में जम कर वोटिंग हुई।

30 सालों के बाद यहां मतदान का उत्साह रहा था, वहीं झारखंड के पहले चरण के मतदान में 13 मई को पलामू लोकसभा इलाके के महुदंड, कालापहाड़, नौडीहा के डगरा में जम कर वोटिंग हुई थी। वर्तमान में चाईबासा का टोंटो इलाका भी माओवादियों के प्रभाव में है। टोंटो में सभी प्रमुख माओवादी अभी कैंप कर रहे हैं, लेकिन नक्सलियों के प्रभाव से मुक्ति की राह देख रहे ग्रामीणों ने यहां भी 20 सालों के बाद मतदान किया। टोंटो प्रखंड के रेंगडाहातू में 20 सालों बाद ग्रामीणों ने मतदान किया। वहीं, पहले चरण में खूंटी के पीएलएफआई व माओवाद प्रभावित इलाकों में भी उत्साहजनक वोटिंग हुई थी, पत्थलगड़ी प्रभावित खूंटकटी गांवों में भी 2019 में जहां वोट का बहिष्कार हुआ था, वहां लोगों ने जम कर वोट डाले। संताल के दुमका का शिकारीपाड़ा का इलाका माओवादियों के लिहाज से चुनौतीपूर्ण होता था, लेकिन यहां भी माओवाद की कोई आहट नहीं रही।

**10 सालों में चुनावों में कितनी हुई हिंसा**

राज्य पुलिस के आंकड़ों पर गौर करें तो साल 2014 के चुनाव में सर्वाधिक नक्सल हिंसक वारदातें हुई थीं। 24 अप्रैल 2014 को दुमका से चुनाव कार्य संपन्न करा कर लौट रहे चुनावकर्मियों पर नक्सलियों ने हमला कर दिया था। पांच पुलिसकर्मी समेत आठ लोग मारे गए थे। चुनाव हिंसा की ये सबसे बड़ी वारदात थी। साल 2014 में कुल 13 नक्सल कांड राज्यभर में हुए थे। इस साल चुनाव में चार विस्फोट, पांच पुलिस मुठभेड़, एक पुलिस आक्रमण, 2 मिसचीफ, एक मारपीट की घटना हुई थी। साल 2014 के विधानसभा चुनाव में 10 नक्सल वारदातें हुई थीं। चार पुलिस मुठभेड़, एक पुलिस आक्रमण, पांच आगजनी की वारदातें हुई थीं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में माओवादियों ने पलामू और खरसावां में भाजपा के कार्यालय को उड़ा दिया था। जबकि विस चुनाव में चंदवा में तीन पुलिसकर्मियों पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया गया था।

## पेज एक का शेष

### तमिलनाडु, कर्नाटक...

कर्नाटक, रायलसीमा और आंध्र प्रदेश के ज़्यादातर हिस्सों को कवर कर चुका है। यह बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम, मध्य और उत्तर-पश्चिम में भी पहुंच चुका है। अगले 2-3 दिनों में मानसून के मध्य अरब सागर, कर्नाटक, रायलसीमा, तटीय आंध्र प्रदेश और बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने की उम्मीद है। असम और मेघालय में 2-4 जून से बारिश होगी। है, जो 5-6 जून तक जारी रहेगी। उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी 3-6 जूनसे भारी बारिश होने की संभावना है।

### अरुणाचल में भाजपा...

इन विधानसभा चुनावों में नया रिकॉर्ड बनाया है। 2019 में हमने 41 सीटें जीती थीं और 2024 में हम 46 सीटें जीते। उन्होंने यह भी कहा कि 4 जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना होगी। उसके बाद सभी विजयी उम्मीदवार ईटानगर पहुंचेंगे। दिल्ली से वरिष्ठ नेता भी आ सकते हैं। पार्टी की औपचारिकताओं के बाद हम नई सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें यकीन है कि हम राज्य की दोनों लोकसभा सीटें जीतेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं विधानसभा चुनावों में भाजपा को वोट देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं। मैं अपने कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना करता हूं। हमारी पार्टी सिक्किम के विकास और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमेशा सबसे आगे रहेगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं चुनाव अभियान के दौरान भाजपा अरुणाचल प्रदेश के असाधारण कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की सराहना करना चाहूंगा। जिस तरह से उन्होंने पूरे राज्य में जाकर लोगों से संपर्क साधा, वह सराहनीय है।

### तमांग रिकॉर्ड जीत के...

*चुने गए थे। प्रेम सिंह तमांग पश्चिम सिक्किम से आते हैं और 1990 के दशक की शुरुआत से राजनीति में सक्रिय हैं। 1993 में प्रेम सिंह तमांग सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) में शामिल हुए और 1994 में चाकुंग विधानसभा सीट से चुनाव लड़कर विधानसभा पहुंचे। इसके बाद उन्हें राज्य सरकार में मंत्री भी बनाया गया और 2009 तक वह कैबिनेट मंत्री बने रहे। पवन कुमार चामलिंग की एसडीएफ के साथ कभी राजनीति शुरू करने वाले प्रेम सिंह तमांग करीब 16 सालों तक पार्टी में रहे। इसके बाद उन्होंने बगावत कर दी। 2013 में प्रेम सिंह तमांग ने सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) का गठन किया और 2019 में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ा। 2019 में जब एसकेएम ने चुनाव लड़ा तो उसे राज्य की 32 में 17 सीटों पर जीत हासिल हुई और पार्टी को बहुमत भी मिला। इसके बाद प्रेम सिंह तमांग राज्य के मुख्यमंत्री बने। प्रेम सिंह तमांग ने राज्य के 25 साल तक मुख्यमंत्री रहे पवन चामलिंग को हराया था। इससे चामलिंग का 25 साल का शासन भी खत्म हुआ था। 1994 से लगातार पवन कुमार चामलिंग सिक्किम के मुख्यमंत्री बनते आ रहे थे।*

### पेमा खांडू ने सीएम...

अपना दावा ठोकेंगे।

वहीं सिक्किम सीएम प्रेम सिंह तमांग राज्यपाल से मिलने की तैयारी में हैं।

### केजरीवाल फिर...

शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। मैं फिर तिहाड़ जेल जा रहा हूं। मैंने इन 21 दिन में से एक मिनट भी बर्बाद नहीं किया। केजरीवाल ने कहा कि भगत सिंह ने कहा था कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है, तो जेल एक जिम्मेदारी बन जाती है। भगत सिंह देश को आजाद कराने के लिए फांसी पर चढ़ गए थे। इस बार जब मैं जेल जा रहा हूं, तो मुझे नहीं पता कि मैं कब वापस आऊंगा। अगर भगत सिंह को फांसी हुई तो मैं भी फांसी पर चढ़ने को तैयार हूं। गौर हो कि करीब 50 दिन तिहाड़ जेल में रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दे दी। केजरीवाल को 10 मई से 1 जून तक 21 दिन की अंतरिम जमानत दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2 जून को सरेंडर का आदेश दिया था।

### मान लीजिए कि...

*पास मेरे खिलाफ कोई सबूत नहीं है। मान लीजिए कि मैं एक अनुभवी चोर हूं, आपके पास मेरे खिलाफ कोई सबूत या कोई रिकवरी नहीं है तो आपने मुझे बिना किसी सबूत के जेल में डाल दिया? उन्होंने पूरे देश को संदेश दिया कि अगर मैं उन्हें फर्जी केस में जेल में डाल सकता हूं तो आपका क्या स्टैंड है? मैं किसी को भी गिरफ्तार कर जेल में डाल दूंगा।*

### भाजपा नेता की...

बाद भाग निकले। स्थानीय भाजपा नेतृत्व ने घटना के पीछे राज्य में सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के गुंडों का हाथ बताया है। दूसरी तरफ तृणमूल ने घटना में हाथ होने से इनकार किया है। वहीं उत्तर 24 परगना जिले के भाटपाड़ा में प्रियांकू पांडे नामक भाजपा नेता के घर के सामने शनिवार देर रात कुछ लोगों ने बमबाजी की। प्रियांकू बैरकपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन सिंह के चुनाव एजेंट हैं। दूसरी तरफ इसी जिले के नैहाटी में एक तृणमूल नेता के कार्यालय के सामने बम फेंके गए। कोलकाता उत्तर में रमेश साव नामक भाजपा के बूथ एजेंट को मारा-पीटा गया।

### इंजन उछलकर ...

*यात्रियों में चीख पुकार मच गई। अभी तक की जानकारी के अनुसार हादसे में दो लोको पायलट घायल हुए हैं। दोनों को राजिंद्रा अस्पताल पटियाला रेफर किया गया है। पंजाब रेल हादसे के बाद अंबाला से लुधियाना अप लाइन ठप हो गई है। अंबाला डिविजन के डीआरएम समेत रेलवे के कई बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पंजाब के मुख्य मंत्री भगवंत मान ने हादसे पर दुख जताया है। वहीं, हाल ही के कुछ महीनों में पंजाब में यह तीसरा बड़ा हादसा हुआ है। जानकारी के अनुसार, रेल हादसा सुबह करीब 3:30 बजे सरहिंद रेलवे स्टेशन से कुछ दूर माधोपुर चौकी के पास हुआ। यहां रोपड़ की ओर जाने वाली कोयले से भरी दो मालगाड़ियां खड़ी थीं। अचानक एक मालगाड़ी का इंजन खुलकर दूसरी से टकरा गया। ठीक इसी वक्त साथ के ट्रैक पर इंजन पलटकर अंबाला से जम्मू तवी की तरफ जा रही पैसेंजर गाड़ी समर स्पेशल में फंस गया। हादसे में मालगाड़ी की बोगियां भी एक दूसरे पर चढ़ गईं।जैसे ही पैसेंजर गाड़ी की टक्कर हुई तो इसमें सवार सैकड़ों यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे स्टाफ मौके पर पहुंचा और इंजन में फंसे ड्राइवरों को खिड़की का कांच तोड़कर बाहर निकाला। उन्हें गंभीर हालत में पटियाला के राजिंदरा हॉस्पिटल भेजा गया। दोनों घायल ड्राइवरों की पहचान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी विकास कुमार और हिमांशु कुमार के रूप में हुई है। एक के सिर में तो दूसरे की पीठ में गंभीर चोट लगी है।*

### परिणामों की घोषणा...

सुरक्षा सुनिश्चित हो। तीसरी बात यह रही कि चुनावी प्रक्रिया को कमजोर करने के व्यवस्थित प्रयासों का संज्ञान लिया जाए। हमारी चौथी अपील यह थी कि दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इससे पहले, विभिन्न दलों के प्रतिनिधिमंडल ने ही चुनाव आयोग से मुलाकात की थी। इनकी ओर से कहा गया कि डाक मतपत्र चुनाव परिणाम में अहम भूमिका निभाते रहे हैं, इसलिए पोस्टल बैलट की गणना पहले की जानी जरूरी है।

### पहले गिनती पोस्टल...

जिसके कुछ समय बाद ईवीएम की गिनती शुरू की जा सकती है। इसमें सबसे जरूरी ये है कि पोस्टल बैलेट का परिणाम, ईवीएम से पहले घोषित किया जाए। लेकिन चुनाव आयोग ने इस नियम को बदल दिया है, जो कानून के हिसाब से नहीं किया जा सकता। डॉ. सिंघवी ने कहा, पोस्टल बैलेट के वोट परिणामों को पूरी तरह से बदल सकते हैं और अंतिम परिणाम को प्रभावित कर सकते हैं।डॉ. सिंघवी ने जोर देकर कहा कि एक वैधानिक नियम को दिशा-निर्देश द्वारा नहीं बदला जा सकता है। पुराने नियम के अनुसार ही पहले पोस्टल बैलेट के वोटों की गिनती हो और उसके परिणाम घोषित हों।

### कटरा में रोजना आते हैं...

पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिबंध शराब और मांस की बिक्री तथा खपत पर मौजूदा प्रतिबंध का विस्तार है। महाजन ने बताया कि इस कदम का उद्देश्य कटरा आधार शिविर, यात्रा मार्ग और पूरे क्षेत्र को तंबाकू मुक्त रखना है। **यूपी-तेलंगाना में भी बैन:** इससे पहले यूपी सरकार ने पान मसाला और तंबाकू खाने के शौकीनों को बड़ा झटका दिया। सरकार ने पान मसाला और तंबाकू की बिक्री पर रोक लगा दी है। यह रोक 1 जून से लागू भी हो गई है। तेलंगाना सरकार ने तंबाकू और निकोटीन युक्त गुटखा और पान मसाला के निर्माण और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया। रेवंत रेड्डी सरकार ने आदेश जारी कर कहा कि एक साल तक के लिए तंबाकू उत्पादों के बिक्री, भंडारण, वितरण पर प्रतिबंध रहेगा। यह बैन 24 मई 2024 से प्रभावी हुआ है।

### 18वीं लोकसभा के ...

वाले नवनिर्वाचित सांसदों से संपर्क करके उनका मार्गदर्शन करने के साथ उनका स्वागत करेंगे, जहां नवनिर्वाचित सदस्यों का पंजीकरण ऑनलाइन एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से किया जाएगा। इस एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन में न केवल सांसद के बायो प्रोफाइल डेटा की प्रविष्टि की जाएगी, बल्कि इसमें प्रविष्ट की गई फेशियल और बायोमेट्रिक जानकारी के आधार पर पहचान पत्र जारी करने के साथ ही लोक सभा सदस्यों और उनकी पत्नी/पति को सीजीएचएस कार्ड जारी किए जाने की व्यवस्था भी की गई है। मसलन इस बार सांसदों सुविधा और सुगमता के लिए पंजीकरण, नामांकन, अस्थायी आवास, चिकित्सा और कई अन्य मामलों से संबंधित सभी औपचारिकताओं को ऑनलाइन आधार पर पूरा करने का प्रस्ताव है।

**संसदीय सौध में मंगलवार से शुरु होगा पंजीकरण:** लोकसभा सचिवालय के प्रवक्ता के अनुसार इस बार 04 जून को दोपहर 2 बजे से पंजीकरण शुरू करने की व्यवस्था की है और यह प्रक्रिया 5 से 14 जून 2024 को सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक जारी रहेगी, जिसमें शनिवार और रविवार भी शामिल हैं। पंजीकरण के लिए संसदीय सौध में बैंक्वेट हॉल और प्राइवेट डाइनिंग रूम (पीडीआर) में 10-10 कंप्यूटरों के साथ कुल 20 डिजिटल पंजीकरण काउंटर स्थापित किए गए हैं। ये काउंटर एंड-टू-एंड पंजीकरण प्रक्रिया के लिए स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक काउंटर पर डबल साइडेड स्क्रीन वाला डेस्कटॉप, प्रिंटर कम स्कैनर, बायोमेट्रिक और हस्ताक्षर प्राप्त करने के लिए एक टैब लगा हुआ है। फोटो खींचने और फेशियल रिकोगनिशन के लिए अलग-अलग काउंटर हैं। वहीं नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए एसबीआई बैंक खाता खोलने, स्थायी पहचान पत्र, केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना कार्ड जारी करने की व्यवस्था भी की गई है। पंजीकरण काउंटरों पर तैनाती प्रशिक्षित 70 अधिकारियों व कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

**चिकित्सा व्यवस्था:** नवनिर्वाचित सदस्यों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सीजीएचएस चिकित्सा पोस्ट नॉर्थ एवेन्यू और साउथ एवेन्यू में और टेलीग्राफ लेन में वेस्टर्न कोर्ट एनेक्सी और उसके हॉस्टल के पास 24 गुणा 7 आधार पर काम करेंगी, जहां एम्बुलेंस सेवाएं भी चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेंगी।

### इस तरह होगी ...

प्रणाली लागू की गई है। नवनिर्वाचित सदस्यों को अस्थायी आवास आवंटित करने या इसमें बदलाव करने के लिए संसद भवन परिसर में एक आवास डेस्क भी 24X7 सुविधा उपलब्ध कराएगी।

### एयरपोर्ट व रेलवे...

कर्मचारियों को तैनात किया गया है, जो उनका संसद भवन परिसर, राज्य भवन या अतिथि गृहों तक ले जाने के लिए हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद करेंगे। हवाई अड्डों व रेलवे स्टेशनों पर गाइड पोस्ट चार जून की शाम 06.00 बजे से रात 11.00 बजे तक और 05 जून से 09 जून सुबह 05.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक और दोपहर 02.00 बजे से रात 11.00 बजे तक (दो शिफ्टों में) काम करेंगी।

### बिहार में शिक्षकों को 28 दिनों की राहत

# भीषण गर्मी से 350 से अधिक बच्चों की बिगड़ी थी तबीयत

एजेंसी ⏭ पटना

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक एक बार फिर से चर्चा में हैं। इस बार कारण यह है कि वह 28 दिनों की लंबी छुट्टी पर जा रहे हैं। केके पाठक के छुट्टी पर चले जाने से बाद से मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव एस सिद्धार्थ को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव का प्रभार दिया गया है। हाल में ही भीषण गर्मी के कारण सरकारी स्कूलों में 350 से अधिक बच्चे और कई शिक्षकों की तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद शिक्षा विभाग ने स्कूल संचालन के



समय में बदलाव कर दिया था। लेकिन, सीएम नीतीश कुमार ने इस आदेश के उलट स्कूल को बंद करने का आदेश जारी कर दिया। सीएम के आदेश के बाद शिक्षा विभाग ने नया आदेश जारी किया। इसमें शिक्षकों को स्कूल आना अनिवार्य कर दिया गया।इस फैसले का खूब विरोध हुआ।

### गोरखपुर के चिड़ियाघर पहुंचे सीएम योगी

# बाघ अमर व शेर पटौदी ने दहाड़कर सीएम को दी सलामी

एजेंसी ⏭ गोरखपुर

सीएम योगी ने शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (गोरखपुर चिड़ियाघर) का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिड़ियाघर में करीब एक सप्ताह पूर्व इटावा लॉयन सफारी से लाए गए बब्बर शेर पांच साल के भरत और शेरनी सात साल की गौरी को भी देखा।

योगी को देख बाघ (रायल बंगाल टाइगर) अमर एक पैर उठाकर यूं दहाड़ पड़ा मानो देश के सबसे प्रभावशाली सीएम को सलामी दे रहा हो। उसकी दहाड़ पर



सीएम हंस पड़े और कहने लगे, क्या रे, कैसा है तूं। इस दौरान एक कर्मचारी को उन्होंने यह समझाया कि बाड़े की जाल को मत छुओ, इससे बाघ नाराज हो रहा है। बब्बर शेर पटौदी ने भी अपने बाड़े के सामने सीएम को देख दहाड़ मारी।




# चार साल बाद टूटा श्रुति हसन का शांतनु से रिश्ता

**मुंबई।** कमल हासन की बेटी श्रुति हसन लंबे समय से शांतनु हजारिका के साथ रिलेशनशिप में थीं, लेकिन अब दोनों साथ नहीं हैं। श्रुति के रिश्ते में परेशानियों को लेकर काफी समय से खबरें आ रही थीं, लेकिन अब उन्होंने इस पर खुद रिएक्ट किया है। एक्ट्रेस ने अपने ब्रेकअप की पुष्टि की है। यह जोड़ी कुछ समय से डेटिंग कर रही थी और अलग होने से पहले लिव-इन रिलेशनशिप में भी थी। दोनों ने पिछले महीने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो भी कर दिया था। हालांकि, श्रुति ने ब्रेकअप पर कमेंट करने से परहेज किया था, लेकिन अब उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसकी पुष्टि की है।

## लाइफ Style

# जाह्नवी

## साउथ फिल्मों में जाने की वजह मां श्रीदेवी से जुड़ी



फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में अपने अभिनय के लिए सभी की तारीफें लूट रहीं अभिनेत्री जाह्नवी कपूर जल्द ही दक्षिण भारतीय सिनेमा में अपना करियर शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म की तैयारियों के बीच जाह्नवी ने अब खुलासा किया है कि साउथ में डेब्यू करना इनके लिए क्यों खास है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जाह्नवी फिल्म 'देवरा' से तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू करने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ एनटीआर उनके जोड़ीदार के रूप में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन कोराताला शिवा ने किया है। फिल्म में सैफ अली खान विलेन बने हैं और उनकी भिड़ंत एनटीआर से होगी। इस फिल्म के जरिए सैफ भी दक्षिण भारतीय सिनेमा में डेब्यू करने वाले हैं। इसके साथ ही जाह्नवी के पास चरण के साथ भी एक फिल्म है, जिसमें उनकी मुख्य भूमिका है। जाह्नवी ने खुलासा किया कि श्रीदेवी का जूनियर एनटीआर और राम चरण के परिवारों के साथ बहुत पुराना संबंध है। ऐसे में यह उनके लिए सम्मान की बात है कि वह इन दोनों बेहद प्रतिभाशाली अभिनेताओं के साथ काम कर पा रही हैं। जाह्नवी ने यह भी कहा कि वह दक्षिण भारतीय फिल्में देखकर बड़ी हुई हैं और उन फिल्मों में पर्दे पर जिस तरह से कलाकारों को पेश किया जाता है, वो उसकी बहुत बड़ी प्रशंसक रही हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री ने यह भी बताया कि वह साउथ फिल्में देखते हुए बड़ी हुई हैं। अभिनेत्री बोलीं, साउथ में डेब्यू करना किसी तरह से मुझे मेरी मां श्रीदेवी के करीब महसूस कराता है, उस माहौल में रहना, साथ ही उस भाषा को सुनना और बोलना। मुझे लगा कि यह सही समय है, इसलिए मैंने ऐसा करने का फैसला किया।

## हॉलीवुड मसाला



# चोरों ने गोली मारकर की हत्या

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर जॉनी वैक्टर पर चोरों ने हमला कर दिया, जिसकी वजह से 37 साल की उम्र में उन्होंने अपनी जान गंवा दी। हम जिस एक्टर की बात कर रहे हैं। बता दें कि कुछ समय पूर्व ऐसी खबर सामने आई है कि चोरों ने जॉनी वैक्टर पर लॉस एंजिल्स में हमला कर दिया था। इस दौरान चोरों ने गोलियां भी चलाईं जो एक्टर को लगीं, जिसके बाद फौरन उन्हें हॉस्पिटल लेकर जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



# ऑफसेट से छिपकर की थी शादी अब पति से तलाक ले चुकी हैं कार्डी

**लॉस एंजिलस।** अमेरिका की मशहूर रैपर कैर्डी बी अब अपनी शादी से अलग हो चुकी हैं। कार्डी बी के पति हिप हॉप स्टार हैं जिनका नाम ऑफसेट बैंड मिगोस है। कार्डी ने ऑफसेट से तलाक के लिए अर्जी दे दी है। साल 2017 में दोनों ने छिपकर शादी की थी, शादी के दो साल बाद दोनों के घर एक बेटी ने जन्म लिया। अब अचानक से दोनों की तलाक की खबरों ने फैन्स को हैरान कर दिया। 27 साल की कार्डी बी बेल्किस अलमनजर है, मंगलवार को कार्डी ने जॉर्जिया में तलाक के लिए अर्जी दी थी, जो उनका होमटाउन हैं, और वहीं दोनों रह रहे थे। कानूनी कागजों मे लिखा है कि कार्डी बी और ऑफसेट अब अलग होने की स्थिति में रह रहे हैं और दोनों में सुलह की संभावना नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे की कस्टडी कार्डी चाहती हैं। पिछले साल दिसंबर में कार्डी ने गरीब बच्चों को खिलौने बांटे थे।



# भूल भूलैया-3 में धकधक गर्ल की एंट्री...


**मुंबई।** बॉलीवुड की धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित फिल्म भूल भुलैया 3 में काम करती नजर आएंगी। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। कुछ दिनों पहले माधुरी दीक्षित के फिल्म की स्टार कास्ट को ज्वाइन करने की खबर आई थी। भूल भुलैया 3 सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में माधुरी दीक्षित की एंट्री कन्फर्म हो गई है। भूल भुलैया 3 के सेट पर उन्हें ब्लैक साड़ी में देखा गया। इसके साथ ही विद्या बालन का भी लुक सामने आया है। वह भी माधुरी की तरह ब्लैक साड़ी में नजर आ रही हैं। तृप्ति डिमरी लाल साड़ी में बंगाली लुक में नजर आ रही हैं, वहीं कार्तिक आर्यन रुह बाबा वाले अवतार में नजर आ रहे हैं।



# फैशन डिजाइनर बनते बनते बनीं अभिनेत्री

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी प्रतिभा के दम पर इंडस्ट्री में जगह बनाई है। अपनी पहली फिल्म 'दबंग' से लेकर 'हीरामंडी' तक उन्होंने अपने अलग-अलग किरदारों से लोगों का दिल जीता। ऐसे में सोनाक्षी के काम की दुनिया दीवानी है। हालांकि, अब भी उनके बारे में कुछ बातें ऐसी हैं जो शायद ही लोग जानते होंगे। आज सोनाक्षी 37 साल की हो गई। शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी सोनाक्षी यूं तो अपने अभिनय से सबको प्रभावित करने में सफल रही हैं, लेकिन वह एक समय ऐसा था जब उन्होंने अभिनेत्री बनने का ख्वाब तक नहीं देखा था। सोनाक्षी ने अपना करियर बतौर कॉस्ट्यूम डिजाइनर फिल्म 'मेरा दिल लेके देखो' से शुरू किया था। वह एक फैशन डिजाइनर बनना चाहती थीं। हालांकि, उनकी किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

## टीवी मसाला



# 'सुपरस्टार सिंगर 3' की जज नेहा ने किसे कहा आठवां अजूबा

**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'सुपरस्टार सिंगर 3' की जज नेहा कक्कड़ ने प्रतिभागी अविर्भव की तारीफ करते हुए उसे 8वां अजूबा बताया है। इस रविवार सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के होमग्रोन फॉर्मेट 'सुपरस्टार सिंगर 3' में मेलोडी किंग उदित नारायण और उनकी पत्नी दीपा नारायण का 'उदित नारायण की मास्टरक्लास' नामक विशेष एपिसोड में स्वागत किया जाएगा। इस दिग्गज का सम्मान करते हुए शो की अविश्वसनीय युवा प्रतिभाएं उदित नारायण के उन कालजयी गानों को गाकर उन्हें नमन करेंगी जिन्हें आज भी पसंद किया जाता है। कोच्चि, केरल के असाधारण रूप से प्रतिभाशाली सात वर्षीय अविर्भव एस. ने फिल्म हम दिल दे चुके सनम के मधुर गीत चांद छुपा बादल में की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी सिंगिंग लाजवाब थी और उन्हें विशेष अतिथियों उदित नारायण और उनकी पत्नी दीपा नारायण सहित सभी से स्टैंडिंग ओवेशन मिला। अविर्भव की सिंगिंग स्टाइल से प्रभावित होकर, उदित नारायण ने कहा, इतनी कम उम्र में अविर्भव बहुत खुलकर गाते हैं। क्या परफॉर्मेंस है! इस गाने को इतनी भावना के साथ गाने में मुझे कई साल लग गए, और आपने इस गाने को कितनी भावना के साथ गाया है।

## 'खतरों के खिलाड़ी' की विजेता दो हसीना, ग्लैमर वर्ल्ड से हुईं दूर

**मुंबई।** 'खतरों के खिलाड़ी 14' जल्द ही शुरू होने वाला है। एक बार फिर रोहित शेट्टी के शो में ट्रॉफी के लिए कंटेस्टेंट्स के बीच जबरदस्त लड़ाई और टक्कर देखने को मिलने वाली है। वहीं कई ऐसे भी कंटेस्टेंट्स हैं जो ये शो जीतने के बाद दुनिया को अलविदा कह चुके हैं और कुछ ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से दूरी बना ली है। आज हम आपको ऐसी ही दो हसीना के बारे में बताने जा रहे हैं,



जिन्होंने ये शो जीतने के बाद ग्लैमर वर्ल्ड भी छोड़ दिया। साल 2008 में शुरु हुए 'खतरों के खिलाड़ी' शो की पहली विनर कोई और नहीं बल्कि सुपर मॉडल नेत्रा रघुरामन थीं। विजेता बनने के साथ ही साथ शो जीतने पर उन्हें 50 लाख रुपये बतौर प्राइज मनी मिले थे।

# भैंस संग फेरे लेने को मजबूर हुए चिंटू पांडे, समाज को आइना दिखाती है भोजपुरी फिल्म 'शुभ मंगल सावधान'

*मुंबई। भोजपुरी के चॉकलेटी ब्वॉय कहे जाने वाले एक्टर प्रदीप पांडे चिंटू बीते दिनों कान्स के रेड कार्पेट पर एंट्री कर इतिहास रच दिया था। ऐसे में अब एक बार फिर से वो हेडलाइन्स में हैं। इस बार वजह उनका कोई कारनामा नहीं बल्कि अपनी एक फोटो को लेकर चर्चा में हैं, जिसे उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इसमें उन्होंने भैंस के साथ दूल्हे के गेटअप में देखा जा सकता है। उनकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।*

### शुभ मंगल सावधान का ट्रेलर रिलीज

*दरअसल, कान्स में इतिहास रचने वाले प्रदीप पांडे चिंटू अपकमिंग भोजपुरी फिल्म 'शुभ मंगल सावधान' को लेकर चर्चा में है। इसका जबरदस्त ट्रेलर रिलीज किया जा चुका है। फिल्म का ट्रेलर एंटरटेनिंग है। ये समाज को आइना दिखाता है और छोटी सोच रखने वालों के मुंह पर तमाचा भी लगाती है। इसके डायरेक्टर सुजीत कुमार सिंह हैं और निर्माता विक्टर राघव (विक्की) और संदीप छारी है।*

### कैसा है फिल्म का ट्रेलर?

*भोजपुरी फिल्म 'शुभ मंगल सावधान' का ट्रेलर यूट्यूब पर छा गया है। इसमें प्रदीप पांडे चिंटू लीड रोल में हैं और उनके साथ एक्ट्रेस यामिनी सिंह, संयोगिता भी हैं। इसमें एक बेरोजगार लड़के की कहानी के बारे में बताया गया है, जो शादी करना चाहता है लेकिन सरकारी नौकरी ना होने की वजह से उसे दुल्हन नहीं मिल पाती है।*



### फैमिली वालों ने लिया ये निर्णय

*हीरो को जब कोई पसंद नहीं करता है तो इससे आहत होकर उसकी फैमिली तय करती है कि उसके लड़के की शादी एक सरकारी नौकरी वाली से ही होगी वो भी दहेज देकर। इसके आगे की कहानी काफी दिलचस्प हो जाती है। इसके गीत संगीत दिल को छू लेने वाले हैं। इसमें फैमिली ड्रामा और*

### पांच बार मिल चुका बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड

*प्रदीप पांडे चिंटू भोजपुरी सिनेमा के बड़े स्टार हैं। उनकी पॉपुलैरिटी खेसारी लाल और पवन सिंह से कम नहीं है। उन्हें इंडस्ट्री का एक्शन स्टार भी कहा जाता है। फिल्मों में बेहतरीन काम के लिए चिंटू को एक दो नहीं बल्कि पांच बार बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड भी मिल चुका है।*

### इन फिल्मों में आ चुके हैं नजर

*बहरहाल, अगर प्रदीप पांडे चिंटू की अन्य फिल्मों की बात की जाए तो वो आखिरी बार फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में नजर आए थे। इसके अलावा वो 'अग्निसाक्षी', 'हिंदुस्तानी' जैसी भी फिल्मों में नजर आ चुके हैं।*

# तृप्ति ने पछाड़ दिए दिग्गज एक्टर, टॉप 20 में शामिल



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी आइएमडीबी की पिछले दशक की सबसे ज़्यादा देखी जाने वाली भारतीय सितारों की लिस्ट में टॉप 20 में शामिल हो गई हैं। तृप्ति डिमरी आइएमडीबी की पिछले दशक की सबसे ज़्यादा देखी जाने वाली टॉप 100 भारतीय सितारों की लिस्ट में 15वें स्थान पर हैं। यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है, क्योंकि तृप्ति ने सिर्फ़ छह साल के करियर में कई दिग्गज अभिनेताओं को पीछे छोड़ दिया है। आईएमडीबी ने पिछले दशक के शीर्ष 100 सर्वाधिक देखे गए भारतीय सितारों की वैश्विक सूची जारी की, जिसमें दीपिका पादुकोण शीर्ष स्थान पर रहीं। दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत और इरफान खान भी शीर्ष दस में हैं। दीपिका पादुकोण के बाद दूसरे स्थान पर शाहरुख खान, तीसरे पर ऐश्वर्या राय बच्चन, चौथे पर आलिया भट्ट और पांचवें पर इरफान खान हैं। इस सूची में आमिर खान छठे, सुशांत सिंह राजपूत सातवें, सलमान खान आठवें, ऋतिक रोशन नौवें और अक्षय कुमार दसवें स्थान पर हैं। कैटरीना कैफ 11वें स्थान पर हैं, जबकि तृप्ति डिमरी 15वें स्थान पर हैं।

## शाहरुख अक्सर अपने सफल होने का श्रेय गौरी को देते हैं

# शाहरुख से लेकर आयुष्मान खुराना तक, कभी पत्नी के पैसों से करते थे गुजारा...

*मुंबई। हमारे समाज की हमेशा से यह धारणा रही है कि पुरुष पैसे कमाता है और महिलाएं घर के काम-काज संभालती हैं। हालांकि, बॉलीवुड सितारे और उनकी फिल्मों ने कई बार हमें सिखाया कि खुशहाल जिंदगी जीने के लिए कभी-कभार रूढ़िवादिता को तोड़ना सही होता है। ऐसी ही एक धारणा है कि पति अपनी पत्नी की कमाई को हाथ नहीं लगाता, लेकिन कुछ अभिनेताओं ने एक वक्त में अपनी पत्नी की कमाई पर गुजारा किया है।*



**शाहरुख खान :** जब शाहरुख खान के पास काम नहीं था, तब उनकी पत्नी गौरी खान ने परिवार की जिम्मेदारी उठाई थी। यह वो वक्त था, जब शाहरुख संघर्ष कर रहे थे और पैसा नहीं कमा रहे थे। एक इंटरव्यू में शाहरुख ने करण जौहर को बताया था कि कोरोना महामारी के दौरान भी गौरी उनके घर की एकमात्र कमाने वाली सदस्य थीं। शाहरुख अक्सर अपने सफल होने का श्रेय गौरी को देते हैं।



**अर्जुन बिजलानी और मनीष पॉल :** अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब वह बेरोजगार थे तो उनकी पत्नी नेहा स्वामी ने डेढ़ साल उनके घर का सारा खर्च उठाया था। उधर मनीष पॉल के सफल करियर के पीछे उनकी पत्नी संयुक्ता का बड़ा हाथ है। उन्होंने बताया था कि शादी के बाद जब उनके पास घर का किराया तक भरने के पैसे नहीं थे, तब उनकी पत्नी ही सारा खर्चा उठाती थीं। पूरे घर की जिम्मेदारी संयुक्ता पर ही थी।



**आयुष्मान खुराना :** आयुष्मान खुराना आज भले ही अपनी एक फिल्म के लिए करोड़ों रुपये फीस लेते हों, लेकिन पत्नी ताहिरा कश्यप से शादी के वक्त वह काम के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्हें भी अपनी पत्नी की कमाई पर निर्भर रहना पड़ा। उन्होंने गुजारा करने के लिए कई तरह के काम किए, जबकि ताहिरा ने भी कई कॉलेजों में टीचर के रूप में काम किया। ऐसा भी हुआ, जब आयुष्मान ने हार मान ली और उनकी पत्नी ने उन्हें संभाला।



**पंकज त्रिपाठी :** अभिनेता पंकज त्रिपाठी कि लिए स्टारडम का सफर आसान नहीं रहा। उन्हें शादी के 8 साल बाद तक काम नहीं मिला। इस दौरान वह अपनी पत्नी मृदुला त्रिपाठी की कमाई पर जिंदगी बिता रहे थे। मृदुला ने टीचर के तौर पर नौकरी की थी। पंकज कहते हैं, मेरे पास फुटपाथ पर सोने या कई दिनों तक भूखे रहने जैसी कोई दुखद कहानी नहीं है, क्योंकि मेरी पत्नी ने घर की पूरी जिम्मेदारी संभाल ली थी। वह घर की मर्द हैं।



**परमीत सेठी :** अभिनेता परमीत सेठी इंडस्ट्री में अपनी पहचान नहीं बना पाए, लेकिन उनकी पत्नी अर्चना पूरन सिंह किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। एक समय उन्होंने भी अपने घर की पूरी जिम्मेदारी उठाई। परमीत को इसका कोई मलाल नहीं, क्योंकि उनके मुताबिक वे दोनों समान हैं।

विभिन्न एजेंसियों के एग्जिट पोल सामने आए

# पीएम मोदी के सुशासन के कारण भाजपा को अपार जनादेश!


*लोकसभा चुनाव 2024 के लिए शनिवार को तमाम बड़े न्यूज चैनल और एजेंसियों ने अपने-अपने एग्जिट पोल जारी किए हैं, जिसमें भाजपा और एनडीए गठबंधन को भारी जनादेश मिलने के रुझान सामने आए हैं। हरिभूमि से चर्चा में इन एग्जिट पोल को लेकर वरिष्ठ पत्रकारों और वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि यह रुझान प्रतीक है कि पीएम मोदी के सुशासन पर देश की जनता ने अपनी मुहर लगाई है।*

## रुझान रिजल्ट में बदले, तो श्रेय पीएम मोदी व कार्यकर्ताओं को


रमेश शर्मा वरिष्ठ पत्रकार

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए विभिन्न एजेंसियों का पूर्वानुमान सामने आए हैं, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को स्पष्ट बहुमत के अलावा पिछली बार की तुलना में सीटें अधिक मिलने की संभावना बताई जा रही है। अधिकांश पूर्वानुमान में एनडीए गठबंधन को 360 से 371 तक सीटें मिलने का अनुमान है। यद्यपि एक अनुमान में 358 और एक में आंकड़ा 400 को छू रहा है। यदि सबसे कम 358 को सामने रखकर विचार करें तो एनडीए वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव का रिकार्ड तोड़ने जा रहा है। तब इस गठबंधन को कुल 353 सीटें मिलीं थीं। यदि चार जून के परिणामों से ये पूर्वानुमान मेल खाते हैं तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के श्रम को जाता है। मोदी के प्रसंग में एक बात और है। प्रधानमंत्री बनने से पहले वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे। तब से लेकर आज तक उनको घेरने का मानों अभियान चल रहा है फिर भी उनका जन समर्थन निरंतर बढ़ रहा है। यह उनकी छवि और साख की विशेषता है। चूंकि भाजपा और एनडीए ने इस बार लोकसभा चुनाव मोदी की छवि को आगे करके लड़ा है। नारा ही दिया था मोदी की गारंटी और पूर्वानुमान संकेत दे रहे हैं कि एनडीए की यह रणनीति सफल रही।

## एक्जिट पोल चुनाव के नतीजे का ही प्रतिनिधित्व करते हैं


रामभुवन सिंह कुशवाह वरिष्ठ पत्रकार

लोकतंत्र में चुनाव का विशेष महत्व होता है और चुनाव में परिणाम का। जैसा सर्वविदित था कि 2024 का चुनाव विश्व में भारत को भूमिका तय करेगा। इसके बावजूद भारतीय विपक्ष ने उसे अत्यंत हल्के में लिया। सौभाग्य से दस वर्ष पूर्व देश को नरेंद्र मोदी जैसे योगी और राजर्षी प्रधानमंत्री मिला और उनके सुशासन में उनका और भारत का सम्मान विश्व पटल फैलता गया।

इधर, देश का विपक्ष उनकी खिल्लियां उड़ाने लगा, यह देश को कतई पसंद नहीं है। यद्यपि लोकसभा के चुनाव परिणाम चार जून को आने वाले हैं, तथापि एक्जिट चुनाव नतीजे भी उन्हीं परिणामों को प्रतिनिधित्व करते हैं। यही होना भी था पर चुनाव प्रचार के आखिरी दिनों में इंडी गठबंधन ने षडयंत्र कर परिणामों के बारे में अफवाहें फैलाना शुरू कर दिया, लेकिन एक ओर भाजपा जैसा संगठित राजनीतिक दल दूसरी ओर सर्वथा हास्य योग करते विपक्ष का चुनाव में यही परिणाम आना सुनिश्चित है।

यह तो एक्जिट पोल के परिणाम हैं, जब चार जून को वास्तविक परिणाम और भी चौंकाने वाले हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ध्यान करने चले गए तो उसका भी विपक्ष ने मजाक उड़ाया। अयोध्या में प्रभु श्रीराम और काशी में महादेव की अवज्ञा तथा स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुष के ध्यान का मजाक उड़ाने का यही परिणाम होता है।

## राम मंदिर, हिंदुओं को एकजुट करने का भाजपा को लाभ


दिनेश गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार

सात चरणों की वोटिंग खत्म होने के साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर देश के तमाम बड़े न्यूज चैनल और न्यूज एजेंसियों ने अपने एग्जिट पोल जारी किए हैं, जिसमें अधिकांश चैनलों में भाजपा यानी एडीए की सरकार बनती नजर आ रही है। इस बार के चुनाव में भाजपा ने राम मंदिर को चुनावी मुद्दा बनाकर जिस तरह से हिंदुओं को एकजुट करने की कोशिश की, वहीं तुष्टिकरण के खिलाफ बोला गया। इस चुनाव में हम कह सकते है कि हर चरण के चुनावी मुद्दें बदलते रहे। कभी मंगलसूत्र का मुद्दा बना। तो कभी राम मंदिर को लेकर हिन्दुत्व का मुद्दा। कहीं न कहीं इस चुनाव में राम मंदिर व तुष्टिकरण के खिलाफ बोलने का असर देखने को मिला होगा। भाजपा को कुछ हद तक लाभ मिला है। भाजपा ने हिंदुत्व के मुद्दे को उठाकर देश की जनता को एकजुट करने का प्रयास किया है। अगर एक्जिट पोल के रुझानों को माने तो वह इसमें सफल होती नजर भी आ रही है। वहीं, कांग्रेस व इंडि गठबंधन की सीटें भी बढ़ती नजर तो आ रही है। हम कहीं न कहीं कह सकते है कि कांग्रेस व इंडि गठबंधन की ओर से पहले से प्लानिंग के साथ काम किया होता। तो सीटें ओर बढ़ सकती थी।

## मोदी जी के प्रति लोगों में अटूट विश्वास


शिवराज सिंह चौहान

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 4 जून को भारतीय जनता पार्टी 370 और एनडीए के साथ 400 पार जाएगी। यह मैं नहीं, बल्कि देश की जनता कह रही है। देश की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जो विश्वास है, वो अद्भुत और अभूतपूर्व है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मप्र में भाजपा 29 की 29 सीटों पर विजयी पताका लहराएगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए मैदान में उतरी है। हम भारी सफलता प्राप्त कर रहे हैं। विपक्ष हो या खरगे साहब सब जानते हैं, उनको अच्छी तरह से पता है कि उनके सारे दावे हवा हो रहे हैं, उनके कार्यकर्ता काउंटिंग में तो चले जाएं इसलिए ऐसा बोल कर अपना दावा पेश कर रहे हैं। भाजपा कीर्तिमान रचने जा रही है।

---

इस बार विभागीय मंत्रियों के साथ बजट पर मंथन बाद में होगा

# वार्षिक बजट को लेकर अब एसीएस, पीएस व सचिव स्तर पर 4 जून से बैठकें होंगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अलग खबर

मप्र के वर्ष 2024-25 के वार्षिक बजट को लेकर अब तैयारी तेज हो गई है। वित्त विभाग ने करीब एक महीने का शेड्यूल जारी किया है। विभाग ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिव व सचिव की विभागवार बैठक की तारीख निर्धारित कर दी है। इस तारीख को पूरी तैयारी के साथ अफसरों को बुलाया गया है। उनसे स्पष्ट रूप से कहा गया है कि उनके विभाग के संबंधित जितनी भी योजनाएं हैं, उनकी स्थिति, खर्च करने के लिए बजट की जरूरत और उपयोगिता की डिटेल जानकारी देने को कहा गया है, ताकि उसी अनुसार बजट का आवंटन किया जा सके। वित्त विभाग से जारी शेड्यूल के अनुसार, 4 जून को सबसे पहले योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी, लोक परिसंपत्ति तथा प्रवासी भारतीय विभाग की बैठक होगी। इसके बाद ही अन्य विभागों की बैठकें रखी गई है। इसी तरह 5 जून को लोक सेवा प्रबंधन, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विभाग, परिवहन, वाणिज्यिक कर व जनसंपर्क विभाग की बैठक रखी गई है। इन विभागों से वित्त विभाग यह भी पता करने की कोशिश करेगा कि किस विभाग के किस मद से कितनी आय होती है और किस योजना में कितना खर्च आ रहा है। इससे अधिकारियों को आर्थिक विश्लेषण में मदद होगी। इसके अलावा बजट के लिए अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश भी जारी किए गए हैं। बैठक के समय संबंधित विभाग के सभी अधिकारियों को बुलाया गया है।

**वित्त विभाग ने जारी किया महीने भर का शेड्यूल**

### इस बार मंत्रियों की बैठकों को लेकर असमंजस, अफसरों पर दारोमदार

*आमतौर पर विभाग प्रमुखों के साथ वित्त विभाग की बैठक से पहले संबंधित विभागीय मंत्रियों के साथ बैठकें होती थी, इसके बाद ही विकास आदि की जरूरतों आदि को लेकर बजट का खाका बनता था। इस बार अधिकारियों व विभाग प्रमुखों के साथ बैठकें तो शुरू हो गई, पर इक्के दुक्के मंत्रियों को छोड़कर बाकी मंत्रियों के साथ अभी तक कोई विभागवार बैठक नहीं हुई है। ऐसे में बजट का पूरा दारोमदार अधिकारियों पर टिक गया है। अधिकारी अपने अनुसार व विभागीय विकास कार्यों के अनुसार बजट तैयार कर वित्त विभाग के साथ चर्चा करेंगे। मंत्रियों के साथ विभागीय बैठकों को लेकर अभी असमंजस की स्थिति है। संभवतः इन बैठकों के बाद विभागीय बजट को लेकर विभागीय मंत्रियों के साथ बैठक होगी।*

### 11 जून को पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की बैठक होगी

*11 जून को पर्यटन एवं संस्कृति, नगरीय प्रशासन व विकास विभाग, सामान्य प्रशासन, विधि व विधायी कार्य, पीएचई, कुटीर एवं ग्रमीण उद्योग, 12 को कृषि, सहकारिता, गृह, राजस्व, खनिज साधन तथा वन विभाग की बैठक होगी। 13 जून को नर्मदाघाटी विकास, आनंद, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, उच्च शिक्षा व संसदीय कार्य तथा महिला व बाल विकास विभाग की बैठक रखी गई है। 14 जून को जेल, स्वास्थ्य, उद्यानिकी, सामाजिक न्याय, श्रम, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा वित्त विभाग की विभिन्न योजनाओं की बैठक होगी। इसीतरह बैठक का अन्य शेड्यूल जारी किया गया है।*

**6 जून से लेकर 14 जून तक का यह है शेड्यूल**

वित्त विभाग के साथ 6 जून को धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, घुमंतु व अर्ध घुमंतु, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विभाग के साथ ही जल संसाधन व विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग की बैठक होगी। सभी बैठके अलग-अलग समय में उसी अनुसार रखी गई है। बैठकें सुबह 11 बजे से शुरू होकर रात 8 बजे तक चलेगी। इस दौरान अधिकारियों के बीच बजट आवंटन आदि को लेकर चर्चा होगी। 7 जून को विमानन, पर्यावरण, तकनीकी शिक्षा, विकास एवं रोजगार, एमएसएमई, भोपाल गैस त्रासदी तथा उद्योग विभाग की बैठक व 10 जून को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा, स्कूल शिक्षा, पशुपालन, पीडब्ल्यूडी तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग की बैठक होगी।

---

ठंडा पानी, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड सहित अन्य व्यवस्थाएं करने के लिए कहा

# सीईओ राजन ने पुरानी केंद्रीय जेल में स्थित मतगणना कक्ष में कूलर लगवाने के दिए निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन ने एक जून को भोपाल के पुरानी केंद्रीय जेल स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने तेज गर्मी के मद्देनजर मतगणना स्थल पर कूलर, पंखे, ठंडा पानी, मेडिकल किट, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

लोकसभा के तहत 4 जून को भोपाल लोकसभा क्षेत्र में जिले की 7 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना होगी। राजन ने विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा। मतगणना टेबल, मतगणना कार्य में संलग्न अधिकारी, कर्मचारियों की संख्या तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद वे कंट्रोल रूम पहुंचकर निरीक्षण किए। उन्होंने मतगणना स्थल परिसर में रूके हुए निर्वाचन अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि से चर्चा की। प्रतिनिधियों ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। सीसीटीवी से स्ट्रांग रूम की मॉनीटरिंग संबंधी व्यवस्था को देखा। उन्होंने मीडिया सेंटर में टीवी, कम्प्यूटर, इंटरनेट, पानी, कूलर आदि की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

### 116 मतगणना प्रेक्षक की निगरानी में होगी काउंटिंग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मप्र में 116 मतगणना प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। ये प्रेक्षक अन्य राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी हैं। इनकी निगरानी में मतगणना की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों को बारे में विस्तार से जानकारी दी।

राजन ने बताया कि 4 जून को प्रदेश के सभी 29 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से मतगणना कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। मतगणना के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। मतगणना के बाद भी शांति बनाए रखने के लिए सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए गए हैं।

---

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, गांव में पसरा मातम

# दशरंगपुर से कवर्धा जा रहे दो युवकों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

रविवार को एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। यह हादसा कवर्धा-सिमगा नेशनल हाईवे स्थित ग्राम दशरंगपुर का है। मृतक युवक का नाम गजानंद साहू पिता जगनू साहू उम्र 22 व विनय साहू पिता संतोष साहू उम्र 23 दोनों निवासी ग्राम दशरंगपुर के है।

ये रविवार सुबह करीब 11 बजे ग्राम दशरंगपुर से मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 09 जेसी 8671 से कवर्धा की ओर जा रहे थे। अभी अज्ञात वाहन ने इन्हें टक्कर मार दी। इससे दोनों युवक को गंभीर चोट लगी। आसपास से गुजरने वाले लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इन्हें कवर्धा के जिला अस्पताल में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है।

इस मामले में दशरंगपुर पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर जांच में ले लिया है। अज्ञात वाहन के संबंध में



खोजबीन जारी है। वही युवकों की मौत बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। गांव में एक ही दिन दो युवकों की मौत की खबर आने से मातम पसरा है। रविवार को पीएम बाद दोनों के शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने मतदान प्रक्रिया संपन्न होने पर वोटरों को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकसभा चुनाव 2024 की मतदान प्रक्रिया सफलतापूर्व सम्पन्न होने पर सभी मतदाताओं को धन्यवाद और बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर कहा कि मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग कर देश के उज्जवल भविष्य के लिए अपने कर्तव्य का निर्वहन किया है। लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए मताधिकार का उपयोग किया है, इसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए चुनाव आयोग, प्रशासन और पुलिस बल को भी बधाई दी है।

अभनपुर में सुबह यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई

# जगदलपुर से रायपुर आ रही 40 यात्रियों से भरी बस बनी आग का गोला, बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगभग 30 किमी दूर अभनपुर में



शनिवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब यात्रियों से भरी एक चलती यात्री बस में अचानक से आग लग गई और बस देखते ही देखते धू-धू कर जल उठी, लेकिन गनीमत रही की हादसा हो इससे पहले ही बस में सवार सभी यात्री दरवाजे से निकल कर भागने में सफल हो गए।

### बस सवार सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित

*बस सवार सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि बस में रखा यात्रियों का सामान पूरी तरह से जल गया। बस में करीब 40 यात्री सवार थे। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। बस सवार यात्रियों द्वारा घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम वहां पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद बस में लगी आग पर काबू पा लिया। हालांकि बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि रेडिएटर में ओवर हीटिंग के कारण बस में आग लग गई और देखते ही देखते 5 से 20 मिनट में पूरी बस धू-धू कर जल उठी। इस दौरान बस में बैठे यात्री को जैसे ही आग की खबर लगी हड़कंप मच गया। सीसीटीवी में देखा जा सकता है कि कैसे यात्री बस से अपने सामान को लेकर उतरते नजर आ रहे हैं। इस दौरान बस में आग की खबर लगते ही कुछ यात्री इस कदर घबरा गए कि उतरते वक्त लड़खड़ाकर गिर गए।*

---

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया बैठक को संबोधित

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई लोकसभा विस्तारकों की बैठक, मतगणना पर बनाई गई विशेष रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में शनिवार को लोकसभा विस्तारकों की बैठक हुई। इस बैठक को भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने संबोधित किया। मंच पर उत्तर प्रदेश के विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक, वरिष्ठ नेता विजय दुबे भी मौजूद रहे। इस दौरान बैठक में संगठन के कामकाज में कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर चर्चा हुई। विस्तारकों की बैठक के बाद वरिष्ठ नेतृत्व ने चार जून को मतगणना की तैयारियों की लेकर भी चर्चा की। प्रदेश कार्यालय में कंट्रोल रूम से मतगणना स्थल की गतिविधियों पर पल-पल की नजर रखी जाएगी।




## कांग्रेस केवल हार का बहाना ढूंढ रही: विष्णुदत्त

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि चार जून को नतीजे आएंगे, तो हम 58 से 68 प्रतिशत तक वोट शेयर के साथ आगे पहुंच चुके होंगे, लेकिन कांग्रेस केवल हार का बहाना ढूंढ रही है। दिग्विजय सिंह ईवीएम पर आरोप लगा रहे हैं, फिर कह रहे हैं कि चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत का जो डेटा जारी कर रहा है, उसे बदल क्यों रहा है। दिग्विजय सिंह, जब आपकी सरकार थी, तो क्या चुनाव आयोग एक मिनट में पूरा आंकड़ा जारी कर देता था? उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह को न लोकतंत्र पर विश्वास है, न संविधान और न ही कोर्ट-कानून पर। छिंदवाड़ा की जनता ने नकुल नाथ को नकार दिया, तो वे कलेक्टर पर सवाल उठा रहे हैं।

### भाजपा में आए कांग्रेस नेताओं का भी मुद्दा उठा

*सूत्रों की माने तो बैठक के दौरान कांग्रेस से भाजपा में आए या लाए गए नेताओं को भी मुद्दा उठा। बताया गया कि इन नेताओं के साथ तालमेल बैठाना मुश्किल हो रहा है। वह भाजपा की रीति-नीति से अवगत नहीं हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार के दौरान भी समस्याएं हुईं। इसके साथ ही मंच साझा करने को लेकर भी कई बार विवाद की स्थिति बनी। इस पर पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि भाजपा के पुराने और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को चिंता करने की आवश्यकता नहीं, पार्टी में उनका पूरा ध्यान रखा जाएगा।*

# उज्जैन जिले में पॉक्सो एक्ट में आरोपी की जमानत निरस्त

## मध्यप्रदेश का पहला ऐसा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला अपराधों के निराकरण में सीएम डॉ. मोहन यादव ने सख्ती की है, इसलिए अब महिला अपराधों में जमानत पर बाहर घूम रहे आदतन अपराधियों की जमानत निरस्ती की कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में उज्जैन जिले में महिला अपराधों में पुलिस ने आरोपी की जमानत निरस्त कराई है। प्रदेश में अभी आरोपी की जमानत निरस्त कराने का पहला मामला है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में नीलगंगा थाना पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। पूरा मामला यह है कि पाक्सो एक्ट के आरोपी सौरभ श्रीवास की जमानत विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट 2012 ) उज्जैन ने निरस्त करते हुए उसे उसे केंद्रीय जेल भैरवगढ़ में भेजने के आदेश दिए हैं। आरोपी को 5 जनवरी को प्रस्तुत जमानत आवेदन के अनुसार स्वीकार कर शर्तों के अधीन तीस हजार रुपए की जमानत एवं इतनी ही राशि के बंधपत्र प्रस्तुत करने पर नियमित जमानत का लाभ दिया गया था। जमानत मिलने के बाद आरोपी पीड़िता को धमका रहा था। इसे लेकर नीलगंगा थाना पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किए थे। इस मामले में पुलिस ने न्यायालय में आरोपी को प्रदान की गई जमानत निरस्त किए जाने का निवेदन किया था।

## घर में अकेली देख युवक की बदली नीयत, नाबालिग से दुष्कर्म

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि लड़की घर पर अकेली थी। आरोपी उसके घर मेहमानी में आया था। घर में अकेली देखकर उसने नाबालिग लड़की के मुंह को चुनरी से बांध दिया। कमरे में ले जाकर आरोपी युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि गुरुवार को वह घर पर अकेली थी। माता-पिता काम पर चले गए थे। सुबह 10 बजे राजेश लहरे घर आया था। दोपहर करीबन 2.30 बजे घर में कोई नहीं होने का फायदा उठाकर आरोपी राजेश लहरे ने उसके मुंह को चुनरी से बंद कर दिया। पीड़िता ने भागने की कोशिश की, लेकिन खुद को बचा न सकी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## चिंतन

# चुनाव आयोग पर संदेह करना लोकतंत्र के लिए उचित नहीं

किसी भी सफल लोकतंत्र की जड़ में वहां की स्वतंत्र संस्थाएं होती हैं। जब तक ये संस्थाएं निष्पक्षता से कार्य करती हैं, तब तक लोकतंत्र की जड़ें पोषित होती हैं। दुनिया के सबसे विशाल और सफल लोकतंत्र भारत की कामयाबी में भी स्वतंत्र संस्थाओं का अहम योगदान है। इन्हीं में से एक है चुनाव आयोग। दरअसल, संविधान निर्माताओं ने स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए अनुच्छेद 324 में निर्वाचन आयोग की व्यवस्था की थी और संविधान की मूल भावना के अनुसार आयोग को निष्पक्ष तो होना ही चाहिए। इसमें किसी को शको शुबहा नहीं होना चाहिए कि देश भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद, राजनीति-नौकरशाही और अपराधियों का गठजोड़, तरक्की के अवसरों पर मुट्ठीभर लोगों का कब्जा आदि समस्याओं से ग्रस्त है। समय के साथ-साथ कुछ खामियां आयोग की कार्यप्रणाली में भी आई हैं। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता कि आयोग में सुधार की जरूरत है। चुनावों में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग नई बात नहीं है। आजादी के बाद से विपक्षी दल चुनावों में प्रशासनिक तंत्र के दुरुपयोग के विरुद्ध हमेशा आवाज उठाते रहे हैं, लेकिन जब विपक्षी दल सत्तारूढ़ होते हैं तो फिर उन पर भी चुनावों में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगता है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि आयोग पर केंद्र सरकार और राज्यों की निर्वाचन मशीनरी पर राज्य की सत्तारूढ़ पार्टियों का दबाव रहता है। चुनाव से ठीक पहले राज्य सरकारें अपने भरोसेमंद अधिकारियों को महत्वपूर्ण स्थानों पर फिट कर लेती हैं, इसीलिए राज्यों में भी निर्वाचन आयोग के गठन की सिफारिश हो चुकी है। वर्तमान में राज्य का ही कोई अधिकारी राज्य का मुख्य निर्वाचन अधिकारी होता है, जोकि अन्य जनसेवकों की तरह राज्य सरकार का सेवक होता है और उस पर सत्ताधारी दल का प्रभाव हो सकता है। जिला मजिस्ट्रेट ही निर्वाचन अधिकारी होते हैं जो अपनी सरकार के अधीन होते हैं। कहने के लिए चुनाव के दौरान सारी मशीनरी निर्वाचन आयोग के अधीन आ जाती है, जिसकी अपनी निष्पक्षता हमेशा ही संदेह के घेरे में रहती है। इतना सब होने के बाद भी आयोग अपनी निष्पक्षता को बनाए रखने में कामयाब रहा है। आज भी हर देशवासी उसे विश्वास की नजर से देखता है, लेकिन अनेक अवसरों पर देखने में आया है कि राजनीतिक दल आयोग की विश्वसनीयता को प्रभावित करने की न केवल कोशिश करते हैं, बल्कि उस पर लांछन पर लगाते नजर आते हैं। जैसे ईवीएम पर ही सवाल खड़े कर दिए गए। ये तो भला हो सुप्रीम कोर्ट का जिसने इस पूरे अभियान को तारपीडो कर दिया। ऐसा ही एक प्रयास रविवार को हुआ जब कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया था कि गृह मंत्री अमित शाह जिला कलेक्टर्स को फोन करके डरा-धमका रहे हैं। इस पर तुरंत चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया और जयराम रमेश को पत्र लिखकर कहा कि आचार संहिता लागू होने के दौरान सभी अधिकारी इलेक्शन कमीशन को रिपोर्ट करते हैं। अब तक किसी डीएम ने ऐसी जानकारी नहीं दी है, जैसे आप दावा कर रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं कि वोट काउंटिंग की प्रक्रिया एक पवित्र ड्यूटी है, जो हर रिटर्निंग अफसर को सौंपी गई है। अपने दावे से जुड़ी डिटेल शेयर करें। ताकि सही एक्शन लिया जा सके। इसमें दोराय नहीं कि उनके पास न तो ऐसी जानकारी है और न वे आयोग को कुछ देने वाले है। वे केवल उसकी प्रतिष्ठा को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। नेताओं को भी समझना होगा कि संस्थाओं की निष्पक्षता ही लोकतंत्र का मूल है। अगर वो प्रभावित हुई तो पूरा देश प्रभावित होगा।

## एक्जिट पोल
प्रमोद भार्गव



# वास्तविकता में बदलेंगे अनुमान

अंतिम सातवें चरण का मतदान करीब 62 प्रतिशत होने के साथ लोकतंत्र का महायज्ञ समाप्त हो गया। इसी के साथ एग्जिट पोल के बहाने अटकलों का बाजार गर्म हो गया। देश के नामी-गिरामी आठ सर्वेक्षणों ने अनुमान लगाया है कि प्रचंड बहुमत के साथ मोदी सरकार तीसरी बार आ रही है। फलोदी समेत अन्य सट्टा बाजार भी इसी अनुमान की पुष्टि करते दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारा 400 पार मतगणना के धरातल पर सच होने के करीब है। साफ है, केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन 375 से 415 सीटों पर विजयश्री प्राप्त कर सरकार बनाने जा रहा है। इनमें अकेली भाजपा की 300 से ऊपर सीटें होंगी। जबकि इंडिया गठबंधन को अधिकतम 129 से 161 सीटें मिलने की उम्मीद है। इसमें कांग्रेस 52 से 56 सीटें जीत सकती हैं। लोकसभा की कुल 543 सीटें हैं और सत्तारुढ़ होने के लिए 272 सीटों का आंकड़ा जरूरी है। चैनलों के सभी सर्वे राजग को पूर्ण बहुमत दे रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में राजग को 353 और यूपीए को 91 सीटें मिली थीं। 148 सीटें क्षेत्रीय दल और निर्दलियों के खाते में गई थीं। इस चुनाव में भाजपा को 303 और कांग्रेस को 52 सीटें मिल पाई थीं। 2014 और 19 में किसी भी दल को इतनी सीटें नहीं मिली थीं कि वह लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने का अधिकारी हो जाए। 2024 में भी विपक्ष को इस हालात का सामना करना पड़ सकता है।

ऐसे में एक बार फिर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, ममता बनर्जी, मायावती, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव और दक्षिण भारत के विपक्षी दलों को झटका लगने जा रहा है। बेमेल धर्म व जातीय समीकरणों के बूते उप्र में जो सबसे ज्यादा सीटें जीतने की हुंकार अखिलेश और मायावती भर रहे थे, वहां राजग को 69 सीटें मिलने का अनुमान है। कांग्रेस-सपा गठबंधन को 11 सीटों पर संतोष करना होगा। मायावती का इस बार खाता खुलना भी मुश्किल है। साफ है, चुनावी नक्कारखाने में धर्म और जाति की तूती से अब सनातन मतदाता दूर जाता दिखाई दे रहा है। कह सकते हैं कि प्रियंका गांधी अपनी दादी इंदिरा गांधी की तरह चमत्कारिक व्यक्तित्व के रूप में पेश नहीं आ पा रही हैं और न राहुल गांधी का नेतृत्व जनता स्वीकार करने को तैयार है। संतान के मोह में सोनिया गांधी ने कांग्रेस को हाशिए पर डालने का काम कर दिया है। सर्वेक्षणों की मानें तो भाजपा ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और ओडिशा में नवीन पटनायक की बुनियाद हिला दी है। बंगाल में राजग 21 और ओडिशा में 15 सीटें तक लेती दिखाई दे रही है। यही नहीं इस बार भाजपा के लिए दक्षिण के सभी प्रांत स्वागत के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं। कर्नाटक में भाजपा की सभी 28 सीटों पर भाजपा बढ़त में है। तमिलनाडू में राजग 4, आंध्रप्रदेश में 20, केरल में 2 और तेलंगाना में 17 सीटें जीत सकती है। इनसे इतर महाराष्ट्र में 29, गुजरात में 26 में से 26, राजस्थान में 20, असम में 11, पंजाब में 3, छत्तीसगढ़ में 11, हरियाणा में 6, बिहार में 33 सीटें मिलने की उम्मीद है। झारखंड में भाजपा को नुकसान हो सकता है। पूर्वोत्तर भारत में भी भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ बढ़त बनाए हुए हैं। इन अनुमानों में कम्युनिस्ट पार्टियां पूरे देश में अस्तित्व बचाने की लड़ाई तक सीमित रह गई हैं। साफ है, वामपंथ पर दक्षिणपंथ भारी पड़ रहा है।

हालांकि 2019 की तुलना में सभी चरणों में मतदान कम रहा है। अब 4 जून को वास्तविक नतीजे आएंगे, लेकिन मतदान के बाद एग्जिट पोल सर्वेक्षणों के खुलासे ने साफ कर दिया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और मोदी व अमित शाह की जोड़ी जमीन पर रणनीतिक सफलता हासिल करने जा रही है। इस बार मोदी की आक्रामक शैली ने हिंदू वोटों को पूरे देश में जबरदस्त ढंग से ध्रुवीकृत किया है, जबकि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल चुनाव के दौरान भी मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति का खेल खेलते रहे। आंध्रप्रदेश और कर्नाटक में पिछड़े वर्ग के कोटे में मुसलमानों को आरक्षण देना महंगा पड़ा दिखाई देता है। मोदी ने इस मुद्दे को उछालकर न केवल इन प्रांतों में बल्कि पूरे देश में पिछड़े और अतिपिछड़ों को अपने संवैधानिक अधिकार के प्रति सचेत कर दिया। नतीजतन इस वर्ग के मतदाताओं ने राजग को झोली भरकर वोट दिए। इस मुद्दे को मोदी ने बंगाल में भी भुनाया। इसी का परिणाम है कि 2019 में मिलीं 18 सीटों की तुलना में भाजपा को यहां 21 से 28 सीटें मिलने तक का अनुमान बता रहे हैं। राम मंदिर, धारा-370 और तीन तलाक जैसे मुद्दों ने सभी वर्ग के मतदाताओं को लुभाया है। दूसरे लाडली बहना, मुफ्त राशन, मुफ्त आवास, हर घर में नल से जल, स्वास्थ्य लाभ के लिए आयुष्मान योजना और स्त्री सुरक्षा के लिए शौचालय जैसी योजनाओं से मिले लाभ के चलते ग्रामीण मतदाता राजग के पक्ष में खुला खड़ा दिखाई दिया है। अच्छे मतदान ने भी राजग की स्थिति अच्छी बना दी है। 2019 की तुलना में कम रहने के बावजूद औसत मतदान 62 प्रतिशत से ऊपर रहा है। ये सर्वे यदि 4 जून को आने वाले वास्तविक नतीजों पर खरे उतरते हैं तो राजग गठबंधन स्पष्ट बहुमत में होगा। ये अनुमान जताते हैं, कि दलित, वंचित और वनवासी मतदाताओं का जातिगत मतदान से मोहभंग हो रहा है और वे क्षेत्रीय संकीर्णता से मुक्त हो रहे हैं। इस बार धर्मनिरपेक्षता के पैरोकारों पर सनातन-सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हावी रहा है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल के प्रमुखों ने रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण भले ही ठुकराया हो, लेकिन भगवान राम की भक्ति सभी ने दिखाई। भाषणों में बहुत ज्यादा धर्मनिरपेक्ष होने का दंभ नहीं भरा। गोया लगता है, अब छद्म धर्मनिरपेक्षता का आवरण टूट रहा है। केवल बंगाल में ममता बनर्जी मुस्लिम मतदाताओं के तुष्टिकरण के इस छल का सहारा ले रही हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कन्याकुमारी में साधना से निकले नये संकल्प



चिंतन
नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

मेरे प्यारे देशवासियों,

लोकतंत्र की जननी में लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव 1 जून को पूरा हो गया है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं अभी दिल्ली जाने के लिए हवाई जहाज में आकर बैठा ही हूं..। कितने सारे अनुभव हैं, कितनी सारी अनुभूतियां हैं...मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं।

वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। माँ भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरुआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद...उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार...मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं...मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था।

कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार...आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया...मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया।

इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहाँ आया था।

मैं ईश्वर का भी आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा! मेरी साधना का कुछ हिस्सा इसी तरह के विचार प्रवाह में बहा।

इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में निरंतर भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे। कन्याकुमारी के उगते हुए सूर्य ने मेरे विचारों को नई ऊंचाई दी, सागर की विशालता ने मेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता, Oneness का निरंतर ऐहसास कराया। ऐसा लग रहा था जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों।



साथियों,

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था।

कश्मीर से कन्याकुमारी... ये हर देशवासी के अन्तर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है जहां मां शक्ति ने कन्या कुमारी के रूप में अवतार लिया था। इस दक्षिणी छोर पर माँ शक्ति ने उन भगवान शिव के लिए तपस्या और प्रतीक्षा की जो भारत के सबसे उत्तरी छोर के हिमालय पर विराज रहे थे।

कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है। और यहाँ एक और महान संगम दिखता है- भारत का वैचारिक संगम!

यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराज मणि मंडपम हैं। महान नायकों के विचारों की ये धाराएँ यहाँ राष्ट्र चिंतन का संगम बनाती हैं। इससे राष्ट्र निर्माण की महान प्रेरणाओं का उदय होता है। जो लोग भारत के राष्ट्र होने और देश की एकता पर संदेह करते हैं, उन्हें कन्याकुमारी की ये धरती एकता का अमिट संदेश देती है।

कन्याकुमारी में संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, समंदर से मां भारती के विस्तार को देखती हुई प्रतीत होती है। उनकी रचना 'तिरुक्कुरल' तमिल साहित्य के रत्नों से जड़ित एक मुकुट के जैसी है। इसमें जीवन के हर पक्ष का वर्णन है, जो हमें स्वयं और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करना भी मेरा परम सौभाग्य रहा।

साथियों,

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था- Every Nation Has a Message To deliver, a mission to fulfil, a destiny to reach.

भारत हजारों वर्षों से इसी भाव के साथ सार्थक उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ता आया है। भारत हजारों वर्षों से विचारों के अनुसंधान का केंद्र रहा है। हमने जो अर्जित किया उसे कभी अपनी व्यक्तिगत पूंजी मानकर आर्थिक या भौतिक मापदण्डों पर नहीं तौला। इसीलिए, 'इदं न मम' यह भारत के चरित्र का सहज एवं स्वाभाविक हिस्सा हो गया है।

भारत के कल्याण से विश्व का कल्याण, भारत की प्रगति से विश्व की प्रगति, इसका एक बड़ा उदाहरण हमारी आज़ादी का आंदोलन भी है। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। उस समय दुनिया के कई देश गुलामी में थे। भारत की स्वतन्त्रता से उन देशों को भी प्रेरणा और बल मिला, उन्होंने आजादी प्राप्त की। अभी कोरोना के कठिन कालखंड का उदाहरण भी हमारे सामने है। जब गरीब और विकासशील देशों को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, लेकिन, भारत के सफल प्रयासों से तमाम देशों को हौसला भी मिला और सहयोग भी मिला।

आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण बना है। सिर्फ 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। प्रो-पीपल गुड गवर्नेंस, aspirational district, aspirational block जैसे अभिनव प्रयोग की आज विश्व में चर्चा हो रही है। गरीब के सशक्तिकरण से लेकर लास्ट माइल डिलीवरी तक, समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को प्राथमिकता देने के हमारे प्रयासों ने विश्व को प्रेरित किया है। भारत का डिजिटल इंडिया अभियान आज पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल गरीबों को सशक्त करने में, पारदर्शिता लाने में, उनके अधिकार दिलाने में कर सकते हैं। भारत में सस्ता डेटा आज सूचना और सेवाओं तक गरीब की पहुँच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता का माध्यम बन रहा है। पूरा विश्व technology के इस democratization को एक शोध दृष्टि से देख रहा है और बड़ी वैश्विक संस्थाएं कई देशों को हमारे मॉडल से सीखने की सलाह दे रही हैं।

आज भारत की प्रगति और भारत का उत्थान केवल भारत के लिए बड़ा अवसर नहीं है। ये पूरे विश्व में हमारे सभी सहयात्री देशों के लिए भी एक ऐतिहासिक अवसर है। G-20 की सफलता के बाद से विश्व भारत की इस भूमिका को और अधिक मुखर होकर स्वीकार कर रहा है। आज भारत को ग्लोबल साउथ की एक सशक्त और महत्वपूर्ण आवाज़ के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भारत की ही पहल पर अफ्रीकन यूनियन G-20 ग्रुप का हिस्सा बना। ये सभी अफ्रीकन देशों के भविष्य का एक अहम मोड़ साबित हुआ है।

साथियों,

नए भारत का ये स्वरूप हमें गर्व और गौरव से भर देता है, लेकिन, साथ ही ये 140 करोड़ देशवासियों को उनके कर्तव्यों का अहसास भी करवाता है। अब एक भी पल गँवाए बिना हमें बड़े दायित्वों और बड़े लक्ष्यों की दिशा में कदम उठाने होंगे। हमें नए स्वप्न देखने हैं। अपने सपनों को अपना जीवन बनाना है, और उन सपनों को जीना शुरू करना है।

आज की वैश्विक परिस्थितियों में युवा राष्ट्र के रूप में भारत का सामर्थ्य हमारे लिए एक ऐसा सुखद संयोग और सुअवसर है जहां से हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना है।

21वीं सदी की दुनिया आज भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है। और वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमें कई बदलाव भी करने होंगे। हमें reform को लेकर हमारी पारंपरिक सोच को भी बदलना होगा। भारत reform को केवल आर्थिक बदलावों तक सीमित नहीं रख सकता है। हमें जीवन में हर क्षेत्र में reform की दिशा में आगे बढ़ना होगा। हमारे reform 2047 के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप भी होने चाहिए।

स्वामी विवेकानंद ने 1897 में कहा था कि हमें अगले 50 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करने होंगे। उनके इस आह्वान के ठीक 50 वर्ष बाद, 1947 में भारत आज़ाद हो गया।

आज हमारे पास वैसा ही स्वर्णिम अवसर है। हम अगले 25 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करें। हमारे ये प्रयास आने वाली पीढ़ियों और आने वाली शताब्दियों के लिए नए भारत की सुदृढ़ नींव बनकर अमर रहेंगे। मैं देश की ऊर्जा को देखकर ये कह सकता हूँ कि लक्ष्य अब दूर नहीं है। आइए, तेज कदमों से चलें...मिलकर चलें, भारत को विकसित बनाएं।

# हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित
दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं।

# झूठे आरोप का सामना बुद्धिमानी व धैर्य के साथ करें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत की कथा है। उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली और जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वही गिर गई। इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। श्रीकृष्ण मणि खोजने लगे। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बढ़ती जनसंख्या कई समस्याओं की जड़

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। जनसंख्या वृद्धि को रोकना नितांत आवश्यक है क्योंकि इससे कई समस्याएं पैदा होती हैं।

*– पवन साहू, दुर्ग*

## ट्रेंड

### ऐतिहासिक निर्णय



डब्ल्यूएचए 77 प्रतिनिधियों द्वारा आज लिए गए ऐतिहासिक निर्णय अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम संशोधन को अपनाएं। एक वर्ष के भीतर महामारी समझौते को अंतिम रूप देकर इच्छा प्रदर्शित करें। कौन सदस्य देश सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के साझा जोखिम से लोगों की रक्षा करेंगे

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### पर्याप्त कार्रवाई नहीं



राष्ट्रीय बंदूक हिंसा जागरूकता माह के दौरान, हम उन हजारों अमेरिकियों को याद करते हैं जिनकी जान हर साल बंदूक हिंसा में चली जाती है। मैंने महत्वपूर्ण बंदूक सुरक्षा बिल पर हस्ताक्षर किए हैं और कार्रवाई की हैं-लेकिन यह पर्याप्त नहीं है।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### सच्चाई सामने आ गई



मोदी जी अपने एग्जिट पोल पर ज़रूर नाचेंगे कूदेंगे, लेकिन सच्चाई 4 जून को सामने आ ही जाएगी। मोदी जी की पार्टी घोर परिवारवादी है बीजेपी ने 442 में 110 सीट राजनीतिक परिवारों को दिया है। सारे भ्रष्टाचारी आज मोदी के साथ हैं।

-संजय सिंह, आप सांसद

### सरकार के ख़िलाफ़ आक्रोश




जिसने भी ज़मीन पर जाकर चुनाव को देखा है, वो ख़ुद एक्जिट पोल के आंकड़ों को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। असलियत यह है कि ज़मीन पर लोगों में मोदी और उनकी सरकार के ख़िलाफ़ आक्रोश है।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

## करंट अफेयर


# चीन यूक्रेन शांति वार्ता में शामिल होने से रोक रहा



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को दावा किया कि चीन अन्य देशों पर आगामी यूक्रेन शांति वार्ता में शामिल न होने का दबाव बना रहा है। जेलेंस्की ने यूक्रेन में जारी युद्ध को लेकर स्विटजरलैंड द्वारा प्रस्तावित शांति सम्मेलन को बाधित करने में रूस की मदद करने का चीन पर आरोप लगाया। सिंगापुर में शांगरी-ला रक्षा मंच पर जेलेंस्की ने कहा कि चीन अन्य देशों पर आगामी यूक्रेन शांति वार्ता में शामिल न होने का दबाव बना रहा है। उन्होंने कहा, 'रूस, क्षेत्र में चीनी प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए, शांति शिखर सम्मेलन को बाधित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।' उन्होंने कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि चीन जैसा शक्तिशाली देश पुतिन (रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन) के हाथों की कठपुतली है।' इससे पहले दिन में एशिया के सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए जेलेंस्की ने शीर्ष रक्षा अधिकारियों से आगामी शिखर सम्मेलन में भाग लेने का आग्रह किया और कहा कि वह कुछ देशों द्वारा इसमें शामिल होने के लिए प्रतिबद्धता जताने में विफल रहने से निराश हैं। उन्होंने कहा, 'हम विभिन्न प्रस्तावों और विचारों को सुनने के लिए तैयार हैं, ताकि युद्ध की समाप्ति हो सके और कोई स्थायी समाधान निकाला जा सके।'

## ऑफ बीट

# नींद में मस्तिष्क विषाक्त अपशिष्ट से पाता है छुटकारा



इसमें कोई संदेह नहीं है कि नींद मस्तिष्क के लिए अच्छी है। यह विभिन्न भागों को पुनर्जीवित करने और यादों को स्थिर करने में मदद करती है। जब हम पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं, तो इससे तनाव का स्तर बढ़ सकता है और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। साक्ष्य इस धारणा का भी समर्थन करते हैं कि जागते रहने की तुलना में सोते वक्त हमारा मस्तिष्क अधिक विषाक्त अपशिष्ट से छुटकारा पाता है। यह प्रक्रिया संभावित रूप से हानिकारक चीजों जैसे कि एमिलॉयड से छुटकारा पाने में महत्वपूर्ण मानी जाती है। एमिलॉयड प्रोटीन मस्तिष्क में होने वाले अल्जाइमर रोग से जुड़ा हुआ है। हालांकि, चूहों पर किए गए एक हालिया अध्ययन में इसके विपरीत निष्कर्ष सामने आए हैं। इस अनुसंधान पत्र के लेखकों ने संकेत दिया है कि चूहों में, नींद के दौरान मस्तिष्क से हानिकारक सामग्री की निकासी वास्तव में कम होती है और पिछले निष्कर्षों की भी इस तरह से पुनर्व्याख्या की जा सकती है। मस्तिष्क की सफाई प्रणाली चूंकि मस्तिष्क एक सक्रिय ऊतक है जिसमें हर समय कई चयापचय और कोशिकीय प्रक्रियाएं होती रहती हैं। इसलिए यह बहुत सारा अपशिष्ट पैदा करता है। यह अपशिष्ट हमारे 'ग्लाइम्फैटिक' प्रणाली द्वारा निकाला जाता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## गारंटियों के चलते सिक्किम में तमांग ने फिर मारा मैदान

# सत्ताधारी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने 11 साल में अपने 'गुरु' को कर दिया 'पस्त', इस बार तो दोनों सीटों पर झेलनी पड़ी बहुत बड़ी पराजय

सिक्किम विधानसभा चुनाव के नतीजे रविवार को घोषित कर दिए गए। एसकेएम पार्टी 31 सीट पर विजयी रही। इसके अलावा बची एकमात्र सीट सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) को मिली।

एजेंसी ⏭ गंगटोक

लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले रविवार को 2 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हो गए। पूर्वोत्तर राज्य सिक्किम में सत्ताधारी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) की प्रचंड बहुमत की सरकार बनी। एसकेएम पार्टी 31 सीट पर विजयी रही। इसके अलावा बची एकमात्र सीट सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) को मिली। तेनजिंग नोरबू लाम्था ने एसडीएफ के टिकट पर श्यारी विधानसभा सीट से जीत हासिल की है। एसकेएम प्रमुख और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने गंगटोक जिले की रेनॉक और सोरेंग जिले की सोरेंग-चाकुंग विधानसभा सीटों से जीत हासिल की। राज्य में विधानसभा की 32 सीटें हैं और बहुमत का आंकड़ा 17 है। सीएम तमांग की पत्नी कृष्णा कुमारी राय ने भी सफलता हासिल की।

■ सीएम की पत्नी भी चुनाव जीतीं


प्रेम सिंह तमांग


पवन कुमार चामलिंग



### 'गुरु' दोनों सीटों से हारे

#### पूर्व सीएम पवन कुमार के साथ हो गया 'खेला'

पूर्व मुख्यमंत्री और एसडीएफ सुप्रीमो पवन कुमार चामलिंग के साथ विधानसभा चुनाव में बड़ा खेला हो गया है। दो सीटों परी विधानसभा चुनाव लड़े रहे चामलिंग को दोनों सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है। चामलिंग पोकलोक-कामरंग और नामचेयबुंग दोनों विधानसभा सीटों से चुनाव हार गए हैं। पोकलोक-कामरंग सीट पर चामलिंग एसकेएम के उम्मीदवार भोजराज राय से 3,063 मत से हार गए। चामलिंग नामचेयबुंग विधानसभा क्षेत्र में एसकेएम उम्मीदवार राजू बसनेत से 2,256 मत से हार गए।

**9 गारंटियों ने दिलाई सफलता**

एसकेएम पार्टी के चुनावी घोषणापत्र में 'नौ गारंटी' का उल्लेख किया था। ये नौ गारंटियां थीं (1) - 371 (एफ) की सुरक्षा, (2) - युवाओं का सुनहरा भविष्य, (3) - महिलाओं के लिए 50% सरकारी नौकरी आरक्षण के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, (4) - समृद्ध सिक्किम (5) स्वस्थ सिक्किम प्रत्येक नागरिक के लिए स्वास्थ्य बीमा, (6) - शिक्षित सिक्किम, (7) - कृषि क्षेत्र (8) - प्रत्येक नागरिक के लिए कल्याणकारी योजनाएं, (9) - सुशासन।

**राजनीति के गुरु को ही दे दिया झटका**

कभी एसडीएफ के संस्थापक और पूर्व सीएम पवन कुमार चामलिंग को अपना राजनीतिक गुरु मानने वाले तमांग ने एसडीएफ के खिलाफ ही विरोध की आवाज को बुलंद किया था। इसके बाद लगातार दो चुनावों में एसडीएफ को करारी शिकस्त दी।

**10 साल में छठी बार चुनाव हारे पूर्व कप्तान भूटिया**



इस बीच कई बड़े नेता भी चुनाव हार गए हैं। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया चुनाव हार गए हैं। उन्हें सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के रिक्शल धोरजी ने 4346 वोटों से हरा दिया है। यह 10 सालों में बाइचुंग भूटिया की छठी हार है।

### सोमनाथ भारती का ऐलान

#### मोदी तीसरी बार पीएम बने तो सिर मुंडवा लूंगा



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती अपनी सोशल मीडियो पोस्ट की वजह से चर्चा में हैं। लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद जिस रह से तमाम एग्जिट पोल में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने की बात कही जा रही थी। भारती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके लिखा, अगर मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें तो मैं अपना सिर मुंडवा लूंगा। मेरे शब्द याद कर लीजिए।

### आचार्य प्रमोद का इंडी गठबंधन पर बड़ा हमला

#### विपक्ष सत्ता के लालच में मीटिंग पर मीटिंग कर रहा



**नई दिल्ली।** एग्जिट पोल के नतीजों में एक बार फिर से भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की सरकार बनती हुई नजर आ रही है। कभी कांग्रेस के लिए पूरी तरह से समर्पित रहने वाले आचार्य प्रमोद कृष्णम ने इंडिया अलायंस और कांग्रेस की जमकर आलोचना की है और कहा कि इंडिया अलायंस सत्ता के लोभ में फंस गया है। कृष्णम ने कहा कि 4 जून को नतीजे काफी चौंकाने वाले होंगे। एग्जिट पोल से भी ज्यादा सीटें आने वाली हैं। लोग मोदी को तीसरी बार पीएम बनाएंगे। एक तरफ वो नेता है जो राष्ट्र के कल्याण के लिए समर्पित है और दूसरी तरफ वो नेता है जो सत्ता के लालच में मीटिंग पर मीटिंग कर रहा है। विपक्ष की हरकतें ज्यादातर देश विरोधी हैं।

## कांग्रेस की बैठक के बाद बोले राहुल — यह एग्जिट पोल नहीं, मोदी पोल

लोकसभा चुनाव 2024 के एग्जिट पोल में तीसरी बार भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनने का अनुमान है। कांग्रेस ने एग्जिट पोल के नतीजों को एक मनोवैज्ञानिक खेल बताया। इन्हीं सब को लेकर विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने बैठक की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पार्टी के लोकसभा उम्मीदवारों, कांग्रेस विधायक दल के नेताओं और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों के साथ बैठक की। राहुल गांधी ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने इस दौरान सिद्धू मूसेवाला के एक गाने की याद दिलाई।



### ये एग्जिट पोल झूठे : जयराम

कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि ये एग्जिट पोल झूठे हैं। इंडिया गठबंधन को 295 सीटों से कम सीटें नहीं मिलने जा रही हैं। ये एग्जिट पोल फर्जी हैं क्योंकि पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मनोवैज्ञानिक खेल खेल रहे हैं। वे विपक्षी दलों, चुनाव आयोग, मतगणना एजेंटों, रिटर्निंग अधिकारियों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं और ऐसा माहौल बना रहे हैं कि वे वापस आ रहे हैं लेकिन वास्तविकता पूरी तरह से अलग है।

### सिब्बल ने मतगणना पर उठाए सवाल

#### चुनाव आयोग ने कहा- अनुमति है



दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी ने स्पष्ट किया कि उम्मीदवारों के काउंटिंग एजेंटों को आरओ और एआरओ की टेबल पर अनुमति है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि उम्मीदवारों के काउंटिंग एजेंटों को आरओ एआरओ की टेबल पर अनुमति है।

### शाह ने काउंटिंग से पहले 150 डीएम से की बात

#### जयराम के आरोप पर ईसी ने कहा वे सारी डिटेल पेश करें



चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश से उनके सार्वजनिक बयान पर तथ्यात्मक जानकारी और डेटा मांगा है। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया था कि शाह ने 150 डीएम को लोकसभा चुनावों के वोटों की गिनती से कुछ दिन पहले फोन कॉल किए हैं। शाह की इस तरह की जबरदस्त और निर्लज धमकी यह बताती है कि भाजपा कितनी हताश है?

### कांग्रेस में मची खलबली!

#### पप्पू यादव ने राहुल-प्रियंका पर ही बोला हमला



**पटना।** सर्वे एजेंसियों के एग्जिट पोल्स में एनडीए को भारी बढ़त का अनुमान लगाया है। इन सर्वे को नकारते हुए कांग्रेस नेता और राहुल गांधी ने कहा है कि यह सभी मोदी मीडिया पोल्स हैं। इन सबसे इतर एग्जिट पोल्स के अनुमान के बाद ही अंदरखाने कांग्रेस में खलबली के संकेत मिल रहे हैं, जिसकी आहट बिहार से आई है, जहां पप्पू यादव ने राहुल और प्रियंका गांधी वाड्रा पर बिहार की अनदेखी करने की बात कही है। एग्जिट पोल्स के औसतन अनुमान है कि 29-30 सीटों पर एनडीए बढ़त बन सकती है और 9-10 सीटें इंडिया गठबंधन के पास आ सकती हैं। इसको लेकर पूर्णिया से निर्दलीय लोकसभा चुनाव लड़ रहे पप्पू यादव ने पार्टी से नाराजगी जाहिर की है।

---

### खबर संक्षेप

#### जेल में कैदी को पीट पीटकर मार डाला

**कोल्हापुर।** यहां कलंबा सेंट्रल जेल में एक कैदी को कुछ अन्य कैदियों ने नाली के ढक्कन से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। घटना से कलम्बा सेंट्रल जेल में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि मृतक कैदी 1993 में मुंबई के बम विस्फोट हमले का आरोपी था। मृतक कैदी का नाम मुन्ना उर्फ मोहम्मद अली खान उर्फ मनोज कुमार भवरलाल गुप्ता है। यह टंकी के पास में नहाने गया था।



#### ट्रक में पीछे से घुसी कार मां सहित तीन की मौत

**लखीमपुर खीरी।** जिले में रविवार को एक और बड़ा हादसा हो गया। उचौलिया थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर पेट्रोल पंप के निकट रविवार को सुबह करीब 11 बजे एक कार नियंत्रित होकर पीछे से कंटेनर में जा घुसी। हादसे में लखनऊ की महिला और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। उसके पति समेत दो लोग घायल हुए हैं। इनकी हालत नाजुक बताई गई है।



#### सोनभद्र में भूकंप के झटके, 3.9 रही तीव्रता

**सोनभद्र।** यूपी के सोनभद्र में रविवार की दोपहर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसका मुख्य केंद्र जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर की दूरी पर चुर्क नगर पंचायत का गुरमा क्षेत्र रहा। जहां जमीनी सतह से दस किलोमीटर नीचे रिक्टर पैमाने पर 3.9 तीव्रता का भूकंप मापा गया। रविवार की दोपहर करीब 3 .50 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए।



---

### दिल्ली, महाराष्ट्र और राजस्थान तो भारी गर्मी से झुलस गए

# कहीं भीषण गर्मी तो कहीं पर बर्फबारी भारी बारिश-बाढ़ ने भी किया बेहाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गर्मी इस बार सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। दिल्ली में तो 79 साल का रिकॉर्ड टूट गया और पारा 52 डिग्री के पार चला गया। तापमान रोज लोगों को टॉर्चर दे रही है। कई शहरों में लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं असम और मणिपुर में बारिश और बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ है। नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम लोगों को राहत दे सकती है। उत्तर भारत में आग बरस रही है। लेकिन पूर्वोत्तर में इस वक्त सैलाब का सितम है। दिल्ली से राजस्थान तक पारा 50 डिग्री का आंकड़ा छू रहा है तो वहीं पहाड़ों पर कुछ दिनों से बर्फ का राज है। मनाली में बर्फबारी हुई है। बर्फबारी के बाद लोग ठंड से ठिठुर रहे हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिशा में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### मौसम विभाग का पूर्वानुमान, कई राज्यों में बारिश से मिलेगी राहत



**नागांव।** नागांव जिले में रविवार को चक्रवात रेमल के बाद हुई बारिश के बाद आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क पर लोग दोपहिया वाहन चलाते हुए।

#### कब मिलेगी राहत?

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार बिहार, झारखंड और ओडिशा में लू की स्थिति कम होने की उम्मीद है। मानसून की दस्तक के बाद पहाड़ी राज्यों में भी आसमान में बादल छाए हुए हैं। उत्तराखंड के नैनीताल, केदारनाथ और बद्रीनाथ में जोरदार बारिश हुई है। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश के मनाली स्नोफॉल के बाद यहां मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विभाग का मानना है कि अगले 1-2 दिनों में उत्तराखंड और हिमाचल के कई हिस्सों में बारिश हो सकती है।

#### इतनी गर्मी की वजह

बढ़ती गर्मी के पीछे के कई कारणों में से एक कारण बढ़ता औद्योगीकरण भी है। पेड़ काटे जा रहे हैं और शहर कंक्रीट में बदलता जा रहा है। क्लाइमेट चेंज भी बढ़ती गर्मी का कारण है। इसके अलावा नीनो इफेक्ट ने गर्मी को बढ़ा दिया है। नीनो इफेक्ट यानी प्रशांत महासागर के कई इलाकों में समुद्र का तापमान जब बढ़ता है तो गर्म होने वाली हवा मौसम को गर्म करती है।अल नीनो 2023 से शुरू होकर जून 2024 तक रह सकती है। इसके बाद मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।

**यहां गरजेंगे बादल और चलेगी आंधी**

पिछले कुछ दिनों से इन राज्यों में भारी गर्मी ने लोगों का पसीना निकाला हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4-5 दिनों तक पूर्वोत्तर भारत और दक्षिणी प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भारी से बहुत भारी बारिश जारी रहने की संभावना है।



### नवंबर में सीजेआई बनने की संभावना

## जहां की थी वकालत, वहीं सीधे जज बने जस्टिस विश्वनाथन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ नवंबर में रिटायर हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट की सीनियॉरिटी लिस्ट पर नजर डालें तो 2030 तक जो जज सीजेआई बनने वाले हैं, उसमें जस्टिस केवी विश्वनाथन भी शामिल हैं। वे पिछले साल से ही वकील से सुप्रीम कोर्ट के जज बनाए गए थे। वे अगस्त 2030 में 58वें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बनने की कतार में है। जस्टिस विश्वनाथन का जीवन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। किराए के कमरे से जूनियर एडवोकेट, फिर सीनियर एडवोकेट और सुप्रीम कोर्ट का जज बनने की कहानी दिलचस्प है।

#### इनको जानिए

जस्टिस विश्वनाथन मूल रूप से तमिलनाडु के पोलाची के रहने वाले हैं। उनका पूरा नाम कलापति वेंकटरमन विश्वनाथन है। 26 मई 1966 को जन्में जस्टिस विश्वनाथन की शुरुआती पढ़ाई लिखाई पोलाची के आरोकिया माता मैट्रिकुलेशन स्कूल, सैनिक स्कूल अमरावतीनगर और सेंट जोसेफ हायर सेकंडरी स्कूल में हुई। इसके बाद कोयंबटूर लॉ कॉलेज आ गए। यहां फर्स्ट रैंक के साथ बीए-एलएलबी की डिग्री हासिल की। यहां 5 साल के लॉ कोर्स के पहले बैच के छात्र थे।उन्होंने 1988 में बार काउंसिल ऑफ तमिलनाडु में एनरोलमेंट कराया और प्रैक्टिस शुरू कर दी। थोड़े दिनों बाद दिल्ली आ गए।

### उत्तराखंड के हवेली होटल का कारनामा

## अफसर यहां खा रहे थे कढ़ाई पनीर, निकली मुर्गे की हड्डी

एजेंसी ⏭ देहरादून

गजरौला में नेशनल हाईवे स्थित पूर्व सांसद हरीश नागपाल के हवेली होटल में उत्तराखंड के वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी श्रीश कुमार के खाने में परोसे गए कढ़ाई पनीर में मुर्गे की हड्डी निकल आईं। वे शनिवार को उत्तराखंड से ओडिशा जाने के लिए निकले थे। दोपहर में गजरौला में हवेली होटल पर खाना खाने के लिए रुके। उनके बेटे हर्ष के आगे परोसे गए कढ़ाई पनीर में मुर्गे की हड्डी निकाली तो उनके होश में उड़ गए। उन्होंने मामले की शिकायत अमरोहा डीएम से की। मंडी धनौरा की एसडीएम पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गईं। खाद्य एवं



सुरक्षा विभाग की टीम को भी बुला लिया गया। टीम ने मांस लगी हड्डी का सैंपल लिया है। जिसे प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच पड़ताल के बाद एसडीएम ने होटल को सील कर दिया गया है। राजस्व पुलिस एवं भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखंड के डायरेक्टर श्रीश कुमार वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी हैं।

### देश के कई राज्यों में भीषण लू तो कहीं आंधी और बारिश

## घटनाओं की रोकथाम के लिए समुचित प्रबंध किए जाएं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में चल रही गर्मी की स्थिति और मानसून की शुरुआत होने के बाद क्या तैयारियां की गई हैं इसकी समीक्षा की। पीएम ने आग की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए नियमित आधार पर उचित अभ्यास जारी रखने का निर्देश दिया। पीएम ने अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों का फायर ऑडिट और इलेक्ट्रिकल सेफ्टी ऑडिट नियमित रूप से कराने का निर्देश दिया। पीएम ने बताया कि देश के अधिकतर हिस्सों में मानसून सामान्य और सामान्य से ऊपर और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से नीचे रहने की संभावना है।

### पीएम मोदी ने की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**तैयारियों का लिया जाएजा**



#### पीएम ने दिए निर्देश

पीएम ने निर्देश दिया है कि आग की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए उचित अभ्यास नियमित आधार पर किया जाना चाहिए। अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों का अग्नि ऑडिट और विद्युत सुरक्षा ऑडिट करें। जंगलों में फायर-लाइन के रखरखाव और बायोमास के उत्पादक उपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाई जानी चाहिए।

**'वन अग्नि' पोर्टल की जानकारी ली**

पीएम ने जंगल की आग की समय पर पहचान और उसके प्रबंधन में वन अग्नि पोर्टल की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी ली। बैठक में प्रधान सचिव, कैबिनेट सचिव, गृह सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव, एनडीआरएफ के महानिदेशक और एनडीएमए के सदस्य सचिव और संबंधित मंत्रालयों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

#### लू और मानसून की स्थिति को भी जाना

पीएम मोदी ने लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर देश में चल रही गर्मी की लहर की स्थिति और मानसून की शुरुआत की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। पीएम को बताया गया कि आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में गर्मी की लहर जारी रहने की संभावना है। देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून सामान्य और सामान्य से ऊपर और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम रहने की संभावना है।

# अदाणी बने एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति, अंबानी को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सेब से लेकर हवाई अड्डा क्षेत्र में सक्रिय अदाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में उछाल के बाद गौतम अदाणी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है।

'ब्लूमबर्ग बिलियनयर्स इंडेक्स' के अनुसार, 111 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ अदाणी अब दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अंबानी 109 अरब डॉलर की संपत्तियों के साथ 12वें स्थान पर हैं। अदाणी समूह ने अगले दशक के दौरान विस्तार की योजना के तहत 90 अरब डॉलर के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है।

## ब्लूमबर्ग बिलियनयर्स इंडेक्स ने जारी की सूची

### समूह की कंपनियों का पूंजीकरण 17.51 लाख करोड़

शुक्रवार को कारोबार बंद होने के समय अदाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 17.51 लाख करोड़ रुपये हो गया। समूह की कंपनियों के शेयरों में उछाल के बाद पहली पीढ़ी के उद्यमी और अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने अंबानी को पीछे छोड़ दिया है और वह एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं।



■ 111 अरब डॉलर संपत्ति के साथ दुनिया के 11वें अमीर व्यक्ति

### 2024 में अदाणी की संपत्ति 26.8 अरब डॉलर बढ़ी

ब्लूमबर्ग बिलियनयर्स इंडेक्स के अनुसार, 2024 में अबतक अदाणी की कुल संपत्ति 26.8 अरब डॉलर बढ़ी है, जबकि अंबानी की संपत्ति 12.7 अरब डॉलर बढ़ी है।

*हिंडनबर्ग के आरोप से घटा था पूंजीकरण*

*इसके बाद जनवरी, 2023 में अमेरिकी शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग की समूह पर हेराफेरी के आरोपों की रिपोर्ट के बाद अडाणी की कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में जबर्दस्त गिरावट आई थी। हिंडनबर्ग ने आरोप लगाया था कि अदाणी का कारोबारी साम्राज्य धोखाधड़ी के माध्यम से बनाया गया था।*

### शुक्रवार को कंपनियों के शेयर 14 फीसदी बढ़े

इसके बाद अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी जेफरीज ने समूह के बारे में बेहतर राय पेश की है। इन घटनाक्रमों के बाद शुक्रवार को समूह की सभी कंपनियों के शेयर 14 प्रतिशत तक चढ़ गए। इससे अदाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में 84,064 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी

अंबानी इस समय अपने छोटे पुत्र अनंत के विवाह-पूर्व समारोहों के लिए यूरोप में है। अदाणी (61) 2022 में अपनी व्यक्तिगत संपत्ति बढ़ने के बाद एशिया के सबसे अमीर आदमी बन गए थे। हालांकि, उस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार काफी सुस्त थी।

## खबर संक्षेप

### अशोक लेलैंड की बिक्री मई में 12 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन कंपनी अशोक लेलैंड की मई में थोक बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 14,682 इकाई रही है। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने अपने वितरकों को 13,134 वाहनों की आपूर्ति की थी। उसकी घरेलू बाजार में बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 13,852 इकाई रही थी, जो मई, 2023 में 12,378 इकाई थी।

### बीते सप्ताह सोयाबीन तेल में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में मुर्गीदाने में इस्तेमाल किये जाने वाले डी-आयल्ड केक का भाव कमजोर होने से सोयाबीन तिलहन तथा ऊंचे भाव पर कारोबार प्रभावित होने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट आई। पामोलीन तेल तथा माल की कमी के बीच बिनौला तेल के दाम मजबूत बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि डीओसी के भाव कमजोर होने की वजह से सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट देखी गई।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ज्योतिष**

सबको आजमाया बार-बार
हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान
बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट
ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

## ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किए जाने की संभावना

# आगामी बैठक में रेपो दर में कटौती नहीं करेगा रिजर्व बैंक : विशेषज्ञ

एजेंसी ▶▶| मुंबई

■ चुनाव परिणाम के तुरंत बाद एमपीसी की बैठक निर्धारित
■ रेपो दर फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत पर कायम
■ एमपीसी बैठक के फैसले की घोषणा सात

मुद्रास्फीति की चुनौतियों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 5-7 जून के लिए निर्धारित है। विशेषज्ञों ने कहा कि एमपीसी दर में कटौती से परहेज कर सकती है, क्योंकि आर्थिक वृद्धि जोर पकड़ रही है। रेपो दर फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत पर कायम है।



### दर यथास्थिति रखने का आठवां मौका होगा

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी बैठक के फैसले की घोषणा सात जून (शुक्रवार) को की जाएगी। लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे। यदि सात जून को ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया जाता है, तो यह यथास्थिति बनाए रखने का आठवां मौका होगा।

*मुद्रास्फीति में कमी आनी शुरू : एसोचैम अध्यक्ष ने कहा, 'हालांकि, मुद्रास्फीति में कमी आनी शुरू हो गई है, लेकिन सितंबर में मानसून सत्र खत्म होने के बाद ही व्यापक आर्थिक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।' इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि हाल के मुद्रास्फीति के आंकड़ों और खाद्य वस्तुओं की कीमतों के पूर्वानुमान से लगता है कि यथास्थिति बनी रहेगी।*

### गर्मी ने सब्जियों की कीमतें की प्रभावित



सबनवीस ने आगे कहा कि मुद्रास्फीति पर चिंता बनी हुई है और गर्मी ने विशेष रूप से सब्जियों की कीमतों को प्रभावित किया है। उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने भी उम्मीद जताई कि आगामी एमपीसी बैठक में रेपो दर को अपरिवर्तित रखने की उम्मीद है, क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है।

### जीएसटी वसूली शीघ्र शुरू करने के निर्देश

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि प्रधान आयुक्त या आयुक्त स्तर के अधिकारी मांग आदेश की तामील के लिए निर्धारित तीन महीने से पहले माल एवं सेवा कर (जीएसटी) बकाया वसूलने के निर्देश जारी कर सकते हैं।

### अवधि के भीतर भुगतान न करने पर कार्यवाही शुरू करे

यदि कोई कर देने योग्य व्यक्ति सीजीएसटी अधिनियम के तहत पारित आदेश में तय राशि का तीन महीने के भीतर भुगतान नहीं करता है, तो कर अधिकारी इस अवधि की समाप्ति के बाद ही वसूली की कार्यवाही शुरू कर सकते हैं।

### क्षेत्रीय इकाईयां अवधि से पहले वसूली शुरू कर रही

असाधारण मामलों में जहां राजस्व के हित में ऐसा करना जरूरी है, लिखित में कारणों को दर्ज करने के बाद, कर देने योग्य व्यक्ति को तीन महीने से पहले राशि का भुगतान करने के लिए कह सकते हैं। सीबीआईसी ने कहा कि उसके संज्ञान में लाया गया है कि कुछ क्षेत्रीय इकाइयां आदेश की तामील की तारीख से तीन महीने की तय अवधि से पहले ही वसूली शुरू कर रही हैं।

### तीन माह से पहले वसूली शुरू करना जरूरी

सीबीआईसी ने कहा, 'इसलिए, क्षेत्रीय इकाइयों में कानून के प्रावधानों के कार्यान्वयन में एकरूपता लाने के लिए, बोर्ड ऐसे मामलों में पालन किए जाने वाले निर्देश जारी कर रहा है, जहां राजस्व के हित में आदेश की तामील की तिथि से तीन महीने से पहले वसूली शुरू करना जरूरी है।'

# उड़ानों के बढ़ने से विमान में कंपन की घटनाएं बढ़ीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ घटनाएं पिछले कुछ दशकों में जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ी
■ एयरलाइंस विक्षोप से आने वाली दिक्कतें कम करने में लगी

अधिक से अधिक विमानों के उड़ान भरने के साथ ही साफ हवा में टर्बुलेंस (विमान में कंपन) की घटनाएं भी अधिक देखने को मिल रही हैं। ऐसी घटनाएं पिछले कुछ दशकों में जलवायु परिवर्तन के कारण बहुत बढ़ गई हैं, और एयरलाइंस वायुमंडलीय विक्षोभ से आने वाली दिक्कतों के प्रभाव को कम करने में जुटी हुई हैं।

लंदन से सिंगापुर जाने वाली सिंगापुर एयरलाइंस की एक उड़ान में 20 मई को गंभीर वायुमंडलीय विक्षोभ (टर्बुलेंस) का अनुभव हुआ। इसमें एक यात्री की मौत हो गई और 70 से अधिक लोग घायल हो गए। इस घटना की जांच हालांकि अभी जारी है, लेकिन इसने विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन और साफ हवा में वायुमंडलीय विक्षोभ (सीएटी) की घटनाओं की ओर ध्यान खींचा है। आमतौर पर जब बादल नहीं होते हैं, और टर्बुलेंस के कारण अदृश्य होते हैं। इनका पता लगाना विमान में पायलटों और रडार के लिए भी मुश्किल होता है, ऐसी घटनाओं को सीएटी कहा जाता है। ब्रिटेन के ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय में जलवायु परिवहन के प्रोफेसर मनोज जोशी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण सीएटी में बदलाव हो सकता है।

*यात्रियों से सीट बेल्ट बाधने का आग्रह : जोशी ने कहा कि एयरलाइन ने अपने चालक दल को इस बात पर जोर देने के लिए प्रशिक्षित किया है कि यात्रियों को सीट बेल्ट अच्छी तरह बांधनी चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि एयरलाइन ने ऐसी प्रक्रियाएं तय की हैं, जिसके तहत चालक दल जरूरत पड़ने पर विमान में दी जाने वाली सेवाओं को रोक सकता है।*

### एयरलाइन नई तकनीकों की खोज कर रही

इंडिगो के प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान के दौरान सुरक्षित और आरामदायक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए, एयरलाइन लगातार नयी तकनीकों की खोज कर रही है और विमान में सुरक्षा घोषणाओं का मूल्यांकन कर रही है।

# लोकसभा चुनाव के नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

■ एक्जिट पोल में राजग को बड़ी जीत मिलने की उम्मीद
■ ब्याज दर पर रिजर्व बैंक के निर्णय से बाजार होगा प्रभावित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह आम चुनावों के नतीजों तथा ब्याज दर को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक के निर्णय से तय होगी। माना जा रहा है कि 'एग्जिट पोल' में भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को बड़ी जीत मिलने की उम्मीद और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के मजबूत आंकड़ों से सोमवार को शेयर बाजारों में तेजी देखने को मिल सकती है। एग्जिट पोल में शनिवार को भविष्यवाणी की गई है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखेंगे। मतगणना चार जून को होगी। अब सभी की निगाहें सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम मंगलवार को आने वाले लोकसभा चुनाव के नतीजों पर हैं।



*विनिर्माण व पीएमआई के आंकड़े इसी सप्ताह : वैश्विक मोर्चे पर अमेरिका और चीन के वृहद आर्थिक आंकड़े महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विनिर्माण और सेवा पीएमआई के मई के आंकड़े भी इसी सप्ताह आने हैं।*

## रिजर्व बैंक ने एसबीएम बैंक पर जुर्माना लगाया




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कुछ नियामक मानदंडों का पालन न करने के लिए एसबीएम बैंक (इंडिया) पर 88.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने कहा कि बैंक पर जुर्माना आरबीआई की लाइसेंस से जुड़े शर्तों का अनुपालन न करने पर लगाया गया है। इसके अलावा इकाई को उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत लेनदेन को तत्काल प्रभाव से रोकने के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। बैंक को दो अलग-अलग नोटिस जारी किए गए, जिनमें उसे कारण बताने के लिए कहा गया। नोटिसों पर बैंक के उत्तर, उसके द्वारा किए गए अतिरिक्त प्रस्तुतीकरण तथा व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान किए गए मौखिक प्रस्तुतीकरण पर विचार करने के बाद आरबीआई ने पाया कि एसबीएम बैंक (इंडिया) के खिलाफ आरोप सही हैं, जिसके लिए मौद्रिक जुर्माना लगाया जाना जरूरी है।

# एनएमडीसी का मई में लौह अयस्क उत्पादन 37% घटा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ कंपनी की बिक्री 22 प्रतिशत गिरी
■ बिक्री गिरकर 28.2 करोड़ टन रही

देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी का उत्पादन मई, 2024 में 37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23.4 करोड़ टन रहा है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले साल इसी महीने में उसका लौह अयस्क का उत्पादन 37.1 करोड़ टन रहा था।

एनएमडीसी की मासिक बिक्री भी मई में 22 प्रतिशत गिरकर 28.2 करोड़ टन रही है, जो पिछले साल इसी महीने में 36.2 करोड़ टन थी। कंपनी का संचयी लौह अयस्क उत्पादन अप्रैल-मई, 2024 में घटकर 58.2 करोड़ टन रह गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 72.2 करोड़ टन था। उक्त अवधि के दौरान कंपनी के लौह अयस्क की बिक्री 63.5 करोड़ टन रही, जो अप्रैल-मई, 2023 में 70.5 करोड़ टन थी। मंगलवार को एनएमडीसी ने तत्काल प्रभाव से लम्प अयस्क की कीमतों में 250 रुपये प्रति टन और फाइंस की कीमतों में 350 रुपये प्रति टन की वृद्धि की थी।

### लम्प अयस्क की कीमत संशोधित

खनन कंपनी ने लम्प अयस्क की कीमत संशोधित कर 6,450 रुपये प्रति टन तथा फाइन्स की कीमत 5,610 रुपये प्रति टन कर दी है।

# टाटा स्टील के ब्रिटिश परिचालन में छंटनी अपरिहार्य : सीईओ नरेंद्रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टी वी नरेंद्रन ने कहा है कि कंपनी के ब्रिटेन परिचालन में लगभग 2,500 कर्मचारियों की छंटनी अपरिहार्य है। नौकरी जाने की आशंका के बीच श्रमिक संगठन लगातार कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत की टाटा स्टील साउथ वेल्स के पोर्ट टालबोट में 30 लाख टन प्रति वर्ष की क्षमता वाले ब्रिटेन के सबसे बड़े इस्पात कारखाने की मालिक है। कंपनी वहां अपने सभी परिचालन में लगभग 8,000 लोगों को रोजगार देती है। अपनी कार्बन-उत्सर्जन कम करने की योजना के हिस्से के रूप में कंपनी ब्लास्ट फर्नेस मार्ग से कम उत्सर्जन वाली इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस प्रक्रिया में स्थानांतरित हो रही है। ब्लास्ट फर्नेस अपने जीवन चक्र के अंत के करीब है। नरेंद्रन ने बात करते हुए कहा कि ब्रिटेन सरकार की सहायता से ईएएफ में परिवर्तन से कंपनी को कम उत्पादन लागत के मामले में प्रतिस्पर्धी बनाया जा सकेगा, तथा प्रति वर्ष 50 लाख टन कार्बन डाई ऑक्साइड कम करने में भी मदद मिलेगी।

# भीषण गर्मी के बीच मई में एसी की बिक्री हुई दोगुनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भीषण गर्मी के बीच मई में एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री में लगभग दोगुनी वृद्धि हुई है। प्रमुख एसी विनिर्माता कम ऊर्जा खपत वाले मॉडल के भंडार में कमी की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके अलावा विनिर्माताओं को बढ़ती मांग की वजह से एसी लगाने में भी दिक्कतें आ रही हैं। कई जगह पर पारा 45 डिग्री से ऊपर चल रहा है। वहीं, एसी विनिर्माता असाधारण मांग से निपट रहे हैं, और इस महीने में अबतक की सबसे अच्छी बिक्री दर्ज की गई है। वोल्टास, एलजी, डाइकिन, पैनासोनिक और ब्लू स्टार जैसे प्रमुख ब्रांड की मई में मजबूत बिक्री देखी गई और उद्योग को पिछले साल की तुलना में 2024 में उनकी बिक्री में 30 से 35 प्रतिशत की समग्र वृद्धि की उम्मीद है।

### घरेलू एसी की बिक्री दोगुनी

वोल्टास के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रदीप बख्शी ने कहा कि कंपनी की मई में घरेलू एसी की बिक्री दोगुनी हो गई है। उम्मीद है कि अप्रैल-जून तिमाही की शेष अवधि में भी सकारात्मक गति जारी रहेगी। मई की बात करें तो वोल्टास की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 100 प्रतिशत की शानदार वृद्धि है।

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** – रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5530




**बाएँ से दाए**
1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

**शब्द पहेली- 5529 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | | अ | | बी | र | ब | ल |
| | ला | | वा | | म | हि | मा | | ल | व |
| म | | | य | की | न | | र | | | कु |
| त | क | ली | फ | | चै | त्र | | क | ल | श |
| वा | | ड | | रा | न | | गै | | ह | |
| ला | प | र | वा | ह | | का | र | गु | जा | री |
| | र | | दा | | अ | स्त | | मा | | मा |
| प्र | ख | र | | पा | प | | म | न | च | ला |
| जा | | | शा | | ह | न | न | | | गू |
| प | र | | पि | ह | र | | ह | | शा | |
| ति | जा | र | त | | ण | | र | ह | म | त |



# अमेरिका का वर्ल्ड क्रिकेट में जीत से आगाज

**टी20 वर्ल्ड कप**

- 7 विकेट से कनाडा का रौंदा
- 14 गेंद शेष रहते जीता मैच
- 94 रन की पारी जोन्स ने खेली
- 131 रन जोन्स-गौस ने जोड़े

एजेंसी ▶▶| डलास

सह मेजबान अमेरिका ने टी20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में कनाडा को 14 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर शीर्ष स्तर की क्रिकेट में धमाकेदार शुरुआत की। कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 194 रन बनाए। अमेरिका ने इसके जवाब में 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 197 रन बनाकर जीत दर्ज की। आरोन जोन्स ने 40 गेंद पर नाबाद 94 रन की पारी खेली। एंड्रीज गौस ने भी 65 रन तूफानी पारी खेली।

जोन्स ने अपनी पारी में 10 छक्के और चार चौके लगाए। न्यूयॉर्क में जन्में जोन्स ने जहां आक्रमक बल्लेबाजी करके प्रभावित किया वहीं गौस ने भी बेहतरीन पारी खेली। अमेरिका ने 42 रन तक दो विकेट गंवा दिए थे इसके बाद गौस ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाए। जोन्स और गौस ने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की जिससे अमेरिका आसानी से लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा।




## मैच का टर्निंग पॉइंट

कनाडा की तरफ से 14वां ओवर जेरेमी गॉर्डन ने कराया। उन्होंने इस ओवर में 33 रन दिए। इस ओवर में एंड्रीस गौस को जीवनदान मिला। गौस ने गॉर्डन की बॉल पर शॉट खेला और वो डीप स्क्वायर लेग पर कैच हो गए। हालांकि, यह नो बॉल (फ्रंट-फुट नो बॉल) रही और उन्हें जीवनदान मिला। गौस इस वक्त 53 रन बनाकर खेल रहे थे, इसके बाद उन्होंने 65 रन की पारी खेली। उन्होंने इसी ओवर में 39 बॉल पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

### तीसरा सबसे बड़ा चेज

टी-20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में अमेरिका ने कनाडा के खिलाफ अपना सबसे बड़ा 195 रन का टारगेट चेज किया। टीम ने 17.4 ओवर में टारगेट पूरा कर लिया। यह टी-20 वर्ल्ड कप में तीसरा सबसे बड़ा चेज है। इससे पहले 2016 में इंग्लैंड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 230 और 2007 में साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 206 रन का टारगेट चेज किया था।

### दूसरा सबसे महंगा ओवर

*अमेरिका अपनी पारी के 14वें ओवर में 33 रन बनाए। कनाडा के जेरेमी गॉर्डन ने इस ओवर में तीन वाइड और दो नो बॉल फेंकी। वर्ल्ड कप के इतिहास में यह दूसरा सबसे महंगा ओवर रहा। इससे पहले 2007 में इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड ने भारत के खिलाफ एक ओवर में 36 रन दिए थे।*

## सबसे बड़ी पार्टनरशिप

टी-20 इंटरनेशनल में अमेरिका की ओर से सबसे बड़ी 131 रन की पार्टनरशिप एंड्रीस गौस और आरोन जोन्स के बीच हुई। इससे पहले मोदानी और गजानंद सिंह ने आयरलैंड के खिलाफ 110 रन की साझेदारी की थी। वहीं, इस साल अप्रैल में कनाडा से हुई 5 मैचों की टी-20 सीरीज में मोनांक पटेल और स्टीवन टेलर ने 104 रन जोड़े थे।




## पीएनजी के दबाव में आयी वेस्टइंडीज पांच विकेट से जीती

**जॉर्जटाउन (गुयाना)।** दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज को रविवार को यहां टी20 विश्व कप मुकाबले में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को पांच विकेट से हराने में मशक्कत करनी पड़ी। अपना दूसरा टी20 विश्व कप खेल रही पीएनजी ने मजबूत खिलाड़ियों से भरी वेस्टइंडीज को दबाव में डालकर अच्छा प्रदर्शन किया और ऐसा लग रहा था कि कहीं टूर्नामेंट के शुरू में ही उलटफेर देखने को न मिल जाये। पर रोस्टन चेज (नाबाद 42 रन) और आंद्रे रसेल (नाबाद 15 रन) ने मिलकर छठे विकेट के लिए 18 गेंद में 40 रन की अटूट साझेदारी से वेस्टइंडीज को जीत तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज की आधी टीम 97 रन पर पवेलियन पहुंच गयी थी लेकिन चेज और रसेल के मिलकर लगाये तीन छक्कों और चार चौकों से टीम 19 ओवर में पांच विकेट पर 137 रन बनाकर जीत से अभियान शुरू करने में कामयाब रही।

**आज का टी-20 रोमांच**

ICC MEN'S T20 WORLD CUP WEST INDIES & USA 2024

### ओमान / नामीबिया के बीच जंग आज

**ब्रिजटाउन।** अफ्रीका के क्वालीफायर्स में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली नामीबिया की टीम टी20 विश्व कप के ग्रुप बी में ओमान के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में जीत दर्ज करने के दृढ़ इरादों के साथ मैदान पर उतरेगी। नामीबिया के पास कुछ अनुभवी खिलाड़ी हैं लेकिन उसके लिए राह इतनी आसान नहीं होगी।

### दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका देंगे चुनौती

**न्यूयॉर्क।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों और श्रीलंका के गेंदबाजों के बीच ग्रुप डी के मैच में रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी काफी मजबूत है तो श्रीलंका के पास विविधता पूर्ण गेंदबाजी आक्रमण है। दोनों ही टीम अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान देकर शुरू में ही अंक तालिका में खाता खोलने की कोशिश करेंगे।

## खबर संक्षेप




### बल्लेबाजी इकाई को अंतिम रूप नहीं दिया

**न्यूयॉर्क।** कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को अब तक अंतिम रूप नहीं दिया है और बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर भेजने के टीम प्रबंधन के फैसले को ज्यादा तूल नहीं दी जानी चाहिए। पंत के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में रोहित ने कहा, 'सिर्फ उसे मौका देने के लिए ऐसा किया। हमने अब तक अपनी बल्लेबाजी इकाई को अंतिम रूप नहीं दिया है। यहां तक कि गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर चीजें जिस तरह से हुईं, उससे खुश हूं।'

### अपनी क्षमता से खेले भारतीय टीम: युवराज



**न्यूयॉर्क।** अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे युवराज सिंह का मानना है कि भारतीय टीम में कौशल और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है। अगर वह टी20 विश्व कप में विरोधी टीम पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता के साथ खेले तो वह आईसीसी ट्रॉफी जीतने का लंबा इंतजार खत्म कर सकती है। भारत ने अपना अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। इससे दो साल पहले युवराज के शानदार प्रदर्शन से भारत ने वनडे विश्व कप जीता था।

### हर्षित पवार ने शीर्ष वरीय अभिमन्यु मिश्रा को हराया

**गांधीनगर।** भारत के हर्षित पवार ने रविवार को यहां विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप के पहले दौर में शीर्ष वरीय और दुनिया के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा को हराया। हर्षित ने एक बार दबदबा बनाने के बाद अमेरिका के अपने प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया। पहले दौर में 51 खिलाड़ी जीत दर्ज करने में सफल रहे। रूस के आर्तियोम स्ट्रीबुक को भी भारत के वीएस नंदीश के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। लड़कियों के वर्ग में शीर्ष वरीय दिव्या देशमुख ने अनुपम एम श्रीकुमार को हराकर शुरुआत की। दूसरी शीर्ष भारतीय रक्षिता रवि ने हमवतन एस शिवमशिखा को हराया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने किया। इस प्रतियोगिता में 11 दौर होंगे जिसके बाद अंडर-20 वर्ग में दोनों वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का फैसला किया।

**फ्रेंच ओपन**

*चार घंटे 30 मिनट तक पांच सेट में चला मैच*

## जोकोविच की ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 369वीं जीत

एजेंसी ▶▶| पेरिस

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोवच ने पांच सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। जोकोविच ने इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी को तीसरे दौर के मैच में 7-5, 6-7 (6), 2-6, 6-3, 6-0 से हराया। यह मैच चार घंटे 30 मिनट तक चला और रविवार की सुबह तीन बजे तक खेला गया।

जोकोविच की ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में यह 369वीं जीत है और इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मुसेट्टी ने जब लगातार दो सेट जीते तो लग रहा था कि जोकोविच के लिए वापसी करना आसान नहीं होगा लेकिन सर्बिया के इस खिलाड़ी ने इसके बाद शानदार खेल दिखाया तथा खुद को रिकॉर्ड 25वें ग्रैंडस्लैम और फ्रेंच ओपन में चौथे खिताब की दौड़ में बनाए रखा।



### बोपन्ना-एबडेन की शानदार जीत

**पेरिस।** भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया मैथ्यू एबडेन की दूसरी वरीय जोड़ी ने रविवार को यहां पहले दौर के कड़े मुकाबले में ऑरलैंडो लूज और मार्सेलो जोरमैन की ब्राजील की जोड़ी को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। बोपन्ना और एबडेन की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोड़ी को ब्राजील की जोड़ी के खिलाफ 7-5, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज करने के लिए दो घंटे और सात मिनट तक जूझना पड़ा।

## भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में ग्रेट ब्रिटेन से हारी

**लंदन।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उसे रविवार को यहां ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने 0-2 से पिछड़ने के बाद दूसरे हाफ में शानदार वापसी की और शर्मिला देवी ने निर्धारित समय से चार मिनट पहले गोल करके स्कोर 2-2 कर दिया लेकिन मेहमान टीम 57वें मिनट में एक गोल खा गई और मैच हार गई। वाटसन चार्लोट ने पहले क्वार्टर में ही दो मिनट के भीतर दो गोल करके ग्रेट ब्रिटेन को 2-0 की बढ़त दिला दी। चार्लोट ने पांचवें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला जबकि अगले ही मिनट में मैदानी गोल दागा। भारतीय टीम ने गोल करने के कई प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली जिससे मध्यांतर तक मेहमान टीम 0-2 से पीछे थी।

दूसरे क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही 34वें मिनट में नवनीत कौर ने मैदानी गोल दागकर भारत का गोल का खाता खोला। शर्मिला ने इसके बाद 56वें मिनट में भारत को बराबरी दिला दी। ऐसा लग रहा था कि मैच बराबरी पर खत्म होगा लेकिन अगले ही मिनट में पेटर इसाबेल ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारतीय प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया और ग्रेट ब्रिटेन को रोमांचक जीत दिला दी। भारत को मैच में पांच पेनल्टी कॉर्नर मिले जिसमें टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। मेजबान टीम को तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले।

**टी20 विश्व कप**

## बैंड बाजे के साथ हुई टूर्नामेंट की शुरुआत



एजेंसी ▶▶| डलास

आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 का आगाज हो चुका है। यह इस टूर्नामेंट का नौवां संस्करण है और इस साल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट का आगाज बैंड बाजे के साथ हुआ। कलाकार ढोल नगारों के साथ आए और उन्होंने मैदान में महफिल जमा दिया।

आईसीसी ने इसका वीडियो भी शेयर किया है। वीडियो में कलाकार एक कॉमन ड्रेस में दिखाई दिए। वह सभी ढोल बाजे क साथ मैदान क अंदर प्रवेश करते हैं। कुछ कलाकार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हर देश के झंडे के साथ दिखाई पड़ते हैं। इस दौरान आसमान में आतिशबाजी भी होती है।

टी20 विश्व कप के लिए शुभंकर भी मैदान में दिखता है। मैदान में बैठे दर्शक इस कार्यक्रम का लुत्फ उठाते और ताली बजाते हुए दिखते हैं।

**नॉर्वे शतरंज**

## प्रज्ञाननंदा ने वर्ल्ड नंबर-2 कारुआना को दी शिकस्त



एजेंसी ▶▶| स्टावेंजर

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता के पांचवें दौर में अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना को हराया, जिससे वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं।

अमेरिका के हिकारु नाकामुरा ने खराब फॉर्म में चल रहे चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर अपनी बढ़त को एक अंक तक बढ़ा दी। नाकामुरा के 10 अंक हैं। कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। अब जबकि टूर्नामेंट में पांच दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब प्रज्ञाननंदा 8.5 अंक लेकर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन के बाद तीसरे नंबर पर हैं। अलीरेजा के 6.5 अंक हैं और वह चौथे स्थान पर हैं। कारुआना पांच अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं जबकि डिंग लिरेन की खराब फॉर्म जारी है। उनके केवल 2.5 अंक हैं।

### वैशाली का दबदबा, 10 अंक से शीर्ष पर



महिला वर्ग में भारत की आर वैशाली ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखा और आर्मगेडन गेम में चीन की टिंगकी लेई को हराकर अपने अंको की संख्या 10 पर पहुंचा दी है। वैशाली के बाद अन्ना मुजीचुक का नंबर आता है जिनके नौ अंक हैं। उन्होंने पांचवें दौर में स्वीडन की पिया क्रैमलिंग को हराया। महिला विश्व चैंपियन वेनजुन जू ने आर्मगेडन में भारत की कोनेरु हंपी को पराजित किया। वह 7.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। लेई छह अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। वह हंपी से दो अंक आगे हैं। क्रैमलिंग के केवल तीन अंक हैं और वह तालिका में सबसे निचले स्थान पर हैं।

## कोहली बने आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर 2023

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 से नवाजा गया है। विराट को न्यूयॉर्क को कैप पहनाई गई। भारतीय टीम टी20 विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका में मौजूद है। कोहली इस वैश्विक टूर्नामेंट में भारतीय टीम के अहम खिलाड़ी हैं और टीम को उनसे बेहतरीन पारी की उम्मीद है। कोहली भी टूर्नामेंट में खेलने के लिए न्यूयॉर्क में भारतीय टीम के साथ जुड़ गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें कोहली की उपलब्धियां दिखाई गई है। वीडियो में दिख रहा है कि कोहली को अवॉर्ड को कैप दिया गया है। कोहली को यह पुरस्कार 2023 में वनडे प्रारूप में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मिला है। कोहली ने पिछले साल दमदार प्रदर्शन किया था और 2023 में खेले 27 वनडे मैचों में 1377 रन बनाए थे। इस दौरान उनका औसत 72.47 और स्ट्राइक रेट 99.13 का रहा था।



## रियल मैड्रिड 15वीं बार चैंपियंस लीग चैंपियन

एजेंसी ▶▶| लंदन

रियाल मैड्रिड ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां बोरुसिया डॉर्टमंड को 2-0 से हराकर रिकॉर्ड 15वीं बार चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता जीती। वेम्बले स्टेडियम में खेले गए फाइनल में अपनी टीम की जीत के बाद रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा, 'हमें इसकी आदत पड़ती जा रही है। हमारा स्वप्निल सफर जारी है।' एंसेलोटी का कोच के रूप में चैंपियंस लीग में यह पांचवा खिताब है। इस तरह से उन्होंने अपने रिकॉर्ड में सुधार किया। जिनेदिन जिदान, पेप गार्डियोला और बॉब पैस्ले ने कोच के रूप में तीन-तीन बार चैंपियंस लीग जीती है। मैड्रिड का कोच रहते हुए एंसेलोटी ने तीसरी बार चैंपियंस लीग जीती।



### डैनी, विनीसियस ने दागे गोल

मैड्रिड को पहले हाफ में संघर्ष करना पड़ा लेकिन इसके बाद उसने मैच में दबदबा बनाए रखा। उसकी तरफ से डैनी कार्वाजल और विनीसियस जूनियर ने गोल दागे। डॉर्टमंड ने पहले हाफ में अच्छा खेल दिखाया। उसने कुछ मौके भी बनाए लेकिन इसका फायदा उठाने में नाकाम रहा। कार्वाजल ने 74वें मिनट में मैड्रिड को बढ़त दिलाई और नौ मिनट बाद विनीसियस ने स्पेन की इस दिग्गज टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। कार्वाजल, लुका मोड्रिक, टोनी क्रूस और नाचो ने छठी बार ट्रॉफी जीती और इस तरह से उन्होंने मैड्रिड के स्टार खिलाड़ी रहे पाको गेंटो की बराबरी की।

**पंघाल ने 51 किलो और लंबोरिया ने 57 किलो में जीत दर्ज की**

## रोहतक के अमित व भिवानी की जैस्मीन को ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) और राष्ट्रीय महिला चैम्पियन जैस्मीन लम्बोरिया (57 किग्रा) ने रविवार को दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन मुक्केबाजी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। पंघाल ने चीन के चुआंग लियू को 5-0 से हराकर दूसरी बार ओलंपिक के लिए टिकट कटाया। वहीं, जैस्मीन ने 60 किग्रा को छोड़कर महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल की चुनौती पेश की और देश को इस वर्ग का कोटा दिलाया। जैस्मीन ने एकतरफा क्वार्टर फाइनल में माली की मैरिन कामरा को आसानी से 5-0 से पराजित किया। अमित पंघाल (51 किग्रा), जैस्मीन लंबोरिया (57 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा)। अभी सचिन सिवाच (57 किग्रा) भी ओलंपिक कोटा हासिल करने की दौड़ में हैं।

### मिला एक मौका, मारा चौका

पंघाल को पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने का केवल यही एक मौका मिला था और एशियाई खेल 2018 के चैंपियन ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया। पंघाल ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की मूल्यांकन प्रणाली के कारण राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह गंवा दी थी। उनके स्थान पर विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया को टीम में चुना गया था जिन्होंने पिछली दो क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। पंघाल ने टोक्यो ओलंपिक के बाद जिस बड़ी प्रतियोगिता में भाग लिया था वह 2022 के राष्ट्रमंडल खेल थे जिनमें उन्होंने स्वर्ण पदक जीता।



### जैस्मीन भी ओलंपिक में देगी चुनौती

राष्ट्रीय महिला चैंपियन जैस्मीन लम्बोरिया (57 किग्रा) ने रविवार को यहां दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन मुक्केबाजी टूर्नामेंट के अपने क्वार्टर फाइनल में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। जैस्मीन ने अपने 60 किग्रा को छोड़कर महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करने के लिए चुनौती पेश की और देश को इस वर्ग का कोटा दिलाया। जैस्मीन ने एकतरफा क्वार्टर फाइनल में माली की मैरिन कामरा को आसानी से 5-0 से पराजित किया।




## देश की नई ताकत पर होगा गर्व

# रुद्रम-2: चीनी जे-20 को आसमान में ही भस्म कर डालेगा भारत का यह 'महाकाल'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन ने भारत को अपनी ताकत दिखाने के लिए सिक्किम की सीमा से सिर्फ 150 किलोमीटर की दूरी पर अपना स्टील्थ फाइटर जेट जे-20 को तैनात कर दिया है, जिसको लेकर एक्सपर्ट्स का मानना है, कि ये भारत के लिए चिंता की बात है। लेकिन, भारत ने एक ऐसी ताकत का सफल परीक्षण किया है, जो चीनी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान जे-20 फाइटर जेट को आसमान में ही भस्म कर डालेगा। भारत ने सबसे खतरनाक दुश्मन चीन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए रुद्रम-2 हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का कामयाब परीक्षण किया है। रुद्रम-2 मिसाइल एक सुपरसोनिक रफ्तार वाली मिसाइल है, जिसे पांचवीं पीढ़ी के विमानों का काल कहा जाता है और माना जा रहा है, कि चीनी जे-20 फाइटर जेट जैसे स्टील्थ फाइटर जेट जब इसकी जद में आएंगे, तो आसमान में ही उसके परखच्चे उड़ जाएंगे।



### भारत के दुश्मनों के खिलाफ एक खतरनाक डिफेंस प्रदान करेगी

भारतीय वायु सेना और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के सहयोग से रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने रुद्रम-कक को तैयार किया है, जिसने भारत की रक्षा क्षमताओं को काफी बढ़ा दिया है। भारत ने इन मिसाइलों के विकास का कार्यकम करीब 8 साल पहले शुरू किया था, जिसका मकसद भारतीय वायुसेना की सामरिक क्षमता को बढ़ाना था। भारत सरकार की योजना आने वाले वक्त में तेजस फाइटर जेट और एएमसीए समेत तमाम भारतीय अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों में रुद्रएम-कक मिसाइल को फिट करने की योजना है, ताकि देश की वायुशक्ति एक नए लेवल को हासिल कर सके। ये मिसाइलें मिग-29, मिराज, जगुआर और सुखोई विमानों में भी लगाई जा सकती हैं, जो भारत के दुश्मनों के खिलाफ एक खतरनाक डिफेंस प्रदान करती हैं।



### रुद्रम-2 मिसाइल की विशेषता

यह मिसाइल एक ठोस चालित सुपरसोनिक मिसाइल है। डीआरडीओ के अनुसार, रुद्रम-2 मिसाइल 200 किलोग्राम का पेलोड ले जा सकती है और 6,791 किमी/घंटा (मैक 5.5) की अधिकतम गति प्राप्त कर सकती है। इस मिसाइल को 3 से 15 किमी की ऊंचाई से प्रक्षेपित किया जा सकता है और इसकी मारक क्षमता 350 किमी है। इस मिसाइल को दागे जाने से पहले शत्रु के ठिकानों को मिसाइल की प्रक्षेपण प्रणाली में पहले से ही डाल दिया जाता है और फिर मिसाइल के प्रक्षेपित होने पर इसकी आंतरिक मार्गदर्शन प्रणाली इसे पहले से चिहिन्त दुश्मन के ठिकानों तक ले जाती और उसे नष्ट कर देती है।

### भारत की नई ताकत रुद्रम-2 मिसाइल

*भारत ने रुद्रम-2 मिसाइल को रूस के विनाशक केएच-31 पीडी मिसाइल से प्रेरणा लेकर बनाया है, जो एयर टू सरफेस मिसाइल है, जिसे अब प्यार से 'सुपरसोनिक डेथ' कहा जाता है। रुद्रम-2 , भारत में बनी एक स्वदेशी सॉलिड-प्रोपेल्ड मिसाइल सिस्टम है, जिसे खास तौर पर दुश्मनों के हथियार भंडार, उसके फाइटर जेट्स और सैन्य प्रॉपर्टी को ध्वस्त करने के लिए डिजाइन किया गया है। भारत ने अपनी इस मिसाइल का परीक्षण ओडिशा तट से भारतीय वायु सेना के एयू-30 एमके-1 प्लेटफॉर्म से किया है।*

### रुद्रम-2 में खतरनाक रफ्तार और विनाशकारी हमला करने की ताकत

*रूस की दुर्जेय केएच -31 पीडी मिसाइल से प्रेरणा लेते हुए भारत ने रुद्रम-2 मिसाइल को तैयार किया है, जो दुश्मन की हवाई सुरक्षा के खतरे को खतरनाक अंदाज में काउंटर करे। केएच -31 पीडी मिसाइल को रूस के पायलटों ने उसकी खतरनाक रफ्तार और विनाशकारी हमला करने की ताकत की वजह से 'सुपरसोनिक डेथ' नाम दिया है और इस मिसाइल ने यूक्रेन के युद्ध मैदानों पर खुद को विनाशक हथियार के रूप में साबित किया है, इसकी सफलता प्रतिशत 98 प्रतिशत है।*

### चीन का जे-20 फाइटर जेट कितना खतरनाक?

चीन ने सिक्किम सीमा से महज पत्थर फेंकने की दूरी पर स्थित एयर बेस शिगात्से में अपने दुर्जेय जे-20 स्टील्थ लड़ाकू विमानों को तैनात करके अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन किया है।

## भारत में निर्मित नौ एपीआई की 90 टन की खेप हुई रवाना

# भारत ने फिर निभाया श्रेष्ठ वैश्विक धर्म क्यूबा को भेजी 90 टन मेडिकल सामग्री



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने एक बार फिर श्रेष्ठ वैश्विक मानवीय धर्म निभाते हुए कैरेबियाई देश क्यूबा को बड़ी सहायता भेजी है। भारत की ओर से रविवार को क्यूबा को मानवीय सहायता के तहत 90 टन दवाएं बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री भेजी गई। क्यूबा आवश्यक वस्तुओं, खाद्य पदार्थों और दवाओं की कमी से जूझ रहा है। इससे क्यूबा के लोग बीमारियों की चपेट में आकर मौत के मुंह में समा रहे हैं। भारत की ओर से भेजी गई ये मानवीय सहायता वहां के लोगों की जिंदगी बचाने में काफी मददगार साबित हो सकती है।

*भारत ने क्यूबा को 90 टन सहायता सामग्री भेजी है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि इसमें दवाएं बनाने वाली सामग्री है। इससे क्यूबा के लोगों की जिंदगी बचाने में मदद मिलेगी।*

### खेप मुंद्रा बंदरगाह से रवाना हुई

भारतीय विदेश मंत्रालय ने सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआई) ने कहा, भारत सरकार क्यूबा गणराज्य की सरकार को मानवीय सहायता प्रदान कर रही है। भारत में निर्मित नौ एपीआई की लगभग 90 टन की एक खेप दो जून को मुंद्रा बंदरगाह से रवाना हुई। इसमें कहा गया है, इन एपीआई का उपयोग क्यूबा के दवा निर्माताओं द्वारा टैबलेट, कैप्सूल, सिरप और इंजेक्शन के रूप में आवश्यक एंटीबायोटिक्स का उत्पादन करने के लिए किया जाएगा, जो पुरानी संक्रामक बीमारियों के उपचार के लिए आवश्यक हैं।



### क्यूबा भारत के विचारों से सहमत

*क्यूबा संयुक्त राष्ट्र के लोकतंत्रीकरण और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार पर भारत के विचारों से सहमत है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार को समग्र सुधार प्रक्रिया के लिए केंद्रीय मानता है।*

### क्यूबा के साथ भारत की ऐतिहासिक मित्रता

*क्यूबा को मानवीय सहायता सामग्री भेजने के बाद इसे विदेश मंत्रालय ने एक्स पर शेयर भी किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह सहायता भारत की 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में स्थिति की पुष्टि करती है और क्यूबा के साथ भारत की ऐतिहासिक मित्रता उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। 'मेड इन इंडिया' एपीआई की 90 टन की एक खेप मुंद्रा बंदरगाह से क्यूबा के लिए रवाना हुई। एपीआई आवश्यक दवाओं के निर्माण में सहायता करेगा। यह सहायता दुनिया की फार्मेसी के रूप में भारतीय भूमिका की पुष्टि करती है और भारत-क्यूबा संबंधों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।*

### भारत भी शामिल था

भारत-क्यूबा संबंध पारंपरिक रूप से मधुर और मैत्रीपूर्ण रहे हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार 1959 की क्रांति के बाद क्यूबा को मान्यता देने वाले पहले देशों में भारत भी शामिल था।

### विश्व की फार्मेसी के रूप में पुष्टि

विदेश मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि क्यूबा को प्रदान की गई सहायता भारत की विश्व की फार्मेसी के रूप में स्थिति की पुष्टि करती है।

### भारत-क्यूबा के साथ

*इसमें कहा गया है कि "यह सहायता भारत की "विश्व की फार्मेसी" के रूप में स्थिति की पुष्टि करती है और क्यूबा के साथ ऐतिहासिक मित्रता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।" यह क्यूबा के साथ ऐतिहासिक मित्रता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता भी रेखांकित करती है।*

# पेरिस से आ रही विस्तारा की फ्लाइट में बम

## मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पेरिस चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे से रवाना हुई विस्तारा की एक उड़ान में हाथ से लिखा धमकी भरा नोट मिला है। इसमें बम होने की बात कही गई। इसके बाद मुंबई हवाई अड्डे पर अलर्ट घोषित कर दिया गया। चालक दल ने सुबह 10:08 बजे एयर सिकनेस बैग पर धमकी भरे नोट के बारे में सूचना दी और 294 यात्रियों और 12 चालक दल के सदस्यों को लेकर विमान सुबह 10:19 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गया।



**विमान में 294 यात्री और चालक दल के 12 सदस्य मौजूद**

### अनिवार्य जांच के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने पूरा सहयोग किया

विस्तारा एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने इस घटना की पुष्टि करते हुए एक बयान जारी किया 'हम पुष्टि करते हैं कि 2 जून 2024 को पेरिस से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली विस्तारा उड़ान यूके 024 में हमारे कर्मचारियों द्वारा एक सुरक्षा चिंता देखी गई है। प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, हमने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। प्रवक्ता ने कहा, 'उड़ान मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतर चुकी है और हम सभी अनिवार्य जांच के लिए सुरक्षा एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। गौरतलब है कि हाल के दिनों में बम रखे होने की धमकी के मामले बढ़े हैं।




## लाल सागर और हिंद महासागर में बड़ा हमला

# हूतियों ने अमेरिकी जहाजों पर 24 घंटे में किया दो बार हमला

एजेंसी ▶▶ साना

यमन के ईरान समर्थक हूती विद्रोही लाल सागर और हिंद महासागर में अमेरिकी जहाजों को निशाना बना रहे हैं। हूती विद्रोहियों के प्रवक्ता याह्या सारी ने शनिवार को बताया कि एक अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियल, एक युद्धपोत समेत तीन और जहाजों को निशाना बनाकर छह ऑपरेशन चलाए गए। याह्या ने आगे बताया कि लाल सागर के उत्तर में अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर आइजनहावर पर हूती विद्रोहियों ने मिसाइल और ड्रोन से अटैक किया। उन्होंने कहा कि एयरक्राफ्ट पर पिछले 24 घंटे में दो बार अटैक किया गया। इसके अलावा लाल सागर में एक युद्धपोत और अबलियानी जहाज को निशाना बनाया गया। मैना नाम के एक और जहाज को भी लाल सागर और अरब सागर में दो बार निशाना बनाया गया। अबलियानी जहाज एक ऑयल टैंकर है और मैना जहाज में पैसेंजर के साथ सामान एक देश से दूसरे देश भेजा जाता है। हूती विद्रोही लगातार जहाजों को निशाना बनाकर इजराइल पर युद्ध को खत्म करने दबाव बना रहे हैं। हूती विद्रोहियों के प्रवक्ता याह्या सारी ने बताया कि उन्होंने हिंद महासागर में भी अलोराईक नाम के जहाज को निशाना बनाया है। साथ ही लाल सागर में मौजूद अल-मंदाब जलडमरूमध्य और अदन की खाड़ी में भी मिसाइल और ड्रोन से हमला किया गया।



### 100 से ज्यादा हमले

पिछले महीने हूती विद्रोहियों ने लाल सागर और उसके आसपास 100 से ज्यादा हमले किए हैं। फरवरी में हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में एक कार्गो शिप गैलेक्सी लीडर को हाईजैक कर लिया था। यह जहाज तुर्किये से भारत आ रहा था। हूती विद्रोहियों ने इसे इजराइली जहाज समझ कर हाईजैक किया था। वारदात से पहले हूती समूह ने इजराइली जहाजों पर हमले की चेतावनी दी थी। हूती विद्रोहियों के एक स्पोक्सपर्सन ने कहा था कि इजराइल की तरफ से चलने वाले सभी जहाजों को निशाना बनाया जाएगा।

### कौन हैं हूती विद्रोही?

### कौन हैं हूती विद्रोही

साल 2014 में यमन में गृह युद्ध शुरू हुआ। इसकी जड़ शिया-सुन्नी विवाद है। दोनों समुदायों में हमेशा से विवाद था जो 2011 में अरब क्रांति की शुरुआत से गृह युद्ध में बदल गया। 2014 में शिया विद्रोहियों ने सुन्नी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इस सरकार का नेतृत्व राष्ट्रपति अब्दरब्बू मंसूर हादी कर रहे थे। हादी ने अरब क्रांति के बाद लंबे समय से सत्ता पर काबिज पूर्व राष्ट्रपति अली अब्दुल्ला सालेह से फरवरी 2012 में सत्ता छीनी थी। हादी देश में बदलाव के बीच स्थिरता लाने के लिए जूझ रहे थे। उसी समय सेना दो फाड़ हो गई और अलगाववादी हूती दक्षिण में लामबंद हो गए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109